फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 334 प्रभात जयपुर, शनिवार 9 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Akbar & Salim's Sour Relationship** — Salim & Murad bonded over their love for drinks – hatred for Abul Fazl & Akbar's courtiers in chief at mughal court in general.

**Heart Attacks In Women**

**Special Children Present Theatrical Performances** — A grandeur of show by fighters at 'Rays'

# शिंज़ो आबे को गोली लगने की खबर से चीन के सोशल मीडिया में जश्न सा माहौल था

## यह तथ्य पर्याप्त प्रमाण है शिंजो आबे की सफलता का

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जुलाई। यह शी के नेतृत्व वाले चीन की कुत्सित अतिराष्ट्रवादी सोच का परिचायक है। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे पर हुये हमले की खबर पर चीन के इन्टरनेट सोशल मीडिया पर जश्न मनाए गए।

शिंज़ो आबे को गोली मार दी गई जिससे उनकी मौत हो गई। लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में उनके दो कार्यकालों ने जापान का इतिहास बदल दिया।

शिंज़ो आबे ने जापान के स्वयं को पीड़ा पहुँचाने वाले आत्म प्रतिबंधों की प्रथा को बदल दिया था। शिंजो आबे याकूसूनी मंदिर गये थे तथा वे जापान के उस शान्तिवादी संविधान को बदलने का माध्यम बने थे तथा इससे जापानी सेना को फिर से देश से बाहर जाने का जोखिम उठाने की अनुमति मिल गई थी।

शिंज़ो आबे ही पहले प्रधानमंत्री जो टोकियो के याकुसोनी मन्दिर गये थे, जहाँ द्वितीय विश्व युद्ध में लड़ने वाले सैनिकों के अवशेष रखे थे। तब तक, यह मन्दिर जापानी प्रधानमंन्त्रियों की पहुँच से बाहर था।

- **द्वितीय विश्व युद्ध हारने के बाद, विजेताओं ने जापान को भारी ''अपराध बोध'' (गिल्ट) से दबा दिया था। आबे ने 2006 में जापान को इस अपराध बोध से मुक्त कराया।**
- **शिंज़ो आबे जापान के पहले प्र.मंत्री बने, याकोसोनी टैम्पिल जाने वाले। याकोसोनी में द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गये जापानी सैनिकों की अस्थियां संग्रह करके रखी गयी थीं।**
- **इसके बाद, उन्होंने जापान की सेना को सुसज्जित करने का एतिहासिक निर्णय लिया। उन्होंने 2006 में, एशिया में ''आर्क ऑफ डैमोक्रैसी'' की परिकल्पना की थी, चीन के आक्रमक रवैये को भांपते हुए। इस ''आर्क ऑफ डैमोक्रैसी'' से क्वाड संगठन, जिसके ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान व भारत सदस्य हैं, का जन्म हुआ।**



ठीक यही स्थिति, जापान शान्तिपूर्ण संवैधानिक व्यवस्था की थी, जिसमें स्थाई सैन्य व्यवस्था पर रोक लगी हुई थी। धीरे-धीरे यह कानून हटाया गया, जापान के पास अपनी सेना होने लगी। लेकिन सेना की भूमिका देश के अन्दर तक ही सीमित थी तथा किन्हीं भी परिस्थितियों में वह देश से बाहर नही जा सकती थी।

यह सब द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान की भूमिका के अपराध बोध के अवशेष थे। यह राष्ट्रीय चेतना तथा युद्ध के अपराध-बोध का पश्चाताप था। लेकिन, चूँकि जापान की हार हो गई थी, इसलिये उस पर अपराध बोध हावी हो गया था।

अगर धुरी ताकतें जीत गई होतीं, तो कहानी कुछ और ही होती। अगर हम पीछे मुड़कर युद्ध के तुरन्त बाद के जापान की स्थिति पर नजर डालें, तो जापान के इन दोनों जख्मों पर आबे की प्रतीकात्मक मुद्राओं का महत्व हमारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## शिंज़ो फैक्ट फाइल

- जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे की शुक्रवार को, भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजे एक चुनावी सभा के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- एक पूर्व नौसैनिक ने होम मेड पिस्तौल से पीछे से आकर उन्हें गोली मारी।
- इलाज के दौरान छः घंटे बाद अस्पताल में ही उनकी मौत हो गई।
- शिंज़ो आबे 9 साल तक जापान के प्रधानमंत्री रहे, वे पहली बार 2007 में तथा 2012 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बने।
- अपने प्रधानमंत्रित्व काल में उन्होंने चार बार भारत की यात्रा की।
- शिंज़ो आबे के नाना भी जापान के प्रधानमंत्री थे तथा उनके दादा जापान के प्रसिद्ध राजनेता रहे थे।
- उनका इलाज कर रही मैडिकल टीम के एक डॉक्टर ने बताया कि, उनको लगी एक गोली सीधे उनके दिल तक पहुंच गई थी।
- उनको गोली मारने वाले, 42 साल के नौसैनिक ने गिरफ्तारी के बाद बताया कि वह शिंज़ो आबे की नीतियों से बेहद असंतुष्ट था।
- हमलावर शिंज़ो आबे की सभा में पत्रकार बनकर पहुंचा था।

# दिल्ली में, राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन की हवा आंधी से तूफान बनती जा रही है

## राजस्थान के प्रभारी अजय माकन ने कुछ समय पूर्व पुरजोर ढंग से कहा था, जुलाई माह में राज्यसभा चुनावों के बाद, हाई कमान निर्णय ले लेगा कि गहलोत को त्याग दिया जाये या आगे चलाया जाये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जुलाई। राजस्थान कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें दिल्ली में तेज हो रही हैं क्योंकि राजस्थान में पार्टी के लिए समय समाप्त होता जा रहा है। ज्ञातव्य है कि राजस्थान के ए.आई.सी.सी. प्रभारी महासचिव अजय माकन ने स्पष्ट कहा है कि राज्यसभा चुनाव समाप्त होने के बाद जुलाई में नेतृत्व परिवर्तन का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व यह फैसला करेगा कि क्या अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद पर बनाए रखा जाए या उन्हें अस्वीकार कर दिया जाए।

प्राप्त सभी सूचनाओं के अनुसार अशोक गहलोत बहुत चिड़चिड़े हो गए हैं। वह ऐसे बयान देते रहे हैं जो उनके कद, ओहदे या आयु के व्यक्ति को शोभा नहीं देता, लेकिन असुरक्षा की भावना व्यक्ति से अजीब काम करवा लेती है।

- **शासन के नजदीकी लोग भी अब कहने लगे हैं कि, गहलोत अब यह तपन व तनाव बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं तथा हल्की टिप्पणियां व बातें करने लगे हैं, जो उनकी बुजुर्गियत व वरिष्ठता को शोभा नहीं देता।**
- **नवीनतम रणनीति है, लगभग अस्सी विधायकों का जत्था, शांति धारीवाल के नेतृत्व में दिल्ली भेजा जाये और दबाव बनाया जाये कि, अगर गहलोत को हटाने का निर्णय हो ही गया है तो, उनके प्रबल समर्थक महेश जोशी को मु.मंत्री पद संभलाया जाये।**
- **गहलोत किसी तरह, यह स्वीकार करने को तैयार नहीं कि, सचिन पायलट मु.मंत्री बनें। पर अब देखना यह है कि, हाई कमान कब तक उनकी जिद स्वीकार करेगा।**

उच्च पदस्थ सूत्र बताते हैं कि अशोक गहलोत चुपचाप से अपना पद नहीं छोड़ देंगे। उन्होंने मुकाबला करने का निर्णय लिया है और स्वयं को बाहर किए जाने की सूरत में वह यह सुनिश्चित करने का प्रत्येक जतन करेंगे कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री ना बनाया जाए।

स्वयं को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने की स्थिति में अपने सुझाव पहले ही देना शुरु कर दिए हैं कि पायलट के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। इसमें अन्य के अलावा एक नाम महेश जोशी का आगे बढ़ाया गया है। योजना कांग्रेस के करीब 8 विधायकों को एकत्रित कर शांति धारीवाल के नेतृत्व में उन्हें दिल्ली भेजकर यह दबाव बनाने की है कि अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बने रहने दिया जाए।

मजेदार बात ये है कि गहलोत ऐसा मानते हैं कि एक बार उन्हें हटाने का निर्णय लिए जाने के बाद भी 80 विधायक उनकी प्रशंसा के गीत गाएंगे।

गहलोत यदि सचिन पायलट की पदोन्नति रूकवाने में सक्षम नहीं होते हैं तो प्लान बी पर काम किया जाएगा। इसमें सदन के फ्लोर टैस्ट में पायलट को उन भाजपा विधायकों की मदद से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बीजिंग में वैक्सिनेशन अनिवार्य

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जुलाई। चीन की राजधानी बीजिंग में लोगों के लिए वैक्सीन लगवाना अनिवार्य हो गया है खासकर लायब्रेरी, म्यूज़ियम या अन्य सार्वजनिक स्थलों में प्रवेश के लिए। करोना वायरस पर नियंत्रण की लम्बे समय से चली आ रही नीति में सरकार ने फेरबदल किया है।

- **करोना वायरस पर नियंत्रण के लिए चीन की नीति लॉक डाउन की ही रही है पर अब वैक्सिनेशन को अनिवार्य करने का फैसला लिया गया है।**

अन्य देशों ने कई महीनों पहले ही इस तरह के प्रतिबंध लगा दिए, अब चीन ने भी ऐसे प्रतिबंध घोषित किए हैं जो दर्शाता है कि चीन आबादी के बड़े भाग का वैक्सिनेशन करने की दिशा में अग्रसर है। विशेषज्ञों का मत है कि अगर ये प्रयास सफल हुए तो चीन विश्व के लिए दरवाजे खोल देगा और इससे सुस्त पड़ रही अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। चीन में विकसित वैक्सीन की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'महाराष्ट्र में पुनः नये सिरे से विधानसभा चुनाव करवायें'

## उद्धव ठाकरे ने शिंदे को चुनौती देते हुए कहा, आजमा कर देख लें अगर हमने गल्ती की है, जनता हमें घर भेज देगी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जुलाई। एकनाथ शिंदे द्वारा बगावत करके पार्टी के विधायक दल पर व कब्जा किये जाने के बाद, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आज अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में राज्य में नये चुनाव कराये जाने की माँग की तथा कहा कि शिवसेना के चुनाव चिन्ह को " कोई नहीं छीन सकता।"

भाजपा तथा मुख्यमंत्री शिन्दे के नेतृत्व वाले शिवसेना के विद्रोही गुट को चुनौती देते हुये, ठाकरे ने कहा, "मैं उन्हें चुनौती देता हूँ कि वे आज विधानसभा चुनाव करायें।" अगर हमने कुछ गलत किया है तो लोग हमें घर भेज देंगे और अगर आपको यही करना था तो आपको यह ढाई साल पहले करना चाहिये था तथा वह सम्मानपूर्ण रहा होता। (उस स्थिति में) यह सब होने की कोई जरूरत ही होती।"

ठाकरे ने कहा, " शिवसेना से उसका "तीर-कमान" चुनाव चिन्ह कोई नहीं" छीन सकता। वैसे भी, जनता केवल चुनाव चिन्ह को ही नहीं देखते, वे उस व्यक्ति को देखते हैं जिसने चुनाव चिन्ह लिया।"

- **ठाकरे ने शिंदे को निशाना बनाते हुए कहा, ढाई साल से भाजपा मुझे व मेरे परिवार को गाली दे रही थी, तब आप चुप रहे और भाजपा के सम्पर्क में रहे और पार्टी से गद्दारी की।**
- **ठाकरे ने यह भी कहा, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट हमारी याचिका पर सुनवायी करेगा तथा शिव सेना के ही नहीं, देश में प्रजातंत्र के भविष्य पर निर्णय लेगा।**

उन्होंने शिवसेना के विद्रोही गुट पर प्रहार करते हुये कहा कि वे उस समय चुप बैठे थे, जब पिछले ढ़ाई वर्षो के दौरान भाजपा उन्हें और उनके परिवार को निशाना बना रही थी तथा " भला-बुरा कह रही थी" उन्होंने शिन्दे का नाम लिये बिना कहा, " आप उनके सम्पर्क में बने रहिये तथा अपनी स्वयं की पार्टी के साथ इसी प्रकार विश्वासघात करते रहिये।"

उन्होंने विद्रोहियों के बारे में कहा, कुछ लोगों का कहना है कि अगर उन्हें मातोश्री बुलाया जायेगा तो वे जरूर आएंगे। उनका कहना है कि उनके मन मेरे लिए सम्मान है। मैं आभारी हूँ। लेकिन अगर आप आते तथा मुझसे बात करते तो आपको इस यात्रा की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन अब आप उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने मेरे परिवार को गालियाँ दी हैं। उन्होंने हमारी प्रतिष्ठा पर हमला किया है। इसलिये यह निर्णय आप भी करें कि क्या आपका स्नेह एवं सम्मान वास्तविक है।"

ठाकरे ने आगे कहा, "मुझे उन 15-16 विधायकों पर गर्व है जो तमाम धमकियों के बावजूद मेरे साथ हैं। यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'भाजपा का आंतकियों से संबंध'

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जुलाई। कांग्रेस शनिवार को देश के 22 शहरों और कस्बों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने जा रही है जिनमें सत्तारूढ़ भाजपा के आतंकवादियों से संबंध का पर्दाफाश किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस की थीम है "ये रिश्ता क्या कहलाता है।" पार्टी के पूर्व सांसद तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय कुमार मुम्बई में, महासचिव शक्तिसिंह गोहिल

- **भाजपा और आतंकवादियों की सांठगांठ का पर्दाफाश करने के लिए कांग्रेस 22 शहरों में प्रैस कॉन्फ्रेंस करने जा रही है, जिसकी थीम है ''ये रिश्ता क्या कहलाता है?''**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'खादी व पॉलियस्टर में क्या फर्क है'

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर व्यंग्य किया कि, खादी से बना तिरंगा, स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक था, पर भाजपा खादी का महत्व क्या समझे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जुलाई। पॉलिएस्टर के राष्ट्रीय झंडों के आयात और निर्माण की अनुमति देने के लिए राष्ट्रीय झंडे की आचार संहिता में संशोधन करने के मोदी सरकार के निर्णय ने खादी को सिंथैटिक फायबर के समकक्ष ला दिया है। कांग्रेस ने आज इस निर्णय की आलोचना करते हुए उक्त संशोधन को वापस लेने की मांग की है।

यह उल्लेख करते हुए कि यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब देश स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, कांग्रेस प्रवक्ता अजॉय कुमार ने कहा कि यह इस बात का एक अन्य पुष्ट प्रमाण है कि हमारी अति राष्ट्रवादी सत्तारूढ़ पार्टी को हमारे स्वतंत्रता संघर्ष की कोई समझ नहीं है।

यह बताते हुए कि कांग्रेस इस संशोधन को रद्द करने की कर्नाटक खादी ग्रामोद्योग संयुक्त संघ की मांग से सहमत है, डॉ. कुमार ने कहा कि पार्टी 30 जुलाई 2022 को एक ध्वज सत्याग्रह आयोजित करने के उसके निर्णय का समर्थन करती है।

प्रवक्ता ने कहा कि तिरंगा देश की स्वाधीनता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि झण्डे की खादी यह इंगित करती है कि भारत के लोगों ने एक मामूली चरखे का उपयोग कर जिस प्रकार से शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को शिकस्त दी। खादी स्वालम्बन, आध्यात्मिक विनम्रता, राष्ट्रीय अखण्डता, सामाजिक एकता, साम्प्रदायिकता सद्भाव और अहिंसा की प्रतीक है।

- **कांग्रेस के अनुसार, खादी स्वतंत्रता आंदोलन में स्वावलम्बन का प्रतीक थी। इंगलैण्ड के मैनचैस्टर शहर में निर्मित कपड़े का स्वाभिमानी स्वावलम्बी जवाब।**
- **कांग्रेस को यह बात कतई गले नहीं उतर रही कि, खादी निर्मित तिरंगे झण्डे का स्थान अब पॉलियस्टर निर्मित तिरंगा झण्डा लेगा।**

एक सीधा प्रहार करते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि इन मूल्यों से भाजपा और उसके पूर्ववती अनजा हैं, अनजान है जिन्होंने स्वतंत्रता संघर्ष, राष्ट्रीय ध्वज की डिजाइन या खादी को लोकप्रिय बनाने में कोई भूमिका नहीं निभाई थी और यह पार्टी एक सोचे-समझे तरीके से स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीकों को त्याग रही है।

कांग्रेस नेता ने स्मरण कराया कि भाजपा हिन्दू महासभा से प्रेरित है, जिसने राष्ट्रवादी शक्तियों- यथा कांग्रेस का विनाश करने के लिए सिंध, बंगाल और नॉर्थ वैस्ट फ्रंटियर प्रांत में मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन किए थे।

प्रवक्ता ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपने नागपुर मुख्यालय पर आधी शताब्दी तक तिरंगा फहराने से इंकार किया था। उन्होंने ध्यान दिलाया कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना तो दूर भाजपा ने आर.एस.एस. परिसर में 26 जनवरी 2001 को तिरंगा फहराने का प्रयास कर रहे तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करवा दिया था (केस नम्बर 176, नागपुर)।

एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं को भारतीय खादी उद्योग के संरक्षक के रूप में पेश करते है और उन्होंने पिछले वर्ष अपने "मन की बात" संबोधन में भारतीयों से खादी उत्पाद खरीदने का अनुरोध किया था और दूसरी तरफ, उन्होंने आयातित मशीन निर्मित एवं पॉलिएस्टर झण्डों की अनुमति देकर खादी की आत्मा और महात्मा गांधी की विरासत पर प्रहार किया है।

उन्होंने कहा कि लाखों कर्मियों को नौकरियों से हाथ धोना सुनिश्चित करते हुए उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान का मजाक बनाकर उसे "हर घर में चीन का बना हुआ तिरंगा" बना दिया है। खादी के स्व-घोषित स्वयं भू खादी की मौत का कारण बनेंगे और स्वयं को एक पॉलिएस्टर मोनोपॉलिस्ट साबित करेंगे।

प्रधानमंत्री अन्य भारतीयों को "वोकल फोर लोकल" का लैक्चर देते हैं, लेकिन उनके खुद के निर्णय "शंघाई की महंगाई" से अधिक मेल खाते हैं- चाहे वह स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के लिए कांसा आयात करना हो या वर्ष 2021-22 में चीन से आयातों का 45 प्रतिशत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मोहन प्रकाश

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जुलाई। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोहन प्रकाश को महाराष्ट्र जाकर वहां के राजनैतिक घटनाक्रम की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। ज्ञातव्य है कि हाल ही में विधानसभा में हुए विश्वासरत में काँग्रेस के कुछ विधायक अनुपस्थित थे।

- **सोनिया गांधी ने वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश से महाराष्ट्र के राजनैतिक घटनाक्रम की जांच कर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा है।**

पार्टी महासचिव (संगठन) के.सो.वेपु गोपाल ने बताया कि मोहन प्रकाश से जल्द से जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया हैं।

## विचार बिन्दु

**जो दूसरों पर उपकार जताने का इच्छुक है वह द्वार खटखटाता है। जिसके हृदय में प्रेम है उसके लिए द्वार खुले हैं। –टैगोर**

# एक बार इस्तेमाल प्लास्टिक पर प्रतिबंध: कैसे सफल हो?

एक बार इस्तेमाल प्लास्टिक (यथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक) का पुन: इस्तेमाल करने पर 21 आइटम्स पर 1 जुलाई, 2022 से केन्द्र सरकार द्वारा पूर्णतया प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत बने वेस्ट (मैनेजमेन्ट एन्ड हैन्डलिंग) नियम 2016 के अन्तर्गत 12 अगस्त 2021 को प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा यह प्रतिबन्ध लगाया गया। खेद का विषय है कि इस विज्ञप्ति की जानकारी या चर्चा टी.वी. चैनल्स या समाचार पत्रों में जून के अन्त तक नहीं की गई।

राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के निर्देशों के अनुसरण में 20 जून 2022 को एक आदेश प्रसारित करके एकल उपयोग वाली 21 आइटम्स पर 1 जुलाई 2022 से बैन लगाया है, जिसमें कान के लिए प्लास्टिक इयर बड्स, बैलून्स स्टिक, कप गिलास, कटलरी कांटे चम्मच, चाकू, स्ट्रा ट्रे, पैकिंग स्वीट बॉक्स, निमन्त्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट, बैनर्स एवं बैग्स (100 मॉइक्रोन से कम) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय समस्त कार्यालयों में हर प्रकार के प्लास्टिक बैग्स सहित सभी उपरोक्त आइटम्स को लाना-प्रयोग करना निषिद्ध कर दिया गया है। साथ ही विकल्प के रूप में बायोडिग्रेडेबल यथा मिट्टी में स्वत: नष्ट होने वाले उत्पादों के इस्तेमाल पर बल दिया गया है।

नागरिक जागरुकता एवं जनस्मृति को पुन: याद दिलाने हेतु लेखक का 13 जनवरी 2022 को राष्ट्रदूत में 'भारत सरकार की प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन योजना की कमियाँ एवं कमजोरियाँ' शीर्षक का आलेख प्रकाशित हुआ था। इसमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर 1 जुलाई 22 से पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाने का जिक्र प्रथम पैरा में किया गया था। चर्चा एवं प्रचार-प्रसार के अभाव के चलते अब आनन फानन में राज्य सरकार ने एक राज्य स्तरीय टास्क फोर्स मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कर दिया है जिसकी बैठक में मुख्य सचिव ने सम्बन्धित विभागों एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मध्य समन्वय एवं सहयोग पर बल दिया और जन-जागरुकता हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिये।

नागरिक जागरुकता अभियान की जगह जयपुर ग्रेटर निगम ने विभिन्न बाजारों एवं मंडियों में सैंकड़ों की संख्या में स्टाक रखने एवं अन्य पाये गये उल्लंघनों के चालान काट दिये जैसा कि दैनिक भास्कर की एक रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया (2 जून 22)।

भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के प्रतिबन्ध में प्लास्टिक की मिनरल या अन्य पानी पीने की बोतलें शामिल नहीं हैं यद्यपि जनमानस में इनके द्वारा प्रदूषण फैलाने की पूर्ण सम्भावना पाई जाती है। 120 माइक्रोन्स से कम वाले कैरी बैग्स सहित समस्त 21 उत्पादों—आइटम्स के उत्पादन, स्टाक रखने और वितरण करने वालों को, पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिबन्ध के उल्लंघन के लिए पाँच वर्ष की सज़ा एवं एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है और दुबारा उल्लंघन करने पर 5000 प्रतिदिन की पेनल्टी लगाई जा सकेगी। उल्लंघन के लिए कम्पनियों, संगठनों एवं राजकीय विभागों के लिए अलग पेनल्टी का प्रावधान है।

इस संदर्भ में ऑल इन्डिया प्लास्टिक मैन्यूफैक्चरर्स एसोशियन ने अतिशीघ्रता से लगाये प्रतिबन्ध के कारण 88,000 इकाइयों में कार्यरत लगभग 10 लाख कर्मचारियों को रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न होना व्यक्त किया है। प्रमुख उत्पादकों ने यह भी स्पष्ट किया है कि 25000 करोड़ के निर्यात का कार्य प्लास्टिक उद्योग द्वारा किया जाता है जिस पर विपरीत असर पड़ेगा। दूसरी ओर, विकल्प में उपलब्ध या सम्भावित बायोडिग्रेडबल उत्पादों से एफ.एम.सी.जी. (फास्ट मूविंग कन्ज्यूमर गुड्स) की लागत और कीमत में अवांछनीय वृद्धि होगी। ऐसे बायोडिग्रेडबल या अन्य विकल्प के उत्पादों की उत्पादन क्षमता बहुत सीमित है– इस संदर्भ में प्लास्टिक उत्पादकों ने 6 माह की अवधि के लिए प्रतिबन्ध को स्थगित करने की माँग की है और क्षतिपूर्ति की माँग भी की है।

**120 माइक्रोन्स से कम वाले कैरी बैग्स सहित समस्त 21 उत्पादों–आइटम्स के उत्पादन, स्टाक रखने और वितरण करने वालों को, पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिबन्ध के उल्लंघन के लिए पाँच वर्ष की सज़ा एवं एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है और दुबारा उल्लंघन करने पर 5000 प्रतिदिन की पेनल्टी लगाई जा सकेगी।**

सरकार फिलहाल प्रतिबन्ध वापस नहीं लेने पर अडिग है। केन्द्रीय मंत्री, पर्यावरण ने स्पष्ट किया है कि प्लास्टिक उद्योग से जुड़े विभिन्न हितधारकों से लगातार वर्ष 2018 से परामर्श किया जा रहा है एवं प्रतिबन्ध लागू होने से एक वर्ष पूर्व का समय अगस्त 2021 से उपलब्ध था जिसमें सभी उद्योग से जुड़े हितधारक एडवान्स योजना बना कर प्रतिबन्ध 1 जुलाई 2022 से लागू होने से पहले तैयारी पूरी कर सकते थे।

प्लास्टिक के वर्तमान प्रतिबन्ध से पूर्व 50 माइक्रोन्स से कम प्लास्टिक के कैरी बैग्स पर प्रतिबन्ध लगा हुआ था, साथ ही गुटखा तम्बाकू आदि के सैशे (पैकिंग पदार्थ) निषिद्ध कर दिये गये थे।

भारत सरकार प्रतिबन्ध पर इसलिए भी कटिबद्ध है क्योंकि 2019 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के चौथे पर्यावरण सम्मेलन में उन्होंने ही प्लास्टिक पर 2022 से प्रतिबन्ध लगाने का प्रस्ताव पारित कराया था और स्वयं लागू करने का आश्वासन दिया था।

प्लास्टिक से, वर्तमान में एक ऑकलन के अनुसार, प्रति वर्ष भारत में 3 किलो प्रति व्यक्ति कचरा एकत्र होता है और 2050 तक इसके छ गुना होने की सम्भावना है। प्रति वर्ष विश्व में 300 मिलियन टन कचरा इकट्ठा होने का ऑकलन किया गया है। विज्ञान ने सिद्ध कर दिया है कि प्लास्टिक 400 वर्षों तक नष्ट नहीं होता है। इससे जमीन में, नदियों में पानी भी प्रदूषित होता है और वहाँ से यह समुद्र में जा पहुँचता है।

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि विश्व को प्लास्टिक उपयोग का शीघ्र से शीघ्र विकल्प विकसित कर बड़े पैमाने पर उत्पादित कर अपनाने होंगे। भारत में नये विकल्प तेजी से खोजे जा रहे हैं किन्तु उनके बड़े पैमाने में उत्पादन में समय लगेगा। मिट्टी प्रचुरता में उपलब्ध है और मिट्टी के उपयोगी आइटम्स बनने लगे हैं इसी प्रकार ज्वार के प्याले, चम्मच, प्लेट खाद्य पदार्थ में परिवर्तित होकर खाये जा सकते हैं। बांस की कटलरी का उपयोग शुरू हो चुका है किन्तु जंगलों में इसके उपलब्ध होने और उपयोगी सामान बनाने में कई अड़चनें उत्पन्न होंगी। जाहिर है इन्हें दूर करना होगा।

प्लास्टिक कचरे का उपयोग कुछ सीमा तक सड़क बनाने में होने लगा है। दूसरी ओर प्लास्टिक मिला कर निर्माण की इटों का उत्पाद भी शुरू हो गया है।

डी.डी.न्यूज ज़ज्बा इन्डिया की एक खबर है कि पोर्ट ब्लेयर (अन्डमान्स निकोबार द्वीप समूह की राजधानी) में डिप्टी मेयर ने वेस्ट टू वन्डर पार्क बना कर प्लास्टिक कचरे से मूर्तियाँ एवं अनेक संरचना को आकार दिया है। दूसरी ओर, तमिलनाडु विरुद नगर में लोगों को प्रोत्साहित करके एकत्र कचरे का एक कचरा बैंक बना कर प्लास्टिक कचरे का वर्गीकरण कर छँटाई करके रिसाइकिल द्वारा नये उत्पाद तैयार किये हैं। कचरा बैंक और रिसाइकिलिंग कार्य में 600 परिवारों को रोजगार मिला है।

प्रश्न यह है कि आम नागरिक क्या कर सकता है? सर्वप्रथम, प्लास्टिक उपयोग काल से पूर्व उपयोग वाले आम नागरिक द्वारा घर पर या दर्जी के सिले थैलों का उपयोग शुरू करना होगा एवं जरूरत के हिसाब से एक नहीं अनेक थैलों का प्रयोग करके अलग-अलग सामान खरीदना चाहिये। आस-पड़ोस एवं रिश्तेदारों को भी प्रोत्साहित करना होगा। घर में पड़े कचरे को कचरा गाड़ी को सुपुर्द करना होगा।


दूसरे, स्वैच्छिक एवं अन्य संगठनों के माध्यम से मिट्टी, बांस एवं विकल्प के अन्य उत्पादों को बनाने और मार्केटिंग के लिये सभी हितकारकों को पहल करनी होगी। उत्पाद के पेटेन्ट एवं सामग्री की उपलब्धता को स्थानीय टी.वी. चैनल्स एवं अखबारों पर प्रसारित करना होगा।

स्थानीय निकाय म्युनिसिपल बोर्ड निगम आदि केवल चालान न काटें वरन जागरुकता अभियान चलायें एवं सामुदायिक केन्द्रों एवं रिहाइशी कॉलोनियों के रहवासियों के संगठनों का इस हेतु सहयोग प्राप्त करना चाहिये।

राज्य सरकार को केन्द्र सरकार के भरोसे न रह कर विकल्प के उत्पादों को बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए प्रोत्साहित योजना तैयार करनी होगी। एकल उपयोग प्लास्टिक पर बैन एक राष्ट्रीय आवश्यकता है, इसे सफल बनाना ही होगा। देखें आप क्या कर सकते हैं और करेंगे?

**–अतिथि सम्पादक,**
**आई.सी.श्रीवास्तव,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**
**( पूर्व अध्यक्ष, ट्रांसपेरेन्सी, इण्टरनेशनल इन्डिया )**

# अब और नहीं



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

स्त्री रोग विभाग का आउटडोर। बाहर एक मेज पर हाउस सर्जन बैठी हैं, अंदर चैम्बर में चीफ सर्जन। एक महिला आती है – बॉब कट बाल, टॉप और जींस पहने, ठसके से चलते हुए। हाउस सर्जन की मेज पर फाइल रख बिना किसी भूमिका के कहती है – अबोर्सन करवाना है। हाउस सर्जन फाइल देख पूछती है – आपने पति का नाम नहीं लिखा? अबोर्सन मुझे करवाना है, पति को नहीं – पलट कर जवाब। हाउस सर्जन पीरियडस के बारे में पूछ कर लिखती है, फिर – अबोर्सन क्यों करवाना चाहती हैं? का जवाब – बच्चा नहीं चाहती इसलिए और क्यों। नहीं चाहती तो गर्भ धारण ही क्यों किया था? कौनसा चाह कर किया था, यह तो हो गया। फिर थोड़ा झुंझलाते हुए बोली– आप मुझे चीफ सर्जन के पास ले चलेंगी, मैं उन्हीं के लिए आई हूं।

महिला, चीफ को बताती है कि वह एक काल सेंटर में एक्जीक्यूटिव है, विवाह नहीं किया है, अपनी पसंद के लड़के के साथ रह रही हैं। चूक से गर्भ ठहर गया है, अबोर्सन करवाना है। फाइल देख चीफ पूछती हैं – चूक हो गई तो अभी तक क्या कर रही थी? बीस सप्ताह हो गए। जी, काम ही ऐसा है, समय ही नहीं मिला। अभी भी दिक्कत है, अगर शनिवार को अबोर्सन कर दें तो सोमवार को आफिस चली जाय। उसे मालूम है 20 सप्ताह तक गर्भपात महिला का अधिकार है। वह पहले भी करवा चुकी है, सब जानती है।

चीफ उसे कानून विशेषज्ञ के पास भेज देती हैं। वे देख कर कहते हैं कि निरोध की असफलता से ठहरा गर्भ गिराना केवल विवाहित महिला में ही मान्य है। वह बहस करती है तो कानून पढ़ा देते हैं। वह जाती है, पति का नाम लिख दूसरी फाइल बनवाती है और कानून विशेषज्ञ को आ कर बताती है कि चीफ सर्जन मान गई हैं।

अस्पताल ने नई सोनोग्राफी मशीन ली है जिससे थ्री डाइमेंशनल वीडियोग्राफी हो सकती है। महिला उसकी लिखित में अनुमति देती है। अबोर्सन होता है, उसकी वीडियो ग्राफी होती है। ऑपरेशन के बाद चीफ सर्जन और सभी उसे देखने बैठते हैं। स्क्रीन पर नन्हें गर्भस्थ शिशु का चित्र उभरता है। हरकत करते नन्हें हाथ पांव, बंद पलकें, होंठ, नाकनक्स। नीचे से औजार आता है, बच्चा बचने की कोशिश करता है और उसके बाद आता जाता औजार और छटपटाहट। चीफ कॉफी का प्याला रख वीडियो बंद करने को कहती है। कहती है उसने सैंकड़ों अबोर्सन किये हैं, लेकिन इसमें क्या होता है वह देखा पहली बार है। जी खराब हो गया। वह तो अब गर्भपात कर ही नहीं पायेंगी। कुछ सोच कर कहती हैं यह वीडियो उस महिला को भी दिखाना, कह रही थी यह उसका पहला अबोर्सन नहीं है, वह सब जानती है।

## जो मैं पहले जानती

हाउस सर्जन ने पूछा कि कल जिसका एम टी पी किया था वह ठीक है क्या उसको डिस्चार्ज कर दें तो चीफ मैडम ने कहा, कर दो लेकिन जाने से पहले उसे उसकी वीडियो दिखा देना। लैपटॉप और सी डी ले जाना, कहना, जाने से पहले देख ले।

हाउस सर्जन नर्स के साथ उसके कमरे में गई। वह खूब खुश थी, कह रही थी वह बिलकुल फिट है, बिदांस, नहा कर नाश्ता कर चुकी है और अगर छूट्टी कर दें तो वह सीधी अपने आफिस चली जाय। उसने बड़ी खुशी से लैपटॉप और अपनी एम टी पी की सीडी ली और देखने लगी। हाउस सर्जन उसका डिस्चार्ज टिकट बनाने चली गई।

लैपटॉप के रंगीन स्क्रीन पर नन्हें गर्भस्थ शिशु का चित्र उभरा। कई एंगल से उसे दिखाया गया। पलकें ढकी बन्द आंखें, हिलते-डुलते हाथ पांव, जैसे शिशु अंगड़ाई ले रहा हो। महिला 'मेरा बच्चा' के भाव से अभिभूत हो गई। उसे याद आया जब उसने अपने पेट में पहली बार उसकी हलचल महसूस की थी। उसकी इच्छा हो रही थी उंगली से उसके प्यारे होंठो का छुए। तभी नीचे से औजार आता दिखा। वह चौंक कर आगे झुक गई। देखती रही कैसे औजार के छूते ही बच्चा अपने हाथ-पांव हटा लेता था, कैसे एक बार तो उसने उसे अपनी मुट्ठी में ही पकड़ लिया। और फिर जो दिखा उसको देख उसकी आंखें फटी रह गई, मुंह सूख गया, स्क्रीन पर आते-जाते औजार और छटपटाहट के बाद शांत होते-होते उसने जोर से सिस्टर को पुकारा और एमरजेंसी बैल का बटन दबा दिया।

सिस्टर और हाउस सर्जन भाग कर आई तो कहने लगी यह क्या है? यह क्या किया? यह तो सरासर मर्डर है। हाउस सर्जन ने कहा वे जो चाहती थीं वही तो किया गया, दूसरी तिमाही के गर्भपात में तो यही होता है। आप तो सब जानती थीं। चीफ सर्जन आईं तो वह उनका हाथ थामे रोने लगी। कह रही थी वह तो मूर्ख थी, अज्ञानता का अहंकार था, पर वे तो जीवन दाता थी, फिर उन्होने... काश वह पहले जानती। अपने बच्चे की हत्या का अपराध बोध उसे जीवन भर सालता रहेगा। वह कैसे जीयेगी इस अपराध बोध के साथ। सर्जन क्या कहती, सलाह दी कि वह किसी अनचाही छोड़ी गई बच्ची को गोद ले ले और उसका पालन करे।

(हाल ही में गर्भपात कानून में संशोधन किये गये हैं। समय सीमा बढा दी है। शिशु और अधिक विकसित होता है)

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

**कल इस लेख में तकनीकी खराबी से 'जो मैं पहले जानती' भाग रह गया था। अत: आज पूरा लेख पुन: प्रकाशित किया जा रहा है। ताकि पाठकों को इसकी महत्ता पूर्णत: समझ आये।**

## मुस्लिम सेवा संस्थान ने दो बहनों की शादी कर किया विदा

**चूरू, (कासं)।** ऑल युवा मुस्लिम समाज सेवा संस्थान ने ग्राम घाघूं में शुक्रवार को एक अनूठी मिशाल पेश करते हुये दो सगी बहिनों को डोली में बैठाकर विदा किया। गौरतलब है कि निकटवर्ती ग्राम घांघू की प्रियंका व सपना के पिता प्रहलाद कुमार व माता बिन्दू कुमारी का कुछ वर्ष पहले किसी दुर्घटना में निधन हो गया था। दोनों बहनों के परिवार वालों की हालत नाजुक थी। समाज के लोगों ने ऑल युवा मुस्लिम समाज सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घाघूं को इस बात से अवगत करवाया। जिस पर संजय खान ने अपने सभी पदाधिकारियों से वार्ता कर त्वरित निर्णय लेते हुये इन जरूरतमन्द बेटियों की शादी करने की जिम्मेदारी ली।

उन्होंने बेटियों के परिजनों से कहा कि शादी का सम्पूर्ण सामान व परिवार एवं आगुन्तकों के भोजन, पानी और टेण्ट व स्वागत आदि सम्पूर्ण व्यवस्था संस्थान करेगी। इस पर संस्थान के पदाधिकारियों ने बड़े ही धूमधाम से बेटियों को विदा किया। संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान ने अपने सभी भामाशाहों को इस जरूरत मन्द परिवार की मदद कर इस नेक कार्य में हिस्सा लेने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पर्यटन नगरी मंडावा के जल्द आएंगे अच्छे दिन



राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता ने कस्बे के पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं ही नहीं, बल्कि शेखावाटी और राजस्थान में पर्यटन नगरी के रूप में पहचान बनाने वाले मंडावा कस्बे के अब जल्द ही अच्छे दिन आने वाले हैं। जिसको लेकर राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता शेरसिंह शेखावत मंडावा दौरे पर रहे।

शेखावत ने आर्किटेक्चर टीम के साथ कस्बे के मुख्य पर्यटन स्थल स्नेहराम लडिया हवेली, अलखियान जोहड़, सौंथलिया दरवाजा सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। जहां पर पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर विकास कार्य होने हैं। सहायक अभियंता शेखावत ने ऐसे स्थानों का मौका मुआयना कर चिन्हित स्थानों नाप आदि लेकर नक्शा रिपोर्ट तैयार की तथा किस तरह से कैसे कहां पर कौन से काम होना हैं के विस्तार से जानकारी ली। पर्यटन शहर मंडावा में सौंदर्यकरण एवं सैलानियों की सुविधाओं को लेकर हेरिटेज वॉक वे में बिजली लाइनों का भूमिगत करना, सैलानियों के लिए गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य, हेरिटेज वॉक वे में एक उद्यान रूपी विश्राम स्थल, वाटर कूलर, हेरिटेज वाक वे में हेरिटेज स्ट्रीट लाइट्स, पार्किंग स्थल एवं जन सुविधाओं का जीर्णोद्धार कार्य, उचित स्थानों पर साइन बोर्ड्स की स्थापना, मुकुंदगढ़ रोड पर स्थित अलखियानों जोहड़ का विकास कार्य, हेरिटेज वाक वे के मार्ग की मरम्मत करने का कार्य, फतेहपुर रोड पर स्थित सार्वजनिक कुंड का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य, लडिया कुए का जीर्णोधार कार्य, सौंथलिया गेट का जीर्णोद्धार कार्य, टीबडेवाला श्री बालाजी धाम मे विभिन्न पर्यटन विकास कार्य लगभग 3 करोड़ रुपए के बजट से कराए जाऐंगे।

- **मंडावा के ऐतिहासिक स्थलों का विकास होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा**

## न्यायालय ने महिला का चरित्र संदेह जनक मानते हुए भरण पोषण दिलवाने से किया इंकार

**सादुलपुर, (निसं)।** स्थानीय ग्राम न्यायालय नें एक महिला द्वारा अपने पति पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर भरण पोषण की मांग करने पर महिला की याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही ग्राम न्यायालय ने उसे भरण पोषण दिलवाने से भी इनकार कर दिया है। प्रकरण अनुसार राजगढ तहसील के गाँव थिरपाली बडी निवासी एक महिला द्वारा चिडावा निवासी अपने पति नरेश कुमार के खिलाफ घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए महिला संरक्षण अधिनियम के तहत स्थानीय न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की थी।

याचिका के अनुसार महिला का वर्ष 2007 में चिडावा निवासी नरेश कुमार से विवाह संपन्न हुआ था। महिला का आरोप है कि विवाह के बाद उसके पति द्वारा दहेज के लिए उसे तंग परेशान किया जाता रहा है तथा महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज में मोटर साइकिल तथा 51 हजार रुपए की माँग को लेकर उसे प्रताडित कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया था। उसी मामले में महिला द्वारा न्यायालय राजगढ में वाद प्रस्तुत करते हुए भरण पोषण की राशि दिलवाए जाने की माँग की गई। जिस प्रकरण में महिला के पति द्वारा न्यायालय के समक्ष जवाब प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि वह खुद पीड़ित है। नरेश कुमार ने न्यायालय के समक्ष प्रमाण प्रस्तुत किए गये, जिसमें बताया कि उसकी पत्नी का चरित्र सही नहीं है।

# खैरवाड़ा-सागवाड़ा मार्ग पर बन रहा पुल एक साल में ही क्षतिग्रस्त



खेरवाडा-डूंगरपुर मार्ग पर बारो का शेर के निकट क्षतिग्रस्त निर्माणाधीन पुल की दीवारें।

- **डेढ सौ करोड़ की लागत से हो रहा सड़क व पुल निर्माण का कार्य**
- **पुल निर्माण में हो रहा घटिया सामग्री का प्रयोग**
- **केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी समय - समय पर कर रहे कार्यों का निरीक्षण**

**डूंगरपुर,(निसं)।** केन्द्रीय प्राधीकरण के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा खेरवाडा से सागवाड़ा तक डेढ सौ करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का कार्य पिछले लगभग एक साल से प्रारंभ हुआ है जिसके तहत अभी तक इस पूरे मार्ग में आने वाले नये व पुराने पुलों का नवीनीकरण तथा सड़क की चौडाई के कार्य अभी तक भी पूरे नहीं हुए हैं और खेरवाडा से डूंगरपुर के बीच चल रहे सडक के कार्य में पुल अभी से क्षतिग्रस्त होने लग गये हैं। हालात विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व निर्माण कार्य में लगी एजेन्सी के मनमानी की ओर इशारा कर रहे हैं।

इस पूरी सड़क के निर्माण के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन द्वारा डेढ सौ करोड की लागत से बनाने का कार्यादेश व वित्तीय स्वीकृति जनवरी 2022 में जारी की गई है। इसके तहत कार्यकारी एजेन्सी द्वारा पहले चरण में बीते सात माहो में केवल पुलियाओं के निर्माण भी पूरी तरह नहीं कर पाई है और अभी से पूल क्षतिग्रस्त होने लग गये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेरवाडा से डूंगरपुर के बीच बारो का शेर के पास बने पुल के दीवार में अभी से दरारें पड़ गई हैं। जब कि वर्तमान मे सारे आवागमन के वाहन बाईपास रोड से जा रहे हैं। ऐसे में यदि बनने के साथ ही पुल क्षतिग्रस्त हो रहे है तो निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री घटिया प्रयोग में लाई जा रही है जब कि इस कार्य के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी समय समय पर इन कार्यो का निरीक्षण भी कर रहे हैं। ऐसे में इन पुलों का बनने से पहले ही क्षतिग्रस्त होना विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली को भी संदेह के घेरे में ला रहा है। वहीं इस कार्य को कराने वाली कार्यकारी एजेन्सी भी विभागीय नियमों की पूरी तरह अनदेखी कर रही है। खेरवाडा, डूंगरपुर व सागवाड़ा मार्ग पर प्रतिदिन सैकडों वाहन गुजरते हैं।

ऐसे में इस सडक की गुणवत्ता यदि निर्धारित मानको पर नहीं होगी तो आमजन के साथ भी खिलवाड़ होगा। यह सडक पूरी तरह से जनवरी 2024 में बनकर आम जन के लिए समर्पित करनी है लेकिन जिस गति से यह कार्य चल रहा उसके पूर्ण होने की अवधि में पूरा होने पर भी सवालिया निशान खडा कर रहा है। साथ ही इस मार्ग की समस्त गारंटी की अवधि भी 5 वर्ष है। ऐसे में पुलियों के अभी से क्षतिग्रस्त होना पूरे कार्य की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शनिवार 9 जुलाई, 2022


आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, स्वाती नक्षत्र दिन 11:25 तक, सिद्ध योग प्रात: 6:48 तक, गर करण सांय 6:40 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:25 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 11:25 तक है। रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात है। आज नवमी भद्रा रात्रि 3:27 से रविवार दिन 2:14 तक रहेगी। आज आशा दशमी व्रत है और गुप्त नवरात्रा पूर्ण और नवरात्रौत्थापन, मन्वादि, गिरिजा पूजा दशमी है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:26 से 9:08 तक, चर 12:32 से 2:14 तक, लाभ-अमृत 2:14 से 5:38 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:20

**मेष**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।


**वृष**

मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों उचित सफलता मिलेगी और आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटका धन प्राप्त होगा।

**कर्क**

परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


**सिंह**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।


**तुला**


व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


**वृश्चिक**

घर-गृहस्थी के खर्चों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

**धनु**

आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मकर**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मीन**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# राज्यसभा चुनाव में 126 वोट प्राप्त करने वाली सरकार क्या छह विधायकों का दबाव झेलती रहेगी?

## राज्यसभा चुनाव से पहले भी बनाया था दबाव, अब राष्ट्रपति चुनाव को देखते हुए बनाना चाहते हैं दबाव

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में कांग्रेस सरकार के साथ एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है और समस्या यह है कि जैसे ही कभी राज्यसभा चुनाव आ जाता है या जब भी विधानसभा में सरकार को समस्या होती है तभी सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय या बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों तेवर दिखाने शुरू हो जाते हैं। अब जब राष्ट्रपति चुनाव सिर पर हैं तो बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों की ओर से फिर तेवर दिखाने की तैयारी है और गुरुवार को बाकायदा बसपा से कांग्रेस में आए छह विधायकों ने बैठक करके दबाव बनाने की रणनीति तैयार कर ली है। इस रणनीति के तहत इन छह विधायकों ने अपने पद छोड़ने तक की धमकी सरकार के प्रतिनिधि को दी है।

बसपा से कांग्रेस में आए 6 विधायकों में से 4 विधायकों को सरकार में हिस्सेदारी मिल चुकी है और दो विधायक हिस्सेदारी से वंचित रह गए हैं। अब उन्हें हिस्सेदारी दिलवाने सहित अपनी बाकी मांगों को पूरा करवाने के लिए दबाव की रणनीति बन रही है। दरअसल बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों की ओर से सरकार को समर्थन के बदले में लगातार दबाव बनाकर अपनी मांगे मनवाने जाती रही है। सिर्फ बसपा से कांग्रेस में आए ही विधायकों की बात नहीं है, बल्कि निर्दलीय और बीटीपी विधायकों की ओर से भी समय-समय पर इसी तरह के तेवर दिखाए गए हैं।

- **बसपा से कांग्रेस में आए 5 विधायकों सहित कांग्रेस विधायक बैरवा इस ग्रुप में शामिल, वहीं बसपा से कांग्रेस में आए एक विधायक ने किया किनारा**

हाल ही राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा से कांग्रेस में आए इन पांच विधायकों सहित अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बने कांग्रेस विधायक खिलाड़ी बैरवा ने भी उनके सुर में सुर मिलाया था। हालांकि नई बात यह हुई कि बसपा से आए एक विधायक जोगिंदर अवाना खुद को राजनीतिक पद मिलने के बाद इस ग्रुप से अलग दिखने लगे हैं। राज्यसभा चुनाव के दौरान भी इन विधायकों ने बाड़ाबंदी में जाने के बजाय अलवर स्थित सरिस्का के जंगलों में फोटो खिंचवा कर सरकार पर दबाव बनाया था और बाद में सरकार के नजदीकी लोगों ने इनसे बात करके वादा किया था कि राज्यसभा चुनाव के बाद इनकी सभी मांगों पर समय पर फैसला होगा। अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। ऐसे में बसपा से कांग्रेस में आए 5 विधायकों सहित कांग्रेस विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा सहित इन छह विधायकों ने गुरुवार को मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के साथ बैठकर अपनी मांगे मनवाने के लिए रणनीति बनाई है और बाकायदा सरकार के प्रतिनिधि को इस बारे में अवगत भी करा दिया है। यह दबाव अब इसलिए बनाया जा रहा है क्योंकि आने वाली 11 जुलाई को कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के संयुक्त राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा जयपुर आने वाले हैं।

हालांकि यह भी तय है कि बसपा से कांग्रेस में आए यह छह विधायक सिर्फ दबाव बनाने की रणनीति तैयार करते हैं, लेकिन दूसरी ओर यह भी तय है कि सरकार इन्हें अब कुछ दे या ना दे, यह सरकार को छोड़कर नहीं जा सकते। क्योंकि वर्तमान की स्थिति में सरकार ज्यादा दबाव झेलना नहीं चाहेगी, क्योंकि इनके अलावा भी सरकार के पास 120 विधायकों का समर्थन है, जो कि राज्यसभा चुनाव में वोटों के तौर पर सामने आया था। इन छह विधायकों की ओर से कहा गया है कि मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा को उनके कद के अनुरूप अच्छा मंत्रालय दिया जाए। वहीं जिन विधायकों को राजनीतिक नियुक्तियां दी गई है, उन्हें भी मंत्री का दर्जा दिया जाए। वहीं जो दो विधायक अभी तक राजनीतिक नियुक्तियों से वंचित हैं, उन्हें भी राजनीतिक पदों पर नवाजा जाए। इसके अलावा भी इन्होंने एक दो अन्य मांगे सरकार के सामने रखी हैं।

## राज्यपाल मिश्र से पंजाब के राज्यपाल की भेंट



राज्यपाल कलराज मिश्र से पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने शुक्रवार को राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# सुधांशु कासलीवाल ने हाईकोर्ट में 30 लाख की लागत से बनवाया वी.सी.रूम

**जयपुर, (का.सं.)।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अजय रस्तोगी ने शुक्रवार को सेशन कोर्ट में नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सेंटर का लोकार्पण किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। वीसी के जरिए अधिवक्ता किसी भी अदालत में ऑनलाइन पैरवी कर सकेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल की ओर से तीस लाख रुपए की लागत से 11 वीसी और कंसल्टेशन रूम का निर्माण कराया गया है।

- **वीसी सेंटर का लोकार्पण, वकील कर सकेंगे किसी भी अदालत में पैरवी**

इस मौके पर जस्टिस रस्तोगी ने कहा कि वीसी की सुविधा नहीं होने के चलते वकील का काम प्रभावित होता है क्योंकि यदि वह हाईकोर्ट या दूसरी अदालतों में बहस के लिए जाता है तो स्थानीय मुकदमों में उसे तारीख लेनी पड़ती है। वहीं अब सेशन कोर्ट में वीसी की सुविधा होने से वकील यहां बैठा-बैठा ही हाईकोर्ट के साथ ही दूसरी अदालतों में भी अपना पक्ष रख सकता है।




**सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अजय रस्तोगी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेंटर का लोकार्पण किया। इसे बनवाने के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल का स्वागत किया गया। इस मौके पर जस्टिस एम.एम.श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।**

## एनएचएआई की कंसल्टेंट फर्म के एडवाइजर की हत्या के आरोपी को जमानत नहीं

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के वैशाली नगर इलाके में पिछले साल 26 अगस्त को हुए एनएचएआई की कंसल्टेंट फर्म के एडवाइजर इंजीनियर राजिंदर कुमार चावला की हत्या के आरोपी करणदीप श्योराण की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश दिए। अदालत ने कहा कि अनुसंधान अधिकारी ने मृतक कंसल्टेंट व आरोपी याचिकाकर्ता के बीच हुए संवाद के दस्तावेज एकत्रित किए हैं और इनसे साबित है कि मृतक, आरोपी की कंपनी के कामकाज से संतुष्ट नहीं था और ब्रिज के डिजाइन बदलने के लिए तैयार नहीं था। इसलिए आरोपी ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत हत्या के लिए शूटर्स को सुपारी दी थी और उन्हें पिस्टल मुहैया कराई थी। अनुसंधान अधिकारी के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं और वे आरोपी याचिकाकर्ता सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हैं। ऐसे में इन तथ्यों व परिस्थितियों के आधार पर आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी गिरावट

## राज्य में शुक्रवार को 137 नए संक्रमित मिले, जबकि गुरूवार को इनकी संख्या 154 रही थी

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी कमी आई है। इस दौरान राज्य में 137 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इनके मुकाबले में 129 मरीज ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े नौ से अधिक हो गए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को 15 जिलों में 137 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 154 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज नए संक्रमितों की संख्या में थोड़ी बढ़ोत्तरी हुई है। इस बीच जिले में 51 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 24, बीकानेर में 16, अजमेर में 9, अलवर व भीलवाड़ा में 7-7, उदयपुर में 6, गंगानगर में 5, चूरू में 4, बाड़मेर व नागौर में 2-2 तथा बांसवाड़ा, कोटा, सिरोही और टोंक में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 19 जिलों बारां, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर और सीकर में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में शुक्रवार 129 मरीज ही ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 953 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में भी रिकवरी कम होन से एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 370 हो गई है। वहीं जोधपुर में 148 जबकि बीकानेर में 109 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में इस बीमारी से अब तक 9570 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

- **जयपुर में थोड़ी वृद्धि के बाद 51 नए मरीज मिले हैं।**
- **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े नौ से अधिक हो गए हैं।**

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 23 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 6 नए मरीज सांगानेर में पाए गए हैं। इसके अलावा वैशाली नगर में 5, जगतपुरा में 4, बनीपार्क, सिविल लाइंस व शास्त्री नगर में 3-3, गांधी नगर, जवाहर नगर, झोटवाड़ा व मालवीय नगर में 2-2 तथा आदर्श नगर, आमेर, बस्सी, हवा सड़क, कोटपूतली, महेश नगर, निर्माण नगर, मुरलीपुरा, शाहपुरा, सोड़ाला और विद्याधर नगर में 1-1 नया मरीज मिला है। वहीं 4 मरीजों का पता गलत मिलने से उन्हें ट्रेस किया जा रहा है। जिले में शुक्रवार को 44 मरीज ठीक हुए हैं।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**नाम परिवर्तन**

मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम Vijay Thakuriya से बदलकर Vijay Thakuria पुत्र स्व. ओमप्रकाश ठाकुरिया रख लिया है। पता-बी-31, गोविन्दपुरी, जनता नगर, रांकड़ी, सोडाला, जयपुर-302006

विवाह के बाद मेरा नाम पिस्ता जैन पुत्री श्री हेमराज जैन से बदलकर प्रियंका जैन पत्नी श्री सुनील कुमार सिंधी हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-39, शिव कॉलोनी, दूदू रोड, मालपुरा, तह. मालपुरा, जिला टोंक (राज.)

मैंने मेरा नाम अंजू रानी से बदलकर अंजू चौधरी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। प्लॉट नंबर-25, कृषि अनुसंधान नगर, प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर

मैंने अपना नाम नीलू नाटाणी (Neelu Natani) से बदलकर नीलम खण्डेलवाल (Neelam Khandelwal) पत्नी श्री सुनील खण्डेलवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे नीलम खण्डेलवाल के नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी-125, शिव शक्ति नगर-ए, मॉडल टाउन, जगतपुरा रोड, जयपुर।

I have changed my Name from Izhan Sabir to Izhan Ahmed in future. 176, Behind Hasrat Jaipuri Ghoda Nikas Road, Ziyauddin Colony, Char Darwaza, Jaipur.

I, BHANWAR KAUR (existing name of spouse as per next of Kin in Records/service documents) spouse of Gulab Sing (Name of husband) resident of village BERWA Tehsil DIDWANA District NAGAUR (Raj.) have changed my name from BHANWAR KAUR to BHANWAR KANWAR (proposed/adopted new name) vide Affidavit dated 4.7.22 before Rajasthan High Court, Jaipur.

I, Sumitra Kumari Munariya W/o Vinod Prakash, R/o Bharunda Khurd, Jhunjhunu, Rajasthan-333024, declare that name of mine has been wrongly written as Sumitra in my minor son Daksh Choudhary aged 14 years in his School Records. The actual name of mine is Sumitra Kumari Munariya


# सब जानते हैं, सीएम की निगाहें कहीं और थीं और निशाना कोई और था : गजेंद्र सिंह शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) को लेकर मुख्यमंत्री पर तंज कसा।

शुक्रवार को ट्वीट कर शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्रीजी ने जितना समय भाषण में निकम्मा की परिभाषा समझाने में लगाया उतने में ईआरसीपी का तकनीकी पक्ष समझ लेते तो शायद समस्या सुलझ ही जाती। शेखावत ने कहा कि सब जानते हैं, निगाहें कहीं और थीं और निशाना कोई और था।

वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की कच्छ में नर्मदा का पानी पहुंचने पर की गई टिप्पणी का जवाब शेखावत ने शायरी में दिया। शेखावत ने कहा कि 'ग़ालिब' बुरा न मान जो वाइ'ज़ बुरा कहे ऐसा भी कोई है कि सब अच्छा कहें जिसे।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 ने घर में पंखे लगाने के लिए रुपए लेने के बाद भी पंखे नहीं लगाने की बात पर हुई हत्या के मामले में अभियुक्त दुकानदार गंगासहाय कुमावत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# आरपीएससी सचिव पेश होकर बताए क्यों नहीं की अदालती आदेश की पालना : हाईकोर्ट

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद स्कूल व्याख्याता भर्ती-2018 के राजनीति विज्ञान, हिंदी तथा चित्रकला विषय सहित अन्य विषयों के विवादित प्रश्न उत्तरों की जांच एक्सपर्ट कमेटी से नहीं कराने पर नाराजगी जताई है।

अदालत ने आरपीएससी सचिव को कहा है कि वे पांच अगस्त को पेश होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण पेश करें। अदालत ने कहा है कि यदि तब तक आदेश की पालना कर ली जाती है तो उन्हें हाजिर होने की जरूरत नहीं है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश सुरजन लाल धवन व हेमराज रोदिया और अन्य की याचिकाओं पर दिए।

सुनवाई के दौरान आरपीएससी की ओर से अदालती आदेश की पालना के लिए चार सप्ताह का समय मांगा गया। इस पर अदालत ने चार सप्ताह का समय देते हुए कहा है कि पालना नहीं करने पर आयोग सचिव पेश हो। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा ने बताया कि आरपीएससी को भर्ती के विवादित प्रश्न उत्तरों की जांच करानी थी, लेकिन आरपीएससी ने अदालती आदेश के बाद भी पूर्व की उत्तर कुंजी में कोई बदलाव नहीं किया। इसके अलावा आयोग ने विवादित प्रश्नों की दोबारा जांच किए बिना ही पुरानी रिपोर्ट पेश कर दी। जबकि उसे एक्सपर्ट कमेटी से जांच करवानी थी और इसे वेबसाइट पर भी अपलोड कर प्रार्थियों को जानकारी देनी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने गत 5 अप्रैल को आदेश जारी कर विवादित प्रश्नों की जांच विशेषज्ञ कमेटी से कराने को कहा था, लेकिन आयोग ने अब तक पालना नहीं की।

# प्रदेश में समयबद्ध गैस पाइप लाइन बिछाने के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त हों : उषा शर्मा



**मुख्य सचिव उषा शर्मा ने गुरूवार को सचिवालय में प्रदेश में सीएनजी तथा डीपीएनजी नेटवर्क की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।**

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) प्लान के तहत राज्य में गैस पाइप लाइन बिछाने का काम निर्बाध और समयबद्ध तरीके से हो इसके लिए संबंधित विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाएँ। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए अधिकृत कम्पनियों को लैण्ड अलॉटमेंट या विभागों से एनओसी लेने जैसे कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए एसओपी बनाई जाए तथा त्वरित कार्यवाही के लिए सिंगल विंडो पॉलिसी लागू की जानी चाहिये।

मुख्य सचिव गुरूवार को सचिवालय में प्रदेश में सीएनजी तथा डीपीएनजी नेटवर्क की प्रगति की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के सभी जिलों में पाइप लाइन से घरेलू गैस उपलब्ध करवाने के लिए नेटवर्क का विकास समयबद्ध तरीके से पूरा हो। उन्होंने इस कार्य के लिए अधिकृत कम्पनियों से उनके सामने आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि सभी अवरोधों को दूर करने के हरसंभव प्रयास किये जाएंगे।

उन्होंने कहा कि गैस पाइपलाइन बिछाने तथा सीएनजी स्टेशनों की स्थापना के लिए आधारभूत ढ़ांचा विकसित करने में जो भी समस्याएं आ रही हैं, उन्हें दूर किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम विभाग सुबोध अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में आगामी 8 साल में 96 लाख से अधिक पाइप लाइन से घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कार्य के लिए 37 हजार 824 इंच किलोमीटर गैस पाइप लाइन बिछाने तथा 1187 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए प्रदेश में 14 कम्पनियों को अधिकृत किया गया है।

राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के प्रबंध संचालक मोहन सिंह ने बताया कि अब पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड द्वारा राज्य के सभी 33 जिलों के लिए अधिकृत कर दिया गया है। उन्होंने प्रदेश में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) प्लान के तहत हो रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति व भावी कार्य योजना के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अगले 2 सालों में प्रदेश के विभिन्न शहरों में 274 सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा 13 लाख 34 हजार 581 घरेलू पीएनजी कनेक्शन तथा 15 हजार 600 इंच-किलोमीटर गैस पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में राजस्व विभाग, रीको, गृह, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरीय विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा अधिकृत कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने वीसी के माध्यम से भाग लिया।

- **प्रदेश में आगामी 8 साल में 96 लाख से अधिक पाइप लाइन से घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे : सुबोध अग्रवाल**


**खोया पाया**

मेरे प्लॉट नंबर 63, कृष्णा रेजीडेन्सी फागी का मूल पट्टा कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। मंजू अग्रवाल 8441010436

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री संजय कुमार जैन ने ग्राम -बस्सी के जाव खसरा न. 791, 792 एवं 793 में 40 बीघा एवं 19 बीसवा खेती की जमीन स्वर्गीय श्रीमती जावित्री देवी धर्मपत्नि श्री विश्म्भरदयाल, निवासी- बस्सी से खरीद बिक्री अनुबन्ध दिनांक 16.08.1993 के जरिये खरीदी थी और उस अनुबन्ध को उनके श्री स्व. रविन्द्र कुमार व उनके परिवारवालों ने स्व. श्रीमति जावित्री देवी एवं स्व. श्री रविन्द्र कुमार के द्वारा किए गए अनुबन्धों को जारी रखा। दिनांक 12.07.2014 को स्व. श्री रविन्द्र कुमार के वारिसान क्रमशः बीना देवी पत्नि स्व. रविन्द्र कुमार, ऋतु, पुत्री स्व. श्री रविन्द्र कुमार, सीमा पुत्री स्व. श्री रविन्द्र कुमार तथा वर्षा पुत्री स्व. श्री रविन्द्र कुमार एवं पुत्र अंकित ने उपरोक्त लगातार अनुबन्धों की निरन्तरता में दिनांक 12.07.2014 को हमारे मुवक्किल के पक्ष में नया अनुबन्ध निष्पादित किया हुआ है। हमारे मुवक्किल को पता लगा है कि स्व. रविन्द्र कुमार के उपरोक्त वर्णित वारिसों ने ऊपर वर्णित खसरा की हमारे मुवक्किल द्वारा खरीद की गई जमीन को अन्य किसी व्यक्ति को बेचान कर उतारू है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी ने भी उपरोक्त वर्णित जमीन का सौदा उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से या अन्य से किया तो यह खरीददारी अवैध होगी। फिर भी अगर कोई सौदा करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।
स्थानः जयपुर दिनांकः 08.07.2022 कमलेश शर्मा/प्रज्ञा सेठ अधिवक्तागण
चेम्बर न. 24-ए-ब्लाक, राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर मोबाईल नम्बर : 9829724095

**सूचना** समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 24.07.2022 को प्रातः 11 बजे समिति के कार्यालय पर आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। आम सभा एजेण्डा 1. ऑडिट पर विचार 2. संशोधित उपनियमों पर विचार 3. सदस्यता पर विचार व अन्य विषयों पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचार-विमर्श किया जावेगा। कोरमपूर्ति के अभाव में आम सभा उसी दिन निर्धारित समय के आधे घंटे पश्चात आयोजित की जायेगी। मंत्री भैरव गृह निर्माण स.स. लि., 197, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर
दिनांक-8.7.2022 मंत्री, अध्यक्ष
भैरव गृह निर्माण स.स.लि., जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1070 दिनांक-07.07.2022
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 79/08, मानसरोवर जयपुर, क्षेत्रफल 190.80 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती विनिता श्रीवास्तव पत्नी श्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3257 दिनांक 30.06.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.11.1994 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1212 दिनांक 23.02.1995 के द्वारा श्रीमती विनिता श्रीवास्तव पत्नी श्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 24.02.1995 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती विनिता श्रीवास्तव पत्नी श्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्यवाही सम्पादित करने हेतु श्री एस.सी. श्रीवास्तव पुत्र स्व. डॉ. हरीदास श्रीवास्तव के पक्ष में मुख्त्यारनामा निष्पादित करवाया गया। श्री एस.सी. श्रीवास्तव पुत्र स्व. डा. हरीदास श्रीवास्तव द्वारा बहैसियत मुख्त्यारनामा के आधार पर उक्त आवास का विक्रय जरिये विक्रय पत्र के दिनांक 18.11.2003 को श्री रमेशराज माथुर पुत्र श्री अमृतराज माथुर एवं श्रीमती शर्मिला माथुर पत्नी श्री रमेशराज माथुर को कर दिया गया। श्री रमेशराज माथुर पुत्र श्री अमृतराज माथुर की मृत्यु दिनांक 14.12.2011 को हो जाने के कारण श्रीमती शर्मिला माथुर पत्नी श्री स्व. रमेशराज माथुर ने उक्त आवास के 1/2 अविभाजित हिस्से सहित संपूर्ण हिस्से का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्रीमती शर्मिला माथुर पत्नी श्री स्व. रमेशराज माथुर के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती शर्मिला माथुर पत्नी श्री स्व. रमेशराज माथुर के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**सूचना** समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 24.07.2022 को प्रातः 11 बजे समिति के कार्यालय पर आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। आम सभा एजेण्डा 1. ऑडिट पर विचार 2. संशोधित उपनियमों पर विचार 3. सदस्यता पर विचार व अन्य विषयों पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचार-विमर्श किया जावेगा। कोरमपूर्ति के अभाव में आम सभा उसी दिन निर्धारित समय के आधे घंटे पश्चात आयोजित की जायेगा।
मंत्री, बाबा रामदेव गृह निर्माण स.स. लि., 197, भू-तल, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर
दिनांक-08.07.2022 मंत्री, अध्यक्ष
बाबा रामदेव गृह निर्माण स.स.लि., जयपुर

**आम सूचना** दि.06.07.22
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लाट सं. 250/5 प्रताप एन्क्लेव योजना, जयपुर (प्रताप नगर हाउसिंग बोर्ड, जयपुर) 264.00 वर्गमीटर है जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 100 दिनांक 10.04.08 अदेय प्रमाण पत्र (NOC) क्रमांक 137/366 दिनांक 17.05.17 कब्जा पत्र क्रमांक 1732 दिनांक 21.07.08 मूल आवंटी श्री कालूलाल जांगिड़ के नाम से अंकित है। उक्त सम्पत्ति के मूल कागजात, आवंटन पत्र, अदेय प्रमाण पत्र, कब्जा पत्र दिनांक 20.09.2021 को कहीं गुम हो गये हैं। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट LRNO. 1206857/2021 दर्ज करा दी गई है। उक्त प्रोपर्टी कालूराम जांगिड़ द्वारा श्री सीताराम गुर्जर को रजिस्ट्री दिनांक 08.12.2021 द्वारा बेच दी थी। उक्त सम्पत्ति सीताराम गुर्जर अब आवेदक श्री पंकज कुमार बासु को बेच रहें हैं। श्री पंकज कुमार बासु ने SBI मिलिट्री स्टेशन ब्रांच ने होमलोन हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य के, SBI मिलिट्री स्टेशन ब्रांच जयपुर में सम्पर्क कर सकते हैं किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर लोन की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में सम्पादित करली जावेगी। सूचित रहें। मुख्य प्रबन्धक,
मिलिट्री स्टेशन ब्रान्च, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. मु./26/22
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी सतराम एन. चेनानी पुत्र स्व. नानिक राम चेनानी जाति सिंधी विवाद स्थान फ्लेट सं. ए-402, तृतीय तल त्रिमूर्ति अपार्टमेंट, मालवीय नगर मृतक फ्लेट सं. ए-402, तृतीय तल त्रिमूर्ति अपार्टमेंट, मालवीय नगर, सांगानेर की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 10.08.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती कला एस. चेनानी पत्नि सतराम एन चेनानी जाति सिंधी निवासी..... जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 10 माह 08 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 28 माह 06 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यालय सांगानेर



# जासूस अब्दुल सत्तार ने पाक खुफिया एजेंसी से सामरिक महत्व की जानकारी साझा की

## इस काम के बदले आईएसआई की तरफ से काफी मात्रा में फंडिंग भी की गई

- जासूस सत्तार अब तक 5 बार जा चुका है पाकिस्तान
- खुफिया एजेंसियों के अनुसार सत्तार को पाकिस्तान से काम के बदले पैसा भी भेजा गया था
- आरोपी ने जासूसी करना व आईएसआई से संपर्क होना स्वीकारा

**हनुमानगढ़**, (कासं)। जिले के डबली राठान कस्बे से 25 जून को इंटेलिजेंस टीम ने पाकिस्तान को भारत की सामरिक सूचनाएं देने के आरोप में अब्दुल सत्तार को गिरफ्तार किया था। सत्तार का बचपन से पाकिस्तान से कनेक्शन रहा है। संदिग्ध जासूस अब्दुल सत्तार से इंटेलिजेंस एजेंसियों की ओर से की जा रही पूछताछ में सामने आया है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित बॉर्डर पोस्ट एवं सीमावर्ती क्षेत्र की सामरिक महत्व की जानकारी, फोटोग्राफ, वीडियो आदि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से साझा किए हैं। इसके बदले आईएसआई की तरफ से काफी मात्रा में फंडिंग भी की गई है।

खुफिया एजेंसियों की पड़ताल में सामने आया कि अब्दुल सत्तार को पाकिस्तान से काम के बदले में पैसा भी भेजा गया था। वो पैसा कितना था या कितनी बार भेजा गया। इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन पाकिस्तान से आये रुपए का इस्तेमाल वह पाकिस्तान के खुफिया एजेंटों के कहे अनुसार ठिकानों पर पहुंचने और अपने खर्चे में इस्तेमाल करता था। इस संबंध में मोबाइल फोन, बैंक खातों की डिटेल को खंगाला गया है। आरोपी ने आईएसआई से संपर्क स्वीकार किए हैं और बताया है कि वह जासूसी करता था।

गिरफ्तार जासूस अब्दुल सत्तार की मां मुमताज बेगम का ननिहाल पाकिस्तान के अड्डा लुहारका तहसील बहावल नगर जिले में है। इसके साथ वह कई बार पाक गया है। अब्दुल सत्तार पाकिस्तान पहली बार 2010 में गया था। उस समय सत्तार महज 14 साल का था। वह 2010 के बाद 4 बार पाकिस्तान जा चुका है। वह आखरी बार 2017 में पाकिस्तान गया था। वह जब भी वह पाकिस्तान गया तब-तब काफी दिन रुक कर आया है। कोरोना काल के बाद सत्तार पाकिस्तान नहीं जा पाया। सत्तार ने 10वीं तक पढ़ ाई की है। इंटेलिजेंस टीम ने पाकिस्तान को भारत की सामरिक सूचनाएं देने के आरोप में अब्दुल सत्तार को हनुमानगढ़ जिले के डबली राठान कस्बे से 25 जून को गिरफ्तार किया था।

अब्दुल सत्तार राजस्थान के कुछ हिस्सों की सामरिक जानकारी पाकिस्तान को फोटो, वीडियो और लोकेशन के जरिये भेज चुका है। पाक की खुफिया एजेंसियां इससे महत्वपूर्ण स्थानों जैसे आर्मी कैंट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयर फोर्स और सैन्य ठिकानों की जानकारी मांगते थे। पाकिस्तान को इस बात का पता था कि भारत की इंटेलिजेंस बॉर्डर एरिया के नजदीकी गांवों पर नजर रखे हुए है, लेकिन बॉर्डर से दूर के एरिया पर भारत की खुफिया एजेंसियों की निगाह कम रहती है। इसी आधार पर उन्होंने हनुमानगढ़ क्षेत्र को चुना।

# कच्चा मकान ढहा, मासूम की मौत



बारिश के बाद मेजा इलाके में कच्चा मकान ढह गया। इनसेट में मृतका पायल।

- तीन लोग घायल सभी का मांडल अस्पताल में उपचार जारी

**भीलवाड़ा**, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुई बारिश के बाद मेजा इलाके में एक कच्चा मकान ढह गया। इस मकान के मलबे के नीचे दबने से अंदर सो रही 10 साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सभी को मांडल अस्पताल लाया गया। जहां मासूम के शव का शुक्रवार सवेरे पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इधर, हादसे के बाद बाद मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी लग गई।

मांडल थाना प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार रात को बारिश से मेजा इलाके के कोचरिया गांव निवासी देवीलाल भील का कच्चा मकान ढ ह गया। मकान के अंदर उसकी 10 साल की बेटी पायल अपनी नानी, मामा व एक बालक के साथ सो रही थी। कच्चे मकान के मलबे के साथ छत का बडा डंडा पायल के ऊपर गिर गया। देवीलाल का पक्का मकान था। जो इंदिरा आवास योजना में बनाया गया था। गरीबी के कारण उसने अपने उस मकान व बाडे को बेच दिया और कच्चे मकान में परिवार के साथ रहने लगा। घटना की सूचना के बाद शुक्रवार की सुबह तहसीलदार मदन लाल परमार मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे सरपंच संजय भण्डिया ने पीडित परिवार को त्वरित राहत के लिए टीन शेड तैयार कर देने का आश्वासन दिया है।

# लूट की गवाही देना पड़ा महंगा, को-ऑपरेटिव सोसाइटी के कर्मचारी पर तीन राउंड फायरिंग

- खुद बचा, मामा के लड़के को पैर में लगी गोली

**अलवर**, (निसं)। कोटकासिम के बघाना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गुरुवार रात 7.56 बजे हिस्ट्रीशीटर ने को ऑपरेटिव सोसाइटी के सहायक व्यवस्थापक पर ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग किए।

फायरिंग में सहायक व्यवस्थापक तो बच गया लेकिन उसके पास आए मामा के लड़के को एक गोली पैर में लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कोटकासिम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर घायल होने पर अलवर रेफर कर दिया गया।

भगाना निवासी पीडित ओमप्रकाश ने बताया की भगाना गांव में ही संचालित को ऑपरेटिव सोसाइटी में सहायक व्यवस्थापक के पद पर कार्यरत है। एक अप्रैल को सोसाइटी के सेक्रेटरी पर गांव के ही रहने वाले तीन चार बदमाशों ने फायरिंग कर उनसे दस लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था जिसमें ओमप्रकाश गवाह था।

उनमें से एक आरोपी का भाई रवि उर्फ पीपावाला कई मामलों में जेल में था, लेकिन वह दस दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया है। जेल से आने के बाद से ही रवि पीडित के घर पर आकर जान से मारने की धमकी दे रहा था। रवि ने कहा कि लूट के मामले में गवाही दी है अब मैं तुझे गोली से मारूंगा। गुरुवार रात रवि उर्फ पीपावाला दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर आया और घर में घुसकर ओमप्रकाश पर ताबडतोड तीन राउंड फायरिंग कर दिए।

फायरिंग में ओमप्रकाश तो बच गया लेकिन उसके घर पर आए मामा के लडके विजय कुमार के पैर में एक गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कोटकासिम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने अलवर रैफर कर दिया। फायरिंग की सूचना कोटकासिम पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# चाकसू इलाके में बारिश, किसानों के चेहरे खिले



चाकसू कस्बे में बारिश के बाद आवागमन रूक-सा गया।

- उपखंड क्षेत्र में करीब एक घंटे तक जमकर बादल बरसे

**चाकसू**, (निसं)। कस्बा समेत आस-पास के ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार देर शाम को झमाझम बारिश हुई। उपखंड क्षेत्र में करीब 1 घंटे तक जमकर बादल बरसे जहां बारिश से ग्रामीणों को गर्मी व उमस से निजात मिली वहीं भीषण गर्मी से झुलस रही फसलों को जीवनदान मिलने से किसानों के चेहरे खिलखिला उठे। बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया तथा मौसम में ठंडक आ गई।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिन से इलाके में भीषण गर्मी से लोग परेशान थे और प्री मानसून के दौरान जो किसान बुवाई कर चुके थे वह फसलों के झुलसने की आशंका के कारण खासे परेशान नजर आ रहे थे। शाम के बाद में मौसम ने अचानक पलटा खाया और आसमान से राहत की बारिश हुई। हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई, जो एक घंटे तक जारी रही बारिश से खेत खलिहानों और आम रास्तों में पानी भर गया।

# चोर 15 लाख की कार से पिकअप चोरी करने आए

**अलवर**, (निसं)। अलवर शहर में शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे स्कीम 4 में घर के गेट पर खड़ी पिकअप चोरी कर ले गए। बदमाश करीब 15 लाख रुपए कीमत कार से चोरी करने आए। कॉलोनी के मुख्य रोड पर कार से 2 चोर उतरे। जो घर के बाहर खडी पिकअप को लॉक तोड़कर 3 से 4 मिनट में ले गए। सुबह 7 बजे जब परिवार के लोग उठे तो चोरी का पता लगा।

स्कीम चार निवासी धीरज उर्फ धीरू भाई की अंडे वाली गली में अंडे की दुकान है। उस काम के लिए पिकअप ले रखी थी। रोजाना पिकअप घर के बाहर खडी करते थे लेकिन शुक्रवार को सुबह करीब 3 बजे बदमाश आए। केवल 3 से 4 मिनट में पिकअप का लॉक तोड़ कर ले गए। घर से पिकअप ले जाते हुए सीसीटीवी में चोर नजर आ रहे हैं। आगे वाली गली में भी पिकअप व कार साफ दिखी रही है। पुलिस को रिपोर्ट दी है लेकिन,चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है।

# दलित युवती को डरा-धमका कर दुष्कर्म करने का मामला

- आरोपी एवं उसके घर वाले पीड़ित पक्ष को मुकदमा वापस लेने के लिये धमका रहे हैं

**टोंक**, (निसं)। जिले के मेहन्दवास थानान्तर्गत एक युवती से करीब पांच साल से डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने एवं अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी का मामला सामने आया है। आखिरकार तंग आकर पीड़ित द्वारा यह बात अपने परिजनों को बताये जाने के बाद आरोपी के विरूद्ध नामजद दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने युवती का शुक्रवार को सआदत अस्पताल में बोर्ड से मेडिकल मुआयना करवाया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय दलित युवती ने सौंपी रिपोर्ट में बताया कि करीब 5 साल पूर्व जब वह खेत पर काम कर रही थी, जिस दौरान उसे अकेली देख उसी गांव का रहने वाले युवक ने उससे जबरन गलत काम कर किसी को बताने पर मार देने की धमकी दी। उस समय वह नाबालिग थी तथा डर के मारे उसने किसी को यह बात नहीं बताई, लेकिन जिसके बाद भी कई बार उसे डरा धमकाकर वह गलत काम करता रहा।

पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व भी आरोपी ने उसे खेत पर पकड़ लिया और मारपीट कर दुष्कर्म किया। आखिरकार आरोपी से तंग आकर सारी बात परिजनों को बताने पर थाने में मामला दर्ज करवाया गया। इधर भीमसेना के जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करवाने से नाराज आरोपी एवं उसके घर वाले पीड़ित पक्ष को मुकदमा वापस लेने के लिये धमका रहे हैं। प्रकरण की जांच पुलिस उपाधीक्षक एससी, एसटी सेल प्रदीप गोयल को सौंपी गई है।

# आसाराम की सजा स्थगन याचिका तीसरी बार भी खारिज

- जेल से बाहर आने की उम्मीदों को लगा जोरदार झटका
- आसाराम करीब पंद्रह बार जमानत हासिल करने का भी प्रयास कर चुका है, लेकिन किसी कोर्ट ने उसे राहत प्रदान नहीं की

**जोधपुर**, (कासं)। नाबालिग छात्रा के यौन उत्पीडन मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से जोरदार झटका लगा है। हाईकोर्ट ने आसाराम की तरफ से पेश सजा स्थगन याचिका को खारिज कर दिया। यह तीसरा अवसर है जब आसाराम की सजा स्थगन याचिका को खारिज किया गया है। आसाराम करीब पंद्रह बार जमानत हासिल करने का भी प्रयास कर चुके हैं, लेकिन किसी कोर्ट ने उसे राहत प्रदान नहीं की।

न्यायाधीश संदीप मेहता व न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ के समक्ष सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने कहा कि आसाराम 9 साल और 7 माह से जेल में बंद है। 83 वर्षीय आसाराम को कई बीमारियां भी हैं। साथ ही जिन आरोपों के आधार पर आसाराम को उम्र कैद की सजा सुनाई गई वे सही भी नहीं है। ऐसे में आसाराम राहत के हकदार है।

वहीं सरकारी वकील अतिरिक्त महाधिवक्ता अनिल जोशी का तर्क था कि आसाराम के वकील कई सुनवाई पर उपस्थित नहीं हुए। इस कारण सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। अपीलार्थी का यह विलम्ब स्वीकार्य नहीं है। यदि आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट राहत प्रदान भी करता है तो भी आसाराम को कोई लाभ नहीं होने वाला। बाहर निकलते ही गुजरात पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी। गुजरात में उसके खिलाफ दुष्कर्म मामले की ट्रायल चल रही है।

दोनों के तर्क सुनने के बाद खंडपीठ ने कहा कि गत सुनवाई में हमने गुजरात में चल रहे केस की प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी थी। हमें अवगत कराया गया कि वहां ट्रायल कोर्ट में अभी तक गवाहों के बयान चल रहे है। हमें नहीं लगता कि आसाराम जमानत का हकदार है। ऐसे में उसकी सजा स्थगन याचिका को खारिज किया जाता है।

# सहायक कृषि अधिकारी कृषि विभाग संवीक्षा परीक्षा 2021 की मॉडल उत्तरकुंजी जारी

- अभ्यर्थी 9 से 11 जुलाई तक दर्ज करा सकेंगे ऑनलाइन आपत्ति

**अजमेर**, (कासं)। राजस्थान ल ोक सेवा आयोग द्वारा सहायक कृषि अधिकारी (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021 की मॉडल उत्तरकुंजी वेबसाइट पर जारी कर दी गई हैं। आयोग द्वारा 28 मई 2022 को इस परीक्षा का आयोजन किया गया था।

आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को मॉडल उत्तरकुंजी पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 9 जुल ाई से 11 जुल ाई 2022 को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनल इन दर्ज करवा सकता है। संयुक्त सचिव गुप्ता ने बताया कि आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपल ब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इस परीक्षा का मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपल ब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनल इन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संल ग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलि त अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।


# चना तुलाई के 65 दिन के बाद भी किसानों को नहीं मिली रकम

**टोंक**, (निसं)। चना तुलाई के 65 दिन के बाद किसानों को उनकी उपज की कमाई नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। किसान नेता प्रदेश मंत्री किसान महापंचायत रतन खोखर, पूर्व सरपंच बासेडा किशन खोखर, रोडू नाई, बंशी खाती, चौथू बैरवा, देवा खरेडा, धनराज वैष्णव, रामरतन रुवाला गोपालपुरा आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि किसानों की पहले ही अपनी उपज का भाव नहीं मिलने से किसान कर्जदार हैं और कर्ज चुकाने की स्थिति में नहीं हैं और फिर राज्य सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य से खरीदी गई चना उपज का किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन भुगतान नहीं कर रही है, जिससे किसान दोहरी मार झेल रहे हैं।

# वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक के 461 पदों पर होगी भर्ती

**अजमेर**, (कासं)। राजस्थान ल ोक सेवा आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक के कुल 461 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती के लि ए ऑनल इन आवेदन 15 जुल ाई से 13 अगस्त 2022 की रात्रि 12 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

# सैन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक का कार्यवाहक शाखा प्रबंधक एवं लोन मैनेजर डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किये गये दोनो आरोपी तथा बरामद की गई राशि।

- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कनबा गांव पहुंच बैंक में की कार्यवाही
- दोनो आरोपियों से बिछीवाड़ा थाने में हो रही पूछताछ

**डूंगरपुर**, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की टीम ने शुक्रवार को दी डूंगरपुर सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक के कार्यवाहक शाखा प्रबंधक विकास गुप्ता एवं लोन अधिकारी मितार्थ श्रीमाली को एक परिवादी से लोन की राशि स्वीकृत करने की एवज में डेढ लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उप महानिरीक्षक उदयपुर रेंज राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक दिनेश सुखवाल को परिवादी देवीलाल पुत्र कनका डामोर निवासी खजूरी ने 7 जुलाई को रिपोर्ट दी कि खजूरी लेम्पस भवन के निर्माण के लिए वर्ष 2015-16 में सहकारिता विभाग द्वारा 10 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी। उक्त भवन निर्माण की स्वीकृत बजट में से 2 लाख रूपये शेष रहे थे। जिसके भुगतान के बिल पास कराने की एवज में कॉपरेटिव बैंक के लोन अधिकारी मितार्थ श्रीमाली पुत्र भूपेन्द्र श्रीमाली निवासी शिवाजी नगर तथा विकास गुप्ता पुत्र कृष्ण गुप्ता निवासी डबवाली जिला सिरसा हरियाणा हाल आदर्श नगर जो कि शाखा का कार्यवाहक प्रबंधक है, में से मितार्थ ने 1 लाख 25 हजार रूपये, 25 हजार रूपये शाखा प्रबंधक विकास गुप्ता द्वारा मांग की गई। जिसका ब्यूरो द्वारा सत्यापन करवाया गया। उक्त लोक सेवको द्वारा लेम्पस अध्यक्ष से रिश्वत की राशि मांगने की पुष्टि होने पर शुक्रवार को टीम गांव पहुंची। तथा परिवादी द्वारा जैसी ही मांगी गई रिश्वत की राशि सौपी। तुरंत कार्यवाही करते हुए दोनो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफतार कर लिया तथा अन्य दस्तावेज भी बरामद कर लिए।

# कोटा एसीबी ने सब इंस्पेक्टर को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया



कोटा एसीबी ने बारां शहर की हाउसिंग बोर्ड पुलिस चौकी में कार्रवाई की।

- एसआई छेड़छाड़ के आरोप में फंसे लड़के के परिजनों को धमका कर लाखों रुपए मांग रहा था

**कोटा**, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की टीम ने बारां शहर की हाउसिंग बोर्ड पुलिस चौकी में कार्रवाई करते हुए सब-इंस्पेक्टर को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

आरोपी एसआई छेड़छाड़ के आरोप में फंसे लड़के के परिजनों को धमका कर लाखों रुपए की मांग कर रहा था। इस मामले में आरोपी 50 हजार रुपए की रिश्वत पहले भी परिवादी से ले चुका है। वहीं जांच में एसीबी की टीम ने आरोपी के निवास से 1 लाख 95 हजार रुपए जब्त किए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि उन्हें 7 जुलाई को बारां निवासी परिवादी ने शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि 6 जुलाई 2022 को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पोते को बारां तेल फैक्ट्री स्थित पुलिस चौकी के नजदीक बुलाया था। वहां पहुंचने पर उसने परिवादी के पोते पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया, जिस पर पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिवादी भी पुलिस चौकी पहुंचा। जहां पर पुलिस उपनिरीक्षक रामदयाल मधुकर ने लड़के को छोड़ने के लिए 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। निवेदन करने पर आरोपी एसआई पहले 4 लाख और फिर डेढ़ लाख रुपए रिश्वत पर राजी हुआ। इसके बाद आरोपी ने परिवादी से 50 हजार रुपए भी ले लिए थे। एएसपी स्वर्णकार ने बताया कि शिकायत के बाद मामले का सत्यापन करवाया गया। जिसमें आरोपी सब इंस्पेक्टर रामदयाल मधुकर ने बकाया 1 लाख रुपए की मांग की थी। इसके बाद शुक्रवार को निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई गई। जैसे ही हाउसिंग बोर्ड पुलिस चौकी में एसआई रामदयाल मधुकर ने रिश्वत की राशि ली एसीबी ने दबिश देकर उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 1 लाख की रिश्वत राशि बरामद की गई है। चौकी स्थित एसआई के निवास की भी तलाशी ली गई जिसमें 1 लाख 95 हजार मिले हैं। हालांकि ये राशि रिश्वत की है या नहीं इसका खुलासा नहीं हुआ है। गिरफ्तार आरोपी 57 वर्षीय सब इंस्पेक्टर रामदयाल मधुकर कोटा शहर के प्रेम नगर द्वितीय हनुमान मंदिर के पास जागा बस्ती में रहता है। वर्तमान में आरोपी हाउसिंग बोर्ड चौकी बारां में ही निवास कर रहा है।

# साक्षात्कार तिथि जारी

**अजमेर**, (कासं)। आरपीएससी ने शुक्रवार को सहायक आचार्य (कॉले ज शिक्षा विभाग) 2020 भर्ती के तहत भौतिकी एवं गणित विषय के पदों हेतु साक्षात्कार की तिथि जारी की गई। सचिव एचएल अटल के अनुसार सहायक आचार्य-भौतिकी के साक्षात्कार 26 से 29 जुलाई तक होंगे।


कार्यालय पंचायत समिति, बयाना (भरतपुर)

क्रमांक:पंसब/लेखा/2022-23/268-273 दिनांक: 04.07.2022

CORRIGENDUM

पंचायत समिति बयाना एवं अधिनस्थ 46 ग्राम पंचायतों में हैण्डपम्प एवं सिंगल फेस डीपबोर कार्य बाबत् वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आमंत्रित ई-निविदा संख्या 03/2022-23 के लिए निविदाएं अपलोड करने की अन्तिम तिथि 04-07-2022 से बढ़ाकर 03.08.2022 सायं 6 बजे, आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि 04.08.2022 एवं प्राप्त निविदाऐं खोलने की तिथि 05.08.2022 प्रात: 11.00 बजे संशोधित की जाती है। अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

NIB- ZBH2223A0055
UBN-ZBH2223WSOB00124

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, बयाना

# 10 लाख पट्टे देने के चक्कर में कॉलोनियों के विकास का खाका तैयार करना भूली सरकार?

## बड़ा सवाल : कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, सिर्फ पट्टे बांटने से कैसे होगा विकास

- जयपुर समेत अधिकांश शहरों की अप्रूव्ड कॉलोनियों में भी सड़क-सीवरेज, ड्रेनेज, पेयजल और रोड लाइटों की सुविधा नहीं, इसलिए रियायतों के बावजूद भी लोग पट्टे लेने को आगे नहीं आ रहे
- 15 जुलाई से पुनः वार्ड वाइज शुरू होंगे प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविर, कलेक्टर्स के हाथ में होगी कमान

**जयपुर** (कासं)। राज्य के सभी शहरों में कॉलोनियों का नियमन कर 10 लाख पट्टे बांटने की तैयारी में बैठी गहलोत सरकार अनअप्रूव्ड कॉलोनियों का डवलपमेंट प्लान (विकास की रूपरेखा) ही तय करना भूल गई है।

राजधानी जयपुर समेत अधिकांश शहरों की ज्यादातर अनुमोदित कॉलोनियों भी सड़क-सीवरेज, ड्रेनेज, पेयजल और रोड लाइटों की सुविधा नहीं है। शायद यही वजह है कि सैकड़ों तरह की रियायतें और सस्ती दर पर भी पट्टा लेने के लिए लोग आगे नहीं आ रहे हैं। अब 15 जुलाई से पुनः वार्ड वाइज प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविर शुरू होंगे। इनकी पूरी कमान कलेक्टर्स के हाथ में होगी। अभियान के शिविर को लेकर अफसरों ने बड़े स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी है, लेकिन सभी को चिंता इसी बात कि है कि लोग जब तक स्वयं पट्टा लेने आगे नहीं आएंगे, तब तक कैसे टारगेट पूरा होगा।

सूत्रों की मानें तो जयपुर जेडीए समेत प्रदेश के सभी निकायों ने उन कॉलोनियों की सूची तैयार कर ली है, जहां पट्टे जारी करने हैं, लेकिन इनमें से एक भी कॉलोनी का डवलपमेंट प्लान तैयार ही नहीं किया गया। इससे बेतरतीब बसावट और सुविधा क्षेत्रों पर कब्जे होने की आशंका और बढ़ेगी। जबकि, बड़ा सवाल तो यह है कि कॉलोनी का नियमन होने के बाद भी जब तक वहां सड़क, ड्रेनेज, सीवरेज और पेयजल सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक क्या सही मायने में कॉलोनी अप्रूव्ड कहलाने की हकदार है। उधर निकायों के सामने बड़ी समस्या यह है कि अभियान में नियमन शुल्क 50 से 100 रुपए और विकास शुल्क शून्य रखा गया हैं। जबकि, कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का खर्चा 1000 से 1200 रुपए प्रति वर्गमीटर आंका गया है। उधर नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं हैं। मौजूदा सुविधाओं को बरकरार रखने में भी बड़ी दिक्कतें आ रही है। ऐसे हालात में निकाय अपने स्तर पर इन कॉलोनियों में सुविधाएं कैसे पहुंचाएंगे? सरकार इस स्थिति पर फोकस नहीं कर रही।

# बिल्डरों ने इकोलॉजिकल क्षेत्र में सात बीघा कृषि भूमि पर काट दी 2 अवैध कॉलोनियां

## जेडीए टीम ने रामगढ़ रोड पर ग्राम चावंड का मण्ड और नाई की थड़ी स्थित दोनों कॉलोनियों में अवैध निर्माण ध्वस्त किये

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। आगरा रोड पर इकोलॉजिकल क्षेत्र में 7 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 2 अवैध कॉलोनियों को जेडीए की प्रवर्तन विंग ने खुर्द-बुर्द किया। बिल्डरों ने मनमर्जी से ही इकोलॉजिकल जोन में यह कॉलोनियां काट दी। न तो जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली गई और न ही कोई कॉलोनी काटने की परमिशन। अब यहां सस्ती कीमत पर प्लॉट बेचकर लोगों को फंसाया जा रहा था।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि इकोलॉजिकल जोन में रामगढ़ रोड पर ग्राम चावंड का मण्ड में 2 बीघा और नाई की थड़ी में 5 बीघा जमीन पर बसाई गई इन अवैध कॉलोनियों से अवैध निर्माण और बाउंड्रीवाल हटाये हैं। बिल्डरों ने इन कॉलोनियों में रातोंरात ग्रेवल रोड, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण शुरू कर दिये थे। नाई की थडी के पीछे मन्नाका की ढाणी में 5 बीघा कृषि भूमि के खसरा नं. 6841, 6789, 6843, 88/8996 पर बिना भू-रूपान्तरण कराये मुबारक नगर के नाम से अवैध कॉलोनी काटी थी। दोनों ही कॉलोनियों में जेडीए की प्रवर्तन विंग ने बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त किये।



## 50 करोड़ की 1.5 बीघा सरकारी जमीन से भी हटाया अवैध कब्जा

**जयपुर**। जेडीए की प्रवर्तन टीम ने मदरामपुरा में श्याम नगर सब्जी मण्डी के पास जेडीए की 1.5 बीघा खसरा नम्बर-95/1 व 95/407 पर जमीन पर पिछले करीब 7-8 वर्षों से कब्जा कर बनाई गई 5 कोठरियां, बास तिरपाल के तंबू, सब्जी की टाले और टायर पंचर की दुकान को हटाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि इस जमीन की कीमत करीब 50 करोड़ रुपये आंकी गई है। पिछले 7-8 सालों से कुछ लोग इस बेशकीमती जमीन पर अवैध तरीके से दुकानें खोलकर और कब्जा करके बैठे थे। जैसे ही इसकी जानकारी मिली, तुरंत कार्रवाई करके इन्हें हटाया। जेडीए ने स्थानीय पुलिस जाप्ते की मदद से अतिक्रमियों को खदेड़ा और जमीन पर जेडीए संपत्ति का बोर्ड लगाया।

# ससुर का हत्यारा दामाद गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। शास्त्री नगर में ससुर की हत्या के मामले में आरोपी दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पति-पत्नी के झगड़े में बीच-बचाव करने आए ससुर के गले पर आरोपी दामाद ने घूंसा मारा था। बेहोश होकर गिरे ससुर की हॉस्पिटल लेकर पहुंचते ही मौत हो गई थी। साली की रिपोर्ट पर शास्त्री नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया।

दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी मिठ्ठू नाथ (30) निवासी कलाकार कॉलोनी पानीपेच को गिरफ्तार किया गया है। वह ऑटो चलाने का काम करता है। पड़ोसी में ही उसका ससुर हरजीनाथ (56) परिवार सहित रहते थे। हरजीनाथ का 3 साल पहले हॉर्ट का ऑपरेशन हुआ था। 5 जुलाई की रात करीब 11:40 बजे मिठ्ठू नाथ और उसकी पत्नी रतना के बीच झगड़ा हो गया। इस पर रतना का भाई भरतनाथ बीच-बचाव करने गया। मिठ्ठू नाथ ने साले भरत के साथ मारपीट की। हाथ में चोट लगने से खून बहने लगा। जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर ससुर हरजीनाथ घर से बाहर आया। झगड़े को रोकने पहुंचा, तब दामाद मिठ्ठू नाथ ने उसके साथ भी मारपीट की। ससुर हरजीनाथ के गले पर घूंसा मारा। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया।



गिरफ्तार आरोपी मिठ्ठू नाथ

परिवारवालों ने उसे तुरंत कावंटिया हॉस्पिटल पहुंचाया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर्स ने उसे हॉस्पिटल रेफर कर दिया। हॉस्पिटल पहुंचते ही हरजीनाथ की मौत हो गई। हरजीनाथ की बेटी सपेरा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट और हत्या की धारा में मामला दर्ज किया था।

# 41 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच टीम ने करणी विहार में कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि डिमांड आने पर झालावाड़ के तस्कर से फोन पर संपर्क करके स्मैक मंगवाते थे, फिर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर नशेड़ियों को सप्लाई करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 41.57 ग्राम ऑपरेशन क्लीन स्वीप में पुलिस ने अब तक 1131 प्रकरण दर्ज करके 1449 आरोपी गिरफ्तार किये हैं।

डीसीपी (अपराध) परिस देशमुख ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा हैं। तस्करों को पकड़ने के लिए एडिशन डीसीपी सुलेश चौधरी, थानाप्रभारी धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद आसिफ जवाहर नगर और राजू सिंह श्याम विहार गिरधारीपुरा ए ब्लॉक करणी विहार का रहने वाला हैं।

गिरफ्तार आरोपी राजू सिंह उर्फ राजवीर और मोहम्मद आसिफ मादक पदार्थ स्मैक झालावाड़ निवासी विष्णु प्रसाद से मोबाइल पर सम्पर्क कर मांग के अनुसार मंगवाते है। विष्णु मादक पदार्थ स्मैक, बस, प्राइवेट वाहन से आकर मादक पदार्थ स्मैक देकर चला जाता हैं। आरोपी द्वारा मादक पदार्थ स्मैक 2 हजार रुपए प्रति ग्राम के हिसाब से मंगवाया जाता है, जो जयपुर शहर में फुटकर विक्रेता और सप्लायरों को 3200 से 3500 रुपए प्रति ग्राम के हिसाब से बेचा जाता है।

# दुष्कर्मी को सजा

**जयपुर**। शहर के पॉक्सो मामलो की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त अजीजार आलम उर्फ मोंटू को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सुनवाई के दौरान पीडिता पक्षद्रोही हो गई, लेकिन कोर्ट ने डीएनए जांच के आधार पर आरोपी को सजा दी है। अदालत ने कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं।

# ब्राह्मण समाज राजस्थान के मुख्यालय भवन की नींव रखी



**ब्राह्मण समाज राजस्थान के मुख्यालय भवन का नींव पूजन शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने किया।**

**जयपुर**। ब्राह्मण समाज राजस्थान के मुख्यालय भवन की नींव पूजन कार्यक्रम शुक्रवार को संगठन के प्रदेशाध्यक्ष और पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर आचार्य पंडित रामवतार बसोतिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भवन का शिलान्यास करवाया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अबिंका प्रकाश पाठक ने बताया कि सीकर रोड स्थित अनोखा गांव रोड पर गोडों की ढाणी के श्याम विहार विस्तार में संगठन का प्रधान कार्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए संगठन की ओर से जमीन खरीदी गई है और शुक्रवार को उस पर बनने वाले प्रधान कार्यालय का शिलान्यस किया गया है इस मौके पर ब्राह्मण समाज की प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित रही तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नींव पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रदेशाध्यक्ष पाठक ने बताया कि मुख्यालय भवन में संगठन के प्रधान कार्यालय के साथ ही गुरुकुल की स्थापना भी की जाएगी। इस स्थान पर ब्राह्मण समाज के युवाओं के लिए हस्तरेखा और वेद वेदांग का प्रशिक्षण दिया जाएगा और यहां पर जल्द ही एक अंग्रेजी माध्यम का स्कूल भी संचालित किया जायेगा। इस स्कूल में ब्राह्मण समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए अलग से कोचिंग व्यवस्था करवाने के साथ ही फीस में भी रियायत दी जाएगी। मुख्य भवन के शिलन्यास कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा, प्रदेश महामंत्री दामोदर प्रसाद शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री जमुना लाल शर्मा, प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ.शारदा शर्मा, विधि मंत्री एडवोकेट सुषमा पारीक, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष भुवनेश तिवारी, जिला महामंत्री बनवारी लाल शर्मा सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# काली मां का विवादित पोस्टर बनाने वाली फिल्म डायरेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज

**जयपुर** (कासं)। काली मां पर बनने वाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म को लेकर सुर्खियों में आया पोस्टर अब विवादों में है। फ़िल्म की डायरेक्टर लीना मणिमेकलाई के खिलाफ जयपुर में करणी सेना के बाद अब सामाजिक कार्यकर्ता सूरज सोनी ने भी झोटवाड़ा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। सूरज सोनी का कहना है कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए लगातार उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत किया जा रहा है। फिल्म डायरेक्टर लीना ने पहले डॉक्यूमेंट्री पोस्टर में माँ काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया और अगले ही दिन भगवान शिव और मां पार्वती का अभद्र फोटो ट्वीट किया है, जो कि नाकाबिले बर्दाश्त है। इसी को लेकर डायरेक्टर लीना मणिमेकलाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

वहीं, इसी मामले में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से प्रदेश महासचिव गजराज सिंह नाथावत ने काली माता के विवादित पोस्टर के विरोध में वैशाली नगर थाने में परिवाद दिया है। जिसमें बताया कि काली माता हिन्दुओं की पूज्यनीय देवी है। जिस पर डायरेक्टर लीना और टीएमसी सांसद महुआ माईत्रा द्वारा काली माता पर विवादित बयान देने एवं पोस्टर निकालने से सभी हिन्दुओं की धार्मिक आस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है। पुलिस को परिवाद दिया है, अब पुलिस को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो करणी सेना सर्व समाज के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेगी।

# सतीश पूनिया ने किया पोस्टर विमोचन




**श्री शिवमहापुराण कथासमिति की ओर से 15वां 251 शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन 7 अगस्त को होने जा रहा है। समिति के मुख्य संरक्षक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपने आवास पर समिति के अध्यक्ष आचार्य पंडित सुरेश शास्त्री, महामंत्री अरुण खटोड़ और अन्य पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।**

# संगठन की दखलअंदाजी के बाद समिति चेयरमैनों की बैठक 15 जुलाई को तय

- महापौर सौम्या गुर्जर ने समिति अध्यक्षों से बैठक के लिए प्रस्ताव मांगे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम की कार्यकारिणी समिति (ई.सी.) की बैठक 15 जुलाई को होगी। सभी संचालन समिति अध्यक्षों से बैठक के लिए प्रस्ताव मांगे गए है।

सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भाजपा मुख्यालय पर सभी समिति अध्यक्षों की बैठक ली थी। जहां अधिकांश चेयरमैनों ने महापौर के रवैये और कार्यशैली को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद संगठन ने निर्देश दिए थे कि 15 जुलाई को कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई जाए। इस निर्देश के बाद महापौर ने सभी समितियों से प्रस्ताव मांगे हैं। उस बैठक में भी तय किया गया था कि हर महीने के पहले सोमवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक होगी और आखिरी शनिवार को महापौर के साथ समिति अध्यक्षों की बैठक होगी। बताया जा रहा है कि ईसी की बैठक से पहले भी महापौर सौम्या गुर्जर संचालन समिति अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगी। इसी हफ्ते के अंत में यह बैठक होगी। इससे पहले गुरुवार को ही उप महापौर पुनीत कर्णावट ने समिति अध्यक्षों के साथ चर्चा की थी, जिसमें सभी ने खुलकर अपनी बात को रखा। संगठन ने साफ निर्देश दिए है कि महापौर पार्टी के पार्षदों और समिति अध्यक्षों के साथ नियमित संवाद करें, ताकि उनकी परेशानियों का समय पर निपटारा हो सके। इसे 2023 के विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि पार्टी प्रत्याशी के प्रचार में पार्षद अहम भूमिका अदा करते हैं।

# राजपार्क के रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे लोगों व कर्मचारियों के बीच जमकर लात-घूंसे चले

## झगड़े में 4 कर्मचारी घायल, पुलिस के आने से पहले ही बदमाश भाग छूटे

- राजापार्क में पंचवटी सर्किल स्थित पालीज रेस्टोरेंट में पांच जुलाई को रात 10:30 की घटना

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने आए परिवार ने जमकर तोड़फोड़ की। रेस्तरां कर्मचारियों से गाली-गलौज और मारपीट तक कर दी। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। रेस्टोरेंट के कर्मचारियों से हो रही मारपीट को देखकर वहां मौजूद अन्य ग्राहक खाना छोड़कर भाग गए। हमले में रेस्टोरेंट के काफी नुकसान हुआ, जबकि चार कर्मचारी घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर जवाहर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बीच-बचाव करने पर हमलावर वहां से चले गए। जवाहर नगर थाने में रेस्टोरेंट के मैनेजर ने मामला दर्ज कराया है। रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि राजापार्क स्थित पंचवटी सर्किल पर पालीज ढाबा नाम से फेमिली रेस्टोरेंट है। मैनजर राजेश कुमार मीणा ने जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज कराया है कि 5 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे रेस्टोरेंट पर खाना खाने एक परिवार के 15-16 लोग आए। इनमें युवक, युवती व महिलाएं थीं। उन्होंने खाने का ऑर्डर देने से पहले ही पास बैठे भाई-बहन (कस्टमर) को जल्दी उठकर जाने की कहकर गाली-गलौज कर दी।

खाना खा रहे भाई-बहन के विरोध करने पर कर्मचारी बीच-बचाव करने लगे। कस्टमर को गाली देने से मना करने पर कर्मचारियों से गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते कर्मचारियों से धक्का-मुक्की शुरू कर दी। भाई-बहन रेस्टोरेंट से चले गए, लेकिन परिवार के लोग गला दबाकर कर्मचारियों से मारपीट करने लगे। रेस्टोरेंट के सभी कर्मचारियों को इकट्ठा होते देखकर साथ ही आई युवतियों-महिलाएं भी हमले में शामिल हो गई। रेस्टोरेंट में हाथ लगे बर्तन को फेंककर तोड़फोड़ कर दी। रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ होने पर डिनर करने आए कस्टमर खाना छोड़कर जान बचाकर वहां से भागे। झगड़े की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बीच-बचाव करने आई पुलिस को देखकर परिवार मौके से चला गया। हमले में रेस्टोरेंट के कर्मचारी कमल कुमार, कौशल, सुरेश और धर्मवीर भूषण घायल हो गए। घायल चारों कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल भिजवाया गया।

मैनेजर ने बताया कि तोड़फोड़ से रेस्टोरेंट में हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। मैनेजर राजेश की शिकायत पर जवाहर नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। रेस्टोरेंट में लगे फुटेज में हमले और तोड़फोड़ की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि रेस्टोरेंट मे मारपीट करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने मौके से खजाने वालों का रास्ता निवासी मोहित को पकड़ा था। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने के कारण उसे शांतिभंग में गिरफ्तार कर जेसी भेज दिया था। मामला दर्ज होने पर आरोपी मोहित को बुलाकर पूछताछ कर साथ के लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।

# सेक्स पार्टनर उपलब्ध कराने के नाम पर ठगने वाली गैंग पकड़ी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर में सेक्स पार्टनर उपलब्ध कराने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली गैंग की 2 महिलाओं समेत तीन बदमाशों को मानसरोवर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

डीसीपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 1 जुलाई को पीड़ित कृपाल सिंह निवासी सिरियासर (झुंझुनूं) ने मानसरोवर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित का कहना था कि उसने एक वेबसाइट पर सेक्स पार्टनर उपलब्ध कराने के लिए संपर्क किया था। आरोपियों ने उसे मानसरोवर में तेजा फाउंडेशन के पास बदरवास तिराहे पर बुलाया और अपनी कार में बैठाकर 2 लड़कियां दिखाई। इसके बाद 7 हजार रुपये ले लिये, लेकिन कोई सेक्स पार्टनर नहीं दी। आरोपी कृपाल सिंह को धमकाकर वहां से कार लेकर फरार हो गये।

मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। तब मालूम चला कि आरोपी ओमप्रकाश उर्फ राजू, महिला सुनीता रानी और आरती उर्फ पूनम इसी तरीके से लोगों से लूटपाट करते है। इस पर पुलिस ने आरोपियों का पता लगाकर गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार और परिवादी से लूटी गई रकम बरामद की। पुलिस ने बताया कि यह गैंग इसी तरह पहले सेक्स पार्टनर देने के नाम पर लोगों को जाल में फंसाती है, फिर डरा-धमकाकर रकम छीनकर फरार हो जाते हैं।



गिरफ्तार आरोपी

## सार-समाचार

### 'बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करें'



**जयपुर**। जयपुर शहर सांसद कार्यालय पर भाजपा के लोक सभा बूथ सशक्तिकरण अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रदेश संयोजक मुकेश दाधीच ने कार्यशाला को संबोधित किया एवं उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक भाजपा मजबूत हो इस संदर्भ में चर्चा की। सांसद बोहरा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मेरा बूथ सबसे मजबूत इस उद्देश्य को लेकर कार्य करें' व अपने बूथ पर अधिक से अधिक नवीन मतदाताओं को जोड़े और उन्हें केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का बूथ स्थर तक प्रचार प्रसार करें।

### लो-फ्लोर बस में नाबालिग से छेड़छाड़

**जयपुर**। शहर में लो-फ्लोर बस में 17 साल की नाबालिग से ड्राईवर ने ही छेड़छाड़ कर डाली। पीड़िता की शिकायत पर आमेर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला कर गुरुवार रात आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में आरोपी संजय गुर्जर (28) पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी उच्चेन भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है। वह -1 सांगानेर से कूकस लो-फ्लोर बस का ड्राइवर है। नवलखा बाग आमेर निवासी 17 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह प्राइवेट कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट है। वह कॉलेज से घर आने के लिए -1 लो-फ्लोर बस में सफर करती है।

### 8 मृतक आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर**। राजस्थान रोडवेज निगम ने प्रबन्धन द्वारा 8 आश्रितों को लिपिक एवं च.श्रे.कर्मचारी के पदों पर आज नियुक्ति दी गई है। राजस्थान रोडवेज के सीएमडी संदीप वर्मा ने बताया कि मानवीयता के आधार पर 5 वर्ष से ज्यादा अवधि पार मामलों में शिथिलता देकर 8 मृतक आश्रितों को और नियुक्ति दी गई है। मृतक रोडवेज कर्मी आश्रितों को 3 कनिष्ठ सहायक, 5 च.श्रे.कर्मचारी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। वर्मा ने बताया कि जुलाई-2021 से जुलाई-2022 तक 422 मृतक आश्रितों को चालक, परिचालक, क.सहायक, सहायक यातायात निरीक्षक, आर्टिजन एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदो पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। इसमें 20 विवाहित पुत्रियों एवं एक तलाक शुदा पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई।

### इंटरनेशनल वेबिनार आज होगा

**जयपुर**। इंडियन डेल्फिक कौंसिल एंड द इंटरनेशनल डेल्फिक कौंसिल का चैप्टर डेल्फिक कौंसिल ऑफ राजस्थान 9 जुलाई को अपना एक साल का कार्यकाल पूरा कर लेगा। डेल्फिक कौंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष आई.ए.एस.श्रेया गुहा ने बताया कि इस उपलक्ष्य पर कौंसिल द्वारा डेल्फिक डायलॉग की सीरीज डीसीआर 1: द रोड अहेड के तहत कल शाम 7 बजे से ऑनलाइन इंटरनेशनल वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इंडियन डेल्फिक कौंसिल एंड द इंटरनेशनल डेल्फिक कौंसिल के अध्यक्ष एवं सचिव वेबिनार को संबोधित करेंगे। वेबिनार में डेल्फिक मूवमेंट की दिशा के संबंध में ओपन हाउस चर्चा भी की जाएगी। वेबिनार में इंटरनेशनल डेल्फिक कौंसिल के अध्यक्ष जे. क्रिस्चियन बी क्रिश्च, महासचिव रमेश प्रसन्ना, विधि सहायक रोबर्टा विलियम्स, इंडियन डेल्फिक कौंसिल के अध्यक्ष एन एन पांडेय, महासचिव शांतनु अग्रहरी, डेल्फिक कौंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा, महासचिव जितेंद्र कुमार सोनी वक्ता होंगे। डेल्फिक कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यकारी सदस्य फुरकान खान ओपन हाउस डिस्कशन का संचालन करेंगे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**जयपुर**, (का.सं.)। आजाद क्रिकेट क्लब की ओर से स्व. अजय यादव की स्मृति में प्रथम रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2022 के अंतर्गत सर्व समाज के लिए एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। मुख्य आयोजन कर्ता बलराम सिंह, नितिन श्रीवास्तव और प्रताप अजय यादव मंजू राकेश बागड़ा पार्षद वार्ड 36 तथा आयोजन कर्ता बस्ती सरपंच/शहर महामंत्री भगवान सहाय हडाला और बस्ती उपसरपंच जितेन्द्र टांक हैं। संयोजक दल में घनश्याम सारसर, लतेश टुंडलायत, करण पंवार, विजय हटवाल और कालु सारसर हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए एन्ट्री फीस 1600 रुपए रखी गई है और जमा करने का पता प्लॉट नं. 25, बड़ौदिया बस्ती, रेलवे स्टेशन, जयपुर है। इस प्रतियोगिता में सभी मैच नॉक आउट खेले जाएंगे। प्रत्येक टीम में 6-6 खिलाड़ी होंगे और सभी मैच 7 ओवर के होंगे। प्रत्येक मैच कॉमेन्ट्री द्वारा आयोजित कराया जाएगा और फाइनल पुरस्कार वितरण समारोह में क्लब द्वारा फोटोग्राफी करवाई जाएगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच चुनकर पुरस्कार दिया जाएगा। विजेता टीम को 11000 रुपए नकद और ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 5100 रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज को 1100 रुपए नकद के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। बेस्ट बॉलर और बेस्ट फील्डर को सम्मानित किया जाएगा।



## Fashion Day

The idea of style and fashion has been around for centuries. Perhaps even when humans first began to wear clothes, the cave women would see who had the nicest-looking fur pelt! From Ancient Rome fashion and dress have been a vital part of high society. Of course, royal courts in Europe were known for their high fashion influences.Fashion Day offers anyone and everyone the opportunity to wear what they like, whether serious or playful, and express themselves however they choose.



#THEATER

# Special Children Present Theatrical Performances

A 40-day theatre workshop 'Taare Zameen Par, Saare Stage Par' was organized by the Jaipur based Tamhankar Theatre Academy for the all-round development of the special children of 'Rays'.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



Pink City's well known NGO 'Rays - Asha Ki Ek Kiran' has been treating and caring for HIV-infected and affected children in Rajasthan since 2010. An initiative that started with just two HIV-positive children, now has two homes in Jaipur where 50 such children are being given the necessary support and care to lead a happy and healthy life. During their recent summer vacation a 40-day theatre workshop entitled 'Taare Zameen Par, Saare Stage Par' was organized by the Jaipur based Tamhankar Theatre Academy for the all-round development of the special children of 'Rays'. The closing ceremony of the presentation-oriented theatrical workshop was recently held at Ravindra Manch where the special children who took training at the workshop enthralled the audience by giving spectacular performances of several plays.

### Workshop for All-round Development

In the theatre workshop, children were taught all nuances of theatre along with its practise. They were also trained in solo acting, playlet, street play, pantomime, etc. Along with this special emphasis was given to the personality development of the children during the workshop so that they can benefit in their student life as well. Apart from acting the participants were also taught in detail about lighting schemes, sound and music, costumes, amphitheatre, stage concept, etc.

Throwing light on the objective of organizing this workshop, the Director of Rays, Captain Gurinder Virk, who is also the patron of Tamhankar Theatre Academy, said: "Earlier people used to regularly watch play. However, with the onslaught of cinema and OTT, the art form of theatre is dying a slow death. It is important to keep this art form alive and for this the Academy takes several initiatives and performs plays all across the country. The objective of organizing this workshop for the children of Rays is to instil in them confidence and the feeling of being at par with everyone else."

Talking about her experience of being a part of Rays and the workshop, Mamta Panwar, who has been living at the NGO's Home since 3 years now said that the theatre workshop not only taught them the intricacies of acting and the different kinds of plays but also boosted their confidence. She further added that learnings from the workshop will help her in the future as well. Similarly, Ghanshyam Gurjar, another resident of the home from the past 8 years said that the workshop has helped in his overall personality development as well as growth and it has also helped him overcome his shy nature.


### Plays Enthrall the Audience

On the occasion of the closing ceremony of the workshop, three plays - 'Tab Ramenge Devta', 'Aasha Ki Ek Kiran' and 'Dil Ki Dukaan' were staged. Children between the ages of 4 to 16 years rendered the theatrical performances. The speciality of this function was that all the work was done by the children.

The programme began with the play, 'Tab Ramenge Devta' presented in a street style by the children. In this play based on the theme of women empowerment, all facets of nukkad natak were showcased. It was written by Hemchandra Tamhankar and directed by Arshiya Parveen. Following this, the short play, 'Asha Ki Ek Kiran' was staged. It was written and directed by senior theatre artiste R. Anurag. The play was based on the experiences of the children. They presented their imagination and ideas through the play. After this, the children performed a purely comedy-drama, 'Dil Ki Dukaan' based on a fantasy. It was an adaptation of famous playwright Rajendra Kumar Sharma's well-known play, 'Dil Ki Dukaan'. The play was directed by Arshiya Parveen. The special children displayed their talent in the function and entertained the audience to the fullest.

The best performing children in the workshop were also awarded during the function. Rajasthan State Social Welfare Board President Dr Archana Sharma was present as the Chief Guest on the occasion. Also present at the event were patrons and supporters of the NGO as well as parents of the children.





Akbar

Abul Fazl was not only hated by Salim in mughal family but by Murad and few others of Akbar's relatives. The major reason for this was that Akbar blindly trusted Abul Fazl and listened to him whether matters of politics or family. Akbar never consulted his children about politics or personal matters but trusted his friends like Birbal, Aziz Koka, Abul Fazl, Faizi etc and just announced his decisions to his children. That made many in mughal family hate Abul Fazl and Akbar's coterie. Although many in mughal family had problems with Akbar's friends and coterie none dared take any action about it as no one was ready to face Akbar's wrath. But Salim defiantly was not someone who was bothered about what Akbar thought about his actions against Akbar's favourites or about Akbar's anger in general. As from a very young age Salim did what he wanted to do irrespective of what Akbar thought about it.

Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*



# Akbar & Salim's Sour Relationship

#AKBARNAMA

The Year was 1590. Akbar suddenly became gravely unwell. He had dysentery and high temperature. His condition did not become better even after 2-3 day. It only seemed to worsen with time.

Meanwhile the corridors of mughal court were ripe with conspiracy and regime change theories. Salim and Murad started gathering their supporters in case Akbar does not survive. A clash for the throne was inevitable as Akbar had not appointed a successor to himself. Daniyal was too young at 18 years to take over the throne but still his father in laws were also actively gathering support for his cause to ascend the throne, the most important of them being Abdul Rahim. Everyone in the mughal court was vying for an advantageous place in the likely change of politics, betting and some trying to realign full time. The prime question was; who to support in war of succession so that they can get maximum benefits.

Meanwhile Akbar's condition did not seem to improve after 3-4 days, with the best of treatment available to a Badshah. Akbar was in terrible pain and suffering from delusions. One day Abul Fazl, Chronicler of Akbarnama came to meet Akbar and suggested that may be Akbar has been poisoned by a loved one. Akbar did what was sad and obvious; he admonished Salim who was present there saying that could he not wait few more years to ascend to the throne and that he has stooped to poison his own father. Salim was shocked. He was very hurt that his father could believe that he could think of and had made an attempt on his own father's life leading to his current illness. In the room, a few of Akbar's ministers and family members were present. Akbar admonishing him in front of everyone. He left the room unable to control his tears.

After a few weeks Akbar recovered from that illness. Later on a detailed enquiry revealed that Salim had nothing to do with Akbar's illness and neither was Akbar poisoned. It was more a case of having eaten dead stale meat which led to severe food poisoning. But hatred had already been sown in the hearts of Salim and Akbar towards each other. Once Akbar got well he decided to keep his sons at a distance from him; he send Murad to Malwa as Governor. He ordered Salim to go to Rajputana to lead war against Mewar and other kingdoms. Daniyal was sent to Deccan to fight Malik Amber.



> After a few weeks Akbar recovered from that illness. Later on a detailed enquiry revealed that Salim had nothing to do with Akbar's illness and neither was Akbar poisoned. It was more a case of having eaten dead stale meat which led to severe food poisoning. But the hatred had already been sown in the hearts.



### Unfailing Misconceptions

Although Murad and Salim were contenders for the throne, this treatment brought the brothers close when they were repeatedly sent to separate missions they were getting their own personal appreciation from their father and started getting close and corresponding with each other regularly. They bonded over their love for drinks and hatred for Abul Fazl and Akbar's courtiers-in-chief at mughal court in general even before leaving for separate missions. Murad went a step further and in his will wanted his children's guardian to be Salim rather than Akbar, who was still alive. Murad was 29 years old when he died.


Salim on the other hand went to war against Rajputhana from 1591 to 1597. In 1598, he came back to Agra and refused to go back to war as he felt he was needed more in Agra. Again Akbar asked him to attack Mewar in 1599; he left unwittingly but did not reach Mewar but stopped at Ajmer and turned back to attack Agra treasury. Later after reaching Agra outskirts he changed his mind and left for Allahabad where he set up a parallel court. Salim never forgave Abul Fazl for those false accusations against him. He kept that incident and few others in his mind, and finally took his revenge by killing Abul Fazl in 1602. Salim had this tendency that whenever someone accused him of anything, he would sulk and go into a silent mode, rather than clarify or prove that he had nothing to do with those incidents. His enemies often took advantage of this and used his emotional reactions to situations rather than clever practical reactions to hurl accusations at him at every other given opportunity in the mughal court.

Abul Fazl was not only hated by Salim in mughal family but by Murad and few others of Akbar's relatives. The major reason for this was that Akbar blindly trusted Abul Fazl and listened to him whether matters of politics or family. Akbar never consulted his children about politics or personal matters but trusted his friends like Birbal, Aziz Koka, Abul Fazl, Faizi etc and just announced his decisions to his children. That made many in mughal family hate Abul Fazl and Akbar's coterie. Although many in mughal family had problems with Akbar's friends and coterie but none dared take any action about it as no one was ready to face Akbar's wrath. But Salim defiantly was not someone who was bothered about what Akbar thought about his actions against Akbar's favourites or about Akbar's anger in general. As from a very young age Salim did what he wanted to do irrespective of what Akbar thought about it. In the court, when no one would dare put an opposing view on any matter about Akbar's decisions, Salim would muster courage to speak against Akbar's decisions. Even Akbar's orders and farmans could not move Salim into action if he did not desire to do that job.

Salim was not good at conveying his thoughts and emotions to Akbar, maybe because he had stayed very long time away from family in war fields etc. So there was definitely a communication gap between father and son. That helped Akbar's coterie and Salim's enemies to create a wider wedge between father and son at every given opportunity. Salim also rarely bothered to clarify any accusations against him. Maybe he felt his father should not have believed in any accusations against him and trusted him, and thus he never clarified facts with him before assuming to be guilty. Whatever the reason for the miscommunication between father and son, Salim's enemies enjoyed benefits from these misunderstandings between father and son.

### The Turning Point

Salim waited almost more than a decade after Abul Fazl accused him of poisoning Akbar and then finally gave orders to Bundela Raja Bir Singh to kill Abul Fazl. Abul Fazl went to Deccan to meet Daniyal and while returning, near Madhya Pradesh, was attacked and killed by Bir Singh Bundela. Salim crowned Bir Singh, Maharaja Orccha the King of Madhya Pardesh after he became the Emperor and allowed him grants to build temples at Mathura and few other places. This was a reward by Salim for killing Abul Fazl to Bir Singh and his family. Salim even married a princess of Bundela clan. Thus enmity of Abul Fazl and Salim ended on a bloody note. Abul Fazl may have felt that to keep the interest of his master Akbar alive for himself, he can go on instigating Akbar against Salim and Salim would not dare act against it as he had Akbar's blessings. Anyways if you read Akbarnama you can realize that Abul Fazl was one of those courtiers who did everything to please his master rather than speak the truth, as a good adviser should actually do.



Akbar and Jahangir.

Salim waited patiently unlike his real nature in other matters of showing anger and acting immediately without much planning and biding his time to take the ultimate revenge. With Abul Fazl's murder Salim sent a clear message of warning out to all his enemies in the mughal court (which he had in plenty among his own relatives and courtiers) that he shall not hesitate to act decisively against anyone even when they have Akbar's blessings or have been Akbar's favourites. Akbar's blessings and protection shall not make Salim's enemies immune to any attacks or guarantee of no retributions from Salim in future like it had happened till 1602. Thus with one stone Salim killed many birds by this one act of his. Thus Abul Fazl's murder was a turning point in mughal history.

### Unhealthy Relationship

Mughal court was filled with such sycophants who enjoyed instigating father against son or brothers against a brother and enjoying the benefits of those enmities. Surprisingly Salim and his brothers had a more healthy relationship except on some occasions like Akbar's grave illness in 1590, unlike the other generation mughal siblings. Salim, Murad and Daniyal although were instigated against each other by their relatives and coterie, still they maintained a healthy relationship till the end and never really were after each other's life like other generations of mughal siblings. Credit must be given to them for maintaining a healthy relationship and not letting others drive a wedge in their relationship although constant instigation must have taken place. Salim often searched and sent exotic and beautiful animals to Daniyal who was an animal lover wherever wars and work took him or Daniyal often sent him poetry he had written in leisure times to elicit his opinion on them. Salim even praises Daniyal's poetry long after he died in Jehangirnama and remembers Daniyal's love for animals after seeing an exotic breed of horse in his autobiography. Murad and Salim too communicated often with each other although one was in Malwa and the other in Rajputhana. Murad knew of Salim's love for paintings and sent him unique paintings or drawings about nature and animals.

It was only a few months before Akbar's death that finally the father and son reconciled. Till than Salim's enemies and Akbar's courtiers had a field day for several years or even decades as father and son were not really on talking terms or avoided communicating to each other. Thus in their ego clashes or individual personalities decades went away without proper communication and misunderstandings continued. Same issue happened between Salim and Khusaru, and Salim and Khurram later on. Decades of being away from his children because of wars and other duties or revolt it was ensured that Salim and his sons also never had a father and son relationship ever. For all purposes Khusrau and Khurram considered Akbar as their father as Salim was an absentee father mostly in their lives. Further Akbar pitching father and sons as contender for same throne never helped to build any relationship between Salim and his sons. Khusrau and Khurram were brought up in Akbar's household rather than by Salim's wives in Salim's household. The seeds of hatred and revolt during Salim's regime by his sons were sown decades back.



> Salim crowned Bir Singh, Maharaja Orccha the King of Madhya Pardesh after he became the Emperor and allowed him grants to build temples at Mathura and few other places. This was a reward by Salim for killing Abul Fazl to Bir Singh and his family. Salim even married a princess of Bundela clan. Thus enmity of Abul Fazl and Salim ended on a bloody note.

writetoarbit@rashtradoot.com

#CARDIOLOGY

# Heart Attacks In Women

Because of this disparity, women are more likely than men to report heart disease symptoms that appear out of the norm, experience delayed treatment for heart disease, and even have undiagnosed heart attacks.



New research identifies a gene that may explain disparities in heart attack care between the sexes. Many of the current symptom profiles and lab tests for heart disease do not accurately reflect known differences in women's heart disease, says Jennifer Dungan, associate professor at the University of Florida College of Nursing. This oversight has led to increased gaps in health care equity.

"Because of this disparity, women are more likely than men to report heart disease symptoms that appear out of the norm, experience delayed treatment for heart disease and even have undiagnosed heart attacks," Dungan says. "For reasons that remain uncertain, women can experience heart disease differently than men. This can lead to inequities for women that need to be addressed."

Dungan says cardiac researchers believe that some of these differences in symptoms and outcomes may be due to genetic variation between men and women. She has identified a specific gene she believes may be responsible, named RAP1GAP2.

"RAP1GAP2 is a strong candidate for sex-linked effects on women's heart disease outcomes," Dungan says. "Certain DNA markers in this gene are thought to manage the activity of platelets, colourless blood cells that help our blood clot. This also presents a heart attack risk. An overactive gene could cause too many platelets to respond to the clot, which could block the flow of blood and oxygen to the heart muscle and lead to a heart attack."

Since RAP1GAP2 was not linked to poor heart outcomes among men in her team's study, she believes this gene may work differently in women. The findings appear in the American Heart Journal Plus.

Even less is known about such differences among races and ethnicities. Black women and some Hispanic women are at an even greater risk of poor heart disease outcomes due to many factors that Dungan believes may include genetics.

Unfortunately, the traditional ways that racial and ethnic groups are studied tends to produce results that are not relevant, Dungan says.

"The goal is not to find biological differences between groups of people. Our goal instead is to find the gene markers most accurately linked to heart disease for all women," she says. "And to do that, we need to consider genetic variation within women too."


To discover how the gene may affect cardiac disease risks among women of different backgrounds, Dungan's newest project aims to find the specific RAP1GAP2 gene markers that most strongly correlate with disease symptoms, heart attacks and death in women from different racial and ethnic groups.

Using health data from 17,000 postmenopausal women Dungan and her team will use statistical genetics methods to analyse if there is a link between certain DNA markers on RAP1GAP2 and heart disease. Her team will also use genetic ancestry markers rather than arbitrary racial categories to account for natural diversity in our genetic code. According to Dungan, this will assure that her team finds gene markers that reflect all women's heart disease risk, not just for certain groups.

"At the end of the study, if RAP1GAP2 gene markers accurately reflect women's heart symptoms and predict their likelihood of a future heart attack, stroke or death, then those gene markers could help us be more confident in their diagnosis and future prognosis," she says. "Having more accurate biomarkers for women would save lives and improve health equity for all women."



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# करौली में सांप्रदायिक सौहार्द के लिए निकाला शांति मार्च

**करौली** (निंसं.)। करौली में गत दो दिन पूर्व दो दो पक्षों में हुए झगड़े के बाद फैली अशांति को लेकर शुक्रवार को शांति समिति के सदस्यों ने करौली शहर में पुलिस के अधिकारियों के साथ शांति मार्च निकालते हुए लोगों से भयमुक्त वातावरण में रहने की अपील की।

ज्ञात रहे कि गत दिन गुरुवार को करौली शहर के भूड़ारा बाजार में किसी मामले को लेकर दो समुदाय विशेष के लोगों में कहासुनी हो गई। और बात मारपीट तक पहुंच गई इस दौरान मुस्लिम समाज के दो लोग घायल हो गए जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक के बाद सभी सदस्यों ने एक राय होकर कहा कि हमें लोगों के बीच जाना होगा। शुक्रवार को प्रात 9बजे शांति समिति के सदस्यों, हिंदू समाज के प्रमुख लोग एवं मुस्लिम धर्म गुरुओं के अलावा पुलिस अधिकारी भी साथ चल रहे थे। समिति के सदस्यों और पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अफवाहों से दूर रहने की की एवं कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अनावश्यक,धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली पोस्ट को शेयर ना करें।



करौली शहर के बाजारों में दुकानदारों से भय मुक्त होकर रहने व अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की शान्ति समिति के सदस्यों ने अपील की।

- **शहर के भूड़ारा बाजार में हुई घटना के घायलों का करौली जिला अस्पताल में उपचार जारी है**

मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं ने कहा कि हमारा यही पैगाम है कि लोग अमन-चैन और शांति से अपना जीवन जीएं। इस दौरान शांति समिति के सदस्य वेद प्रकाश उपाध्याय, एडवोकेट ऊधौ सिंह, कन्हैया लाल शर्मा, भूर सिंह चौधरी, पूर्व पार्षद विजय जाटव, सियाराम मीणा, हाफिज अब्दुल,मुफ्ती इलियास, हाफिज वसीम, शफीक अहमद, करौली पुलिस उपाधीक्षक मनराज मीणा, कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश चन्द,शहर पुलिस चौकी प्रभारी बृजराज शर्मा,जिला स्पेशल टीम के जवान एवं कई अन्य मौजीज लोग उपस्थित रहे।

# कार ने डिवाइडर को तोड़ राहगीर को कुचला, एक की मौत, 5 घायल



सागरपाड़ा के पास हाइवे पर अनियंत्रित कार पलट गई।

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर में सागरपाड़ा के पास हाईवे पर शुक्रवार शाम एक अनियंत्रित स्विफ्ट कार डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क पार कर गई। जिसने दूसरी तरफ चाय पीने जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी और इसके बाद कार पलट गई। घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि हादसे में चाय पीने जा रहे बुजुर्ग सहित पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ट्रैफिक और चंबल चेक पोस्ट पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराने के बाद दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें रैफर किया गया है।

- **दो की हालत नाजुक, गोवर्धन की परिक्रमा देकर लौट रहे थे कार सवार**

कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि स्विफ्ट गाड़ी में सवार सभी लोग मुरैना जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जो गोवर्धन की परिक्रमा देकर वापस मुरैना मध्य प्रदेश की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार चालक ने सागरपाड़ा के पास नियंत्रण खो दिया। जिस वजह से कार डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क के दूसरी ओर बुजुर्ग राहगीर को टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे में चाय पीने जा रहा बुजुर्ग राहगीर मुंशी पुत्र खरगा (59) गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कार सवार मुरैना निवासी ध्रुव सिंह पुत्र गजराज की मौके पर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में कार में सवार महिला सीमा पत्नी गिर्राज और सरस्वती पुत्री जहार सिंह के साथ सोनू पुत्र बदले और सोनू पुत्र जहार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से राहगीर बुजुर्ग और कार सवार सोनू की हालत गंभीर होने पर उन्हें रैफर किया गया है।

# आधुनिक मारवाड़ के निर्माता महाराजा उम्मेद सिंह को श्रद्धापूर्वक याद किया

**जोधपुर** (कासं)। शहर के लोगों ने शुक्रवार को आधुनिक मारवाड़ के निर्माता महाराजा उम्मेद सिंह को उनकी 119वीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष मुख्य समारोह आयोजित किया गया। पूर्व नरेश गजसिंह की उपस्थिति में आयोजित समारोह में कोणार्क कोर के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर मुख्य अतिथि थे।

रेलवे स्टेशन के सामने स्थित स्टेच्यू सर्किल पर आज सुबह आयोजित समारोह के दौरान एयर कमोडोर प्राजुल सिंह, डीआरएम जोधपुर गीतिका पांडे, महापौर वनिता सेठ व कुंती देवड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर महाराजा उम्मेद सिंह की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उन्हें आधुनिक मारवाड का मुख्य सूत्रधार बताया।

इसलिए कहा जाता है जोधपुर का निर्माता : महाराजा उम्मेद सिंह को आधुनिक जोधपुर का निर्माता कहा जाता है। उनका जन्म आठ जुलाई 1903 को हुआ। वर्ष 1918 में मारवाड़ का महाराजा बनने के बाद उन्होंने जोधपुर के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया। उन्होंने यहां पर कई स्कूल और कॉलेज खुलवाएं। साथ ही उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि जवाई बांध का निर्माण करवा वहां से नहर के जरिए पानी जोधपुर लाना रहा। इस कारण जोधपुर शहर के पेयजल संकट का स्थाई समाधान हुआ। वहीं उन्होंने अकाल पीड़ित मारवाड़ के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भव्य उम्मेद भवन का निर्माण करवाया। इसके अलावा शहर में महात्मा गांधी व उम्मेद अस्पताल का निर्माण करवाया। जो आज भी जोधपुर के लोगों की जरुरतों को पूरा कर रहे है। महाराजा उम्मेद सिंह ने उम्मेद स्टेडियम, उम्मेद उद्यान व जुबली कोर्ट का निर्माण कराया। इस कोर्ट में बरसों तक हाईकोर्ट संचालित होता रहा। वहीं नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में बरसों पहले उन्होंने जोधपुर को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित कर दिया। उनके कार्यकाल में जोधपुर में फ्लाइंग क्लब स्थापित किया गया। उनके कार्यकाल के दौरान हवाई पर्यटन को बढ़ ावा देने के लिए सिर्फ मारवाड़ में 23 हवाई पट्टियों का निर्माण कराया गया।



पूर्व नरेश गजसिंह की उपस्थिति में आयोजित समारोह में कोणार्क कोर के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर भी मौजूद रहे।

## वीडियो को फेसबुक पेज से हटवाया

**उदयपुर।** सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परता से काम करते हुए उस वीडियो को फेसबुक पेज से हटवा दिया है। जिससे शहर में सांप्रदायिक सौहार्द व शांति व्यवस्था बनी रही।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक व्यक्ति द्वारा जिला उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के मामले का महिमा मण्डन करने वाला वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया। जिसका विभिन्न लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर समर्थन किया जा रहा था। जिससें साम्प्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारा बिगडने की पूर्ण संभावना थी।

मामले की गम्भीरता को देखते हुये उदयपुर एसपी विकास शर्मा द्वारा फेसबुक को साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने वाले वीडियो को सम्बन्धित फेसबुक पेज से हटाने हेतु लिखा गया व वीडियो को सम्बन्धित पेज से तुरन्त प्रभाव से हटवाया गया। जिससे उदयपुर शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द व शान्ति व्यवस्था बनी रही।

एसपी शर्मा ने आमजन से अपील की है कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने व साम्प्रदायिक सौहार्द बिगडाने वाले कोई भी वीडिया व पोस्ट सोशल मीडिया पर कृपया शेयर ना करें।

# जनसंख्या रोकने के प्रयासों में बांसवाड़ा जिला राज्य में दूसरे स्थान पर

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में बांसवाड़ा जिला राज्य में दूसरे स्थान पर रहा है। जिला कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग के इस बेहतरीन कार्य पर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राजस्थान सरकार के सचिव डॉ. पृथ्वी ने प्रशंसा कर बधाई दी है। वहीं जिले के लिए दोहरी खुशी इस बात की है कि पीपीआईयूसीडी निवेशन में पहला स्थान मिला है।

जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ने बताया कि राज्य के मिशन परिवार विकास की श्रेणी में जिले को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। चिकित्सा विभाग के इस उत्कृष्ट कार्य से राज्य के स्वास्थ्य सूचकों में अपेक्षित सुधार लाने का सहयोग मिलेगा। उन्होंने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में सीएमएचओ को सम्मानित किया जाएगा। जयपुर में 11 तारीख को होने वाले समारोह में बांसवाडा की टीम को दो लाख रूपए और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर मीणा को आमंत्रित किया गया है। मिशन परिवार विकास के तहत चयनित जिलों के जिला अस्पताल में बांसवाडा का महात्मा गांधी अस्पताल प्रथम रहा है।

- **पीपीआईयूसीडी निवेशन में प्रथम, जिला कलेक्टर के नेतृत्व में टीम का राज्यस्तर पर होगा सम्मान**

## हमसफर साप्ताहिक ट्रेन 11 से फिर शुरू

**उदयपुर।** प्रत्येक सोमवार को उदयपुर से चलने वाली उदयपुर सिटी-मैसूरू-उदयपुर सिटी हमसफर साप्ताहिक रेलसेवा का पुनः संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 19667, उदयपुर सिटी-मैसूरू हमसफर साप्ताहिक रेलसेवा 11 जुलाई प्रत्येक सोमवार को उदयपुर सिटी से 21.15 बजे रवाना होकर बुधवार को 16.25 बजे मैसूरू पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19668, मैसूरू-उदयपुर सिटी हमसफर साप्ताहिक रेलसेवा 14 जुलाई से प्रत्येक गुरूवार को मैसूरू से 1० बजे रवाना होकर शनिवार को ०3.35 बजे उदयपुर सिटी पहुँचेगी। यह ट्रेन चित्तौडगढ, मंदसौर, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वसई रोड, पुणे, मिराज जं., बेलगावि, हुबली, दावणगेरे, बैगलूरू व मंड्या स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा 2021 शांतिपूर्वक संपन्न

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शुक्रवार को अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्याल य के 89 केंद्रों पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा 2021 शांतिपूर्वक संपन्न हुई। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के लि ए 27 हजार 994 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। जिल ा कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचना के अनुसार ल गभग 16 हजार 161 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलि त हुए। अजमेर स्थित 31 परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 49.49 तथा जयपुर स्थित 58 परीक्षा केंद्रों पर 62.54 प्रतिशत रहा।

# कुत्ते ने छह साल के बच्चे का गाल चबाया

**जयपुर।** जयपुर घर के गार्डन में खेल रहे 6 साल के बच्चे को कुत्ते ने बुरी तरह नोंच लिया। बच्चे की आवाज सुनकर बचाने के लिए मां दौड़ी। महिला ने कुत्ते के कई डंडे मारे, लेकिन उसने बच्चे को नहीं छोड़ा। आवाज सुनकर पड़ोसी आए और कुत्ते के सिर पर डंडे से वार किए, जिससे वह भाग गया। मामला झुंझुनूं जिले का गुरुवार शाम का है।घायल बच्चे का जयपुर के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। बच्चे के गाल को कुत्ते ने इतनी बुरी तरह से नोंचा है कि उसकी प्लास्टिक सर्जरी की जाएगी।

- **चीख सुनकर पहुंची मां भी नहीं बचा पाई, प्लास्टिक सर्जरी करनी पड़ेगी**

प्रिंस रेबीज रोकथाम संस्थान के शैतान राम मीणा ने बताया कि झुंझुनूं चिड़ावा के चनाना गांव में विनोद कुमार स्वामी के बेटे पर कुत्ते ने अटैक किया। कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा विनोद अपनी पत्नी और बेटे वंश के साथ यहां रहता है। वंश सेकेंड क्लास में पढ़ रहा है। गुरुवार शाम 5:30 बजे वंश घर के अंदर बने गार्डन में खेल रहा था। मुख्य गेट खुला होने के कारण आवारा कुत्ता घर के अंदर घुस आया।

गार्डन में खेलने के दौरान कुत्ते ने बच्चे पर अटैक कर दिया। कुत्ते ने उसके गाल को नोंच लिया। बेटे वंश के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां घर के अंदर से दौड़कर बाहर आई। जमीन पर बेटे को खून से लथपथ हालत में देखकर चिल्लाने लगी। पास पड़े डंडे से कुत्ते को मारा, लेकिन उसने बच्चे को नहीं छोड़ा। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़कर आए। बच्चे को कुत्ते से छुड़वाने के लिए उसके सिर पर डंडे से दो-तीन वार किए। इसके बाद बच्चे को छोड़कर कुत्ता वहां से भाग गया।

**एक से दूसरे हॉस्पिटल लेकर भागता रहा पिता :** बच्चे के गाल को कुत्ते ने नोंच लिया। कपड़े से बांधकर दर्द से चिल्लाते मासूम को पिता बाइक से झुंझुनूं के मेट्रो हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। डॉक्टर की सलाह पर वहां से झुंझुनूं के राजकीय बीडीके हॉस्पिटल में ले जाया गया। हॉस्पिटल की इमरजेंसी में बच्चे को एंटी रेबीज वैक्सीन और एंटी रेबीज सीरम और टीटी का इंजेक्शन लगा गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे जयपुर रेफर कर दिया। जयपुर में परिजनों ने बच्चे को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिखाया। जहां मना करने के बाद देर रात हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। रात करीब 12 बजे बच्चे को ट्रॉमा के प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया है।

# सभापति भाटी व पार्षद सोनी के बीच विकास कार्य को लेकर हुई तू-तू, मैं-मैं

**पाली** (निस)। नगर परिषद के भाजपा पार्षदों में आपसी कलह रुकने का नाम नहीं ले रही है। कुछ दिन पूर्व कलेक्ट्रेट के बाहर हुए विवाद को पुलिस ने शांत करवाया तो शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा की महिला पार्षद व नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी में विवाद हो गया और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को बीच में हस्तक्षेप करना पड़ा और दोनों पक्षों को समझाइश कर मामला शांत करवाया।

बताया जा रहा है कि वार्ड 45 की भाजपा पार्षद खुशबू सोनी अपने वार्डवासियों के साथ नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी से मिलने नगर परिषद पहुंची और अपने वार्ड की समस्याओं के बारे में सभापति को बताया तो सभापति नाराज हो गई और पार्षद व सभापति के बीच में तू तू मैं मैं हो गई। दोनों के बीच विवाद के बाद में बड़ी संख्या में वार्ड के लोग भी मौके पर पहुंच गए और विवाद बढ़ ने लगा। वार्ड में विकास कार्य को लेकर दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने सभापति रेखा भाटी के खिलाफ हाय हाय के नारे भी लगाए। जिसके बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभापति से भिड़ को हटाते हुए मामले को शांत करवाया, वही सभापति के रवैए से नाराज भाजपा कार्यकर्ता विधायक ज्ञानचंद पारख के घर पहुंचे तथा विधायक से सभापति की शिकायत करने के साथ कहा कि अगर समय पर वार्ड में काम नहीं हुआ तो वार्ड वासियों के साथ नगर परिषद के बाहर धरने पर बैठेंगे। जिस पर विधायक ने नगरपरिषद आयुक्त से बात कर शीघ्र काम करवाने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ गौरतलब है कि पिछले काफी समय से भाजपा के ही पार्षदों में नगर परिषद के सभापति के खिलाफ असंतोष है और कई बार इनका विवाद सड़क पर भी आ चुका है।

# रीट परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : एलएन मंत्री

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक और रीट के मुख्य समन्वयक एलएन मंत्री ने कहा है कि रीट परीक्षा 2022 के लिए प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इस परीक्षा के आयोजन के लिए राज्य के सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र वितरण से लेकर परीक्षा समाप्ति तक के प्रत्येक घटनाक्रम का विडियो फिल्मांकन किया जायेगा। रीट परीक्षा 23 व 24 जुलाई को आयोजित होगी। स्तर प्रथम की परीक्षा 23 जुलाई को प्रथम पारी में और स्तर द्वितीय की परीक्षा 23 जुलाई को द्वितीय पारी और 24 जुलाई को प्रथम और द्वितीय पारी में आयोजित होगी। रीट परीक्षा का आयोजन सिर्फ जिला मुख्यालय पर स्थित परीक्षा केन्द्रों पर ही होगा। इसके लिए 1,376 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

मंत्री शुक्रवार को रीट कार्यालय में रीट परीक्षा 2022 के सफल आयोजन के लिए आयोजित राज्य के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों (माध्यमिक) मुख्यालय एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारियों (माध्यमिक) मुख्यालय की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से प्रश्न पत्रों के लगातार लीक होने की घटनाओं के मद्देनजर इस परीक्षा का आयोजन बडी चुनौती है लेकिन राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग के सहयोग से बोर्ड इस चुनौती पर बखूबी पार पा लेगा।

- **रीट परीक्षा के सफल आयोजन के लिए समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों (माध्यमिक) मुख्यालय एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारियों (माध्यमिक) मुख्यालय की बैठक**

रीट की समन्वयक और राजस्थान बोर्ड की सचिव मेघना चौधरी ने कहा कि रीट की परीक्षा के लिए सर्वोच्च सुरक्षा मानकों को अपनाया गया है। राज्य के सभी परीक्षा केन्द्रों के सभी कक्षों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जा रहे है। इसके लिए 30 हजार से भी अधिक सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने का कार्यादेश जारी किया गया है। राज्य के सभी कोषागार और संग्रहण केन्द्र भी सी.सी.टी.वी. कैमरे की जद में होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों के सभी कक्षों की मॉनिटरिंग सी.सी.टी.वी. कैमरे के माध्यम से संबंधित जिले के पुलिस अभय कमाण्ड सेन्टर के द्वारा भी की जायेगी। रीट कार्यालय में भी सभी जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर तीसरी आंख के रूप में निगाह रखने की दृष्टि से बडे स्क्रीन मॉनिटर लगाये जा रहे है। रीट के स्तर पर इन सी.सी.टी.वी. कैमरे के लिंक पुलिस के अलावा सुरक्षा एजेन्सियों को भी उपलब्ध कराये जायेंगे। रीट परीक्षा में सभी परीक्षा केन्द्रों पर फ्रिस्किंग की जायेगी व परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों, वीक्षकों और कार्मिकों की पुलिस द्वारा उपकरणों के माध्यम से गहन जांच इस दृष्टि से होगी की उनके पास कोई मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रोनिक डिवाइस या अनुचित साधन न हो। परीक्षा कार्य में प्रयुक्त होने वाले सभी वाहन जीपीएस से युक्त होंगे। सी.सी.टी.वी. कैमरे के साथ-साथ सभी पेपर कॉर्डिनेटर्स के लिए एक-एक विडियोग्राफर भी नियुक्त किया जा रहा है जो प्रश्न पत्र के पैकेट प्राप्त करने, खोलने और ओ.एम.आर. शीट पैक करने की विशेष रूप से फिल्मांकन करेंगे।

# जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी और सड़क के मुद्दों पर मचाया हंगामा, जिम्मेदारों की बोलती बंद

## पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक हुई

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। पंचायत समिति के सभागार में शुक्रवार को आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की खस्ताहाल सड़क सहित बिजली और पानी के मुद्दों पर हंगामा मचा दिया और जिम्मेदारों की बोलती बंद कर दी। हालांकि इस दौरान पंचायत समिति प्रधान ने शीघ्र समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि शहर के पंचायत समिति सभागार में पंचायत समिति क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच व जनप्रतिनिधियों की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की खस्ताहाल सड़कों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। लोगों का आरोप था कि उपखंड मुख्यालय से जुड़े खरेटा, घोंसला, बजना, बनकी, सहित दर्जनों गांव की सड़कें पूरी तरह जर्जर हालत में हैं। जहां दुपहिया वाहनों तक का निकलना मुश्किल है। आए दिन वाहन वहां लोग जख्मी हो रहे हैं। आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंताओं को अवगत करा दिया गया लेकिन हालत जस के तस बने हुए हैं।



बैठक को प्रधान ने सम्बोधित कर समस्या हल करवाने का आश्वासन दिया।

ऐसे में जनप्रतिनिधियों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई। गांव में व्याप्त बिजली और पानी की समस्या पर भी जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। लोगों का आरोप था कि ग्रामीण क्षेत्रों में 8 से 10 घंटे तक की घोषित कटौती लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि विद्युत निगम के अधिकारी बिजली कटौती पर कोई जबाव भी नहीं देते। विभाग ने फीडरों की मरम्मत बरसों से नही की है और जले हुए ट्रांसफार्मर को कई हफ्तों तक नहीं बदलने और सुविधा शुल्क लेने का भी आरोप लगाया।

बिजली पानी और सड़क के मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों ने जिम्मेदारों को घेरा और जमकर खरी-खोटी सुनाई जिस पर उनकी बोलती बंद हो गई। यहां तक की जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बैठक में मौजूद पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वासन देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पानी और सड़क की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए समस्याओं को सूचीबद्ध कर तत्काल प्रभाव से समाधान करने के निर्देशदिए। बैठक में पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार सहित विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दीपक चौधरी, सरपंच भूदेव डागुर, भूपेंद्र सोलंकी आदि सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग

**पावटा, (निसं)।** पावटा में शनि मंदिर के आसपास सड़क पर बढ़ते हादसों पर रोक लगाने के लिए वहां पर बैरीकेट एवं स्पीड ब्रेकर लगवाए जाने की ग्रामीणों ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका से मांग की। पावटा भोनावास व्यस्ततम मार्ग पर भीडभाड एवं वाहनों के दबाव के कारण आए दिन घटित होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शनि मंदिर चौराहा व्यस्ततम मार्ग पर बेरिकेट्स व स्पीड ब्रेकर लगाने को कहा। वहीं ग्रामीणों व आस पास के दुकानदारों ने बताया कि आस पास विद्यालय में सुबह छात्र छात्राओं के आने जाने के समय भीड़, शनिवार के दिन शनि मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड व्यस्ततम मार्ग पर भीडभाड एवं वाहनों के दबाव के कारण दुर्घटनाएं होती हैं।

### शिलान्यास कार्यक्रम हुआ रद्द

**लालसोट, (निसं)।** भारत के जिगरी दोस्त जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की आकस्मिक मौत के बाद पूरे देश भर में राष्ट्रीय शोक घोषित किया एवं राष्ट्रीय शोक के चलते सरकारी उद्घाटन शिलान्यास आदि कार्यक्रमों को भी स्थगित किया गया है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता अंकित जैन ने बताया कि लालसोट उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति में शनिवार को जल जीवन मिशन का शिलान्यास चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा किया जाना था उसे भी राष्ट्रीय शोक के चलते स्थगित कर दिया गया है।

### हेल्दी लीवर कैंपेन को लेकर बैठक

**श्रीमाधोपुर।** ब्लॉक सीएमओ कार्यालय में बीसीएमओ डॉ जेपी सैनी की अध्यक्षता में हेल्दी लीवर कैंपेन को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें हेपेटाइटिस जनित रोगों की जानकारी दी।

### भंवरलाल जिला अध्यक्ष बने

**चौंमू /कालाडेरा, (निसं)।** राष्ट्रीय यूथ कांग्रेस ब्रिगेड इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनवर खान व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नरपत मेघवाल ने कालाडेरा निवासी भंवरलाल सालोदिया को जयपुर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।

# भगवान जगन्नाथ ने रथ में सवार होकर नगर भ्रमण किया


**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के छोटा बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ महाराज ने रथ में सवार होकर नगर भ्रमण किया वहीं कस्बे वासियों ने जगह-जगह भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पुष्प वर्षा कर व आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। ,

इस दौरान इतना मनोरम दृश्य देखने को मिला मानो पूरा कोटपूतली शहर

- **कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा व आरती उतार कर किया जगह-जगह स्वागत**

जगन्नाथपुरी बन गया हो चहुं ओर भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगने लगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खेंचते हुए ना केवल अपनी जीवन की डोर को मजबूत किया है बल्कि बड़ा पुण्य भी प्राप्त किया है।

रथ यात्रा सुबह 9 बजे गाजे-बाजे के साथ मंदिर प्रांगण से रवाना होकर आजाद चौक पहुंची जहां श्री गंगा माता मंदिर के महंत पं. शंकर लाल शर्मा ने



**कोटपुतली कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकली।**

भगवान जगन्नाथ की आरती उतारी। वहीं रथ यात्रा नगर परिषद तीराहा होते हुए मुख्य चौराहा पहुंची जहां फूल विक्रेता सुरेश उर्फ शेटी नायक, रमेश फुल वाला व नवल फूल वाला ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कई सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने भी जगह-जगह रथ यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं को जलपान कराया। रथ यात्रा मंदिर परिशर पहुंचकर विसर्जित हुई इसके पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान मंदिर महंत मुकलेश दीक्षित, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, आदित्य शर्मा, आशिष भारतीय, एडवोकेट अशोक कुमार शर्मा, मनोज पंडित, कमल ज्योतिषी, कैलाश सैन, अनिल दीक्षित, कमल कांत शर्मा, राजेन्द्र हिन्दू, गोविंद विदानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** 4 जुलाई को गांव भूरी भडाज में एक सफेद रंग की कैंपर में सवार होकर आये कुछ बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। इस गंभीर घटना को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल द्वारा कोटपुतली अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक विद्याप्रकाश के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक कोटपुतली संध्या यादव के सुपरविजन प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जाकर इक्का व संजू को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि श्यामलाल स्वामी पुत्र सूरज दास स्वामी निवासी ढाणी कान्याली ग्राम भूरी भडाज ने प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया थी जिसमे उसने बताया कि उसके घर के बाहर सफेद रंग की कैंपर गाडी मे सवार होकर आये 10-15 लोगों ने फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

## सार-समाचार

### सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा शुक्रवार को मंगलम प्लाजा श्रीमाधोपुर में स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं का 15 दिवस का लघु उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एम एल मीणा थे ।इस दौरान एम एल मीणा ने बताया कि नाबार्ड कृषि और ग्रामीण विकास के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान पर पुरजोर तरीके से कार्य करता है स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं को 15 दिन का प्रशिक्षण देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाने का कार्य इस प्रशिक्षण के दौरान किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के सूक्ष्म ऋण केंद्र श्रीमाधोपुर के मुख्य प्रबंधक गोकुल चंद मीणा ने बताया कि महिलाएं बैंक से ऋण प्राप्त करके अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। बैंक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं अन्य योजनाओं में प्राथमिकता से ऋण वितरण करता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक अंकित कुमार सोनी, संस्था के जिला प्रबंधक रामावतार पारीक , संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार कुमावत , कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सैनी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षक मंजू देवी एवं सुष्मिता सैनी उपस्थित रहे।

### 18 चालान काटे, थैलियां जब्त की



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी लगाए जाने के बाद उपखंड अधिकारी द्वारा व्यापारियों की मीटिंग के बाद भी इस मामले में नगर पालिका की ओर से एक टीम का गठन किया गया है जो व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम्स को जप्त कर कानूनी कार्रवाई करेगी। टीम में शामिल नगर पालिका के सफाई निरीक्षक शशिकांत शर्मा ने बताया कि 2 दिनों में नगरपालिका ने 18 किलो थैली जब्त की हैं जिनसे नगरपालिका को 18 सो रुपए की आय प्राप्त हुई है साथ ही इस कार्रवाई के दौरान लगभग 18 किलो प्लास्टिक डिस्पोजल आइटम को जब्त किया गया है। कार्यवाही के दौरान टीम में शशिकांत शर्मा,नरेंद्र शर्मा, सूर्य प्रताप सिंह ,नरेंद्र सिंह राठौड़ ,श्रीराम यादव, चौथमल, हरिनारायण,सुनील कुमार, राजपाल आदि शामिल थे।

### विद्यालय में प्रिंटर भेंट किया



**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** कस्बे के बस स्टैंड स्थित चांद देवी सहरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित भामाशाह बिरदी चंद गोयल की प्रेरणा से दिल्ली निवासी भामाशाह विनोद सेतिया, पंकज अग्रवाल, सुषमा सेतिया, चेतना अग्रवाल ने विद्यालय में एक प्रिंटर भेंट किया। इससे बच्चों के शैक्षिणक कार्य में सुगमता के साथ विद्यालय के छात्रों के दस्तावेजों को अपलोड करने में सहायता मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश कुमार सैनी ने भामाशाह का स्वागत सत्कार किया एवं आभार जताया। इस अवसर पर मोहनी सारण, मुकेश भार्गव सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

### सड़क हादसे में दो जने गंभीर घायल

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निकटवर्ती ग्राम कवरपुरा के पास एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे उसमें सवार दो महिलाएं गंभीर घायल हो गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल भर्ती कराया जहां दानों की स्थिती गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रैफर कर दिया। बीडीएम पुलिस चौकी प्रभारी भवानी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की हादसे में श्रीमती रानी अग्निहोत्री पत्नी रविन्द्र अग्निहोत्री व श्रष्टि अग्निहोत्री पत्नी आदित्य अग्निहोत्री निवासी 118 आर्यनगर सर्जना रोड़ मेरठ गंभीर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग जयपुर जा रहे थे इसी दौरान चालक की लापरवाही के चलते कार डिवाइडर से टकरा गई।

## शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**खैरथल, (निसं)।** आगामी त्यौहारी सीजन में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भिवाड़ी जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शुक्रवार को डीएसपी अतुल अग्रे व उपतहसील दार तरूण कुमार बरेज व थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बैठक की।

पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार शाम को हुई विशेष बैठक में सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र , सुरक्षा सखी, आदि मौजूद रहे। बैठक में आगामी दिनों में त्योहारों और धार्मिक यात्राओं (कांवड़ यात्रा आदि) पर शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सतर्कता बरतने के साथ उनके विरुद्ध कार्रवाई करने में सहयोग करने का मार्गदर्शन दिया गया।

इसमें अपराधिक तत्वों और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ हिस्ट्री शीटरों को भी पाबंद करने व फरार हिस्ट्री शीटरों पर इनाम घोषित किए जाने पर चर्चा की

- **बैठक में सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी आदि मौजूद रहे**

गई। जिसमें कांवड़ियों को दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए पदयात्रा के दौरान रिफ्लेक्टर लगवाने का भी प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में चोरी आदि घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत बताते हुए लोगों से अधिकाधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने व खराब कैमरों को दुरुस्त करने, और बैठक में मौजूद नगरपालिका के इंजीनियर मोतीलाल वर्मा से पालिका द्वारा प्रस्तावित वाई-फाई कैमरे जल्दी लगवाने एवं रात्रि में निजी चौकीदारी व्यवस्था को पुनर्जीवित एवं सुव्यवस्थित करने की जिम्मेदारी व्यापारिक संगठनों को सौंपी गई।

# वीर सपूतों की शहादत का कर्ज देश पर उधार: टीकाराम

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग टीकाराम जूली ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए वीर सैनिकों की तरह दुश्मनों से लोहा लेने वाले मां भारती के वीर सपूतों की शहादत का कर्ज देश पर उधार है।

देश सेवा का सीने में तूफान, आखों में देशभक्ति का जुनून लेकर अपने मजबूत फौलादी इरादों से दुश्मन के प्रत्येक नापाक इरादों को नेस्तानाबूद करने वाले वीर शहीद सैनिकों को नमन है। केबिनेट मंत्री जूली ने शुक्रवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव धौंकडी के लाल शहीद वीरसिंह गुर्जर की प्रतिमा अनावरण समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। मंत्री जूली ने शहीद की वीरांगना सुमन देवी, उनके परिवार तथा रेजीमेंट से प्रतिमा अनावरण में आए सुबेदार



**मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव धौंकड़ी के शहीद वीरसिंह गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया।**

चन्द्रमोहन, नायक हरदयाल गुर्जर, लांस नायक अनीश, हवलदार मनोज का सम्मान किया। इस दौरान उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना, नगर परिषद चेयरमैन घनश्याम गुर्जर,प्रधान दौलतराम जाटव, पूर्व शिवलाल गुर्जर, उपप्रधान महेश सैनी, रामफल गुर्जर, संजीव बारेठ, जफरू खान, पेमाराम सैनी, अम्मू खान, असरू खान, शमसेन सिंह, जगदीश, सुरज्ञानी मीना, इमरान खान, रामकुंवार, सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने आनन-फानन में समर स्मारक का शिलान्यास किया

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** कस्बे के सेसाड़ा जोहड के नजदीक किनारे पर भारी कीचड़ भरा रास्ता होने पर भी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के पास समर स्मारक का शिलान्यास कार्यक्रम मुख्य अतिथि बलजीत यादव द्वारा आनन-फानन में 11 बजे कराया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कमांडर शिवराम वर्मा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बहरोड, कर्नल अशोक कुमार सेवानिवृत्त, सीताराम यादव चेयरमैन नगरपालिका बहरोड़, विक्रम सिंह यादव उप चेयरमैन नगरपालिका बहरोड़ व मनोज कुमार पार्षद वार्ड नंबर 35 नगर पालिका बहरोड़ ने आनन-फानन में समर स्मारक बहरोड के शिलान्यास कार्यक्रम में सेसाड़ा जोहड मार्ग जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के मुख्य दरवाजे के सामने भरे भारी कीचड़ में मैट बिछाकर दलदल भरे कीचड़ के ऊपर से शिलान्यास स्थल पर पहुंचकर समर स्मारक पट्टिका के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। समर स्मारक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बहरोड़ के अधीन नीमराणा, बानसूर, बहरोड़ तथा मुंडावर क्षेत्र के 155 शहीद सैनिकों की यादगार में समर स्मारक बनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पांच वरिष्ठ सैनिक दिलीप, लायक राम, धर्मपाल व मनोहर सहित का माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र के विधायक बलजीत यादव के द्वारा समर स्मारक के निर्माण व विकास हेतु लगभग 50 लाख रुपए की। जिसमें 155 शहीदों की यादगार में गार्डन, पट्टीका, ट्रैक, कुर्सियां इत्यादि समस्त प्रकार की उचित व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए समर स्मारक का निर्माण किया जाएगा लेकिन विधायक ने इसका जिम्मेदार भी नगरपालिका बहरोड़ को ही बना दिया। समर स्मारक निर्माण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम सामान्य तौर पर ही आयोजित किया गया है जिसके लिए विधायक बलजीत यादव ने कोई प्रेस नोट आदि देने में विशेष रूचि नहीं लेने के लिए कहा गया बताया।

### शिकायत के बाद भी नहीं हट रहा अतिक्रमण

**थानागाजी, (निसं)।** कस्बे के समीप ग्राम द्वारापूं में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण से पिछले 50 वर्षों से लगातार विद्यालय प्रशासन एवं ग्रामीणों की ओर से पैमाइश की मांग करते हुए अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए कई बार प्रशासन को एवं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिख कार्यवाही करने की मांग की जा चुकी है। लेकिन प्रशासन मौन साधे हुए है। वही प्रशासनिक उपेक्षा के चलते अतिक्रमित भूमि पर अतिकर्मियों का कब्जा बना हुआ है। जबकि उक्त विद्यालय की चारदीवारी हेतु पैसा भी आ चुका है। अधिकारियों के गंभीर नहीं होने से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त हैं।

दिनेश कुमार मीणा, तहसीलदार थानागाजी का कहना है कि स्कूल प्रांगण का सीमाज्ञान मैंने करवाया है।स्कूल द्वारा प्रस्ताव लेकर अतिक्रमण की सूचना हमें दे। ताकि हम अग्रिम कार्यवाही अमल में ला सके।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

**रामगढ़ पचवारा, (निसं) ।** भारतीय जनता पार्टी जिला दौसा की जिला कार्यसमिति की मीटिंग जिला अध्यक्ष डॉ. रतन तिवारी की अध्यक्षता में डूंगरपुर कॉलेज परिसर में जिला कार्यसमिति की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका सिंह गुर्जर, विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद जसकौर मीणा एवं राजस्थान सरकार के पूर्व संसदीय सचिव जितेंद्र गोठवाल की मौजूदगी में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाने पर रहा। राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह एवं दौसा जिले की सांसद जसकौर मीणा द्वारा ने केंद्र सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए कहा की राजस्थान की किसान विरोधी कांग्रेस सरकार आपराधिक मामलों में राजस्थान को नंबर एक पर खड़ा करने वाली सरकार, महिला दुष्कर्म में राजस्थान को नंबर एक पर लाने वाली राजस्थान सरकार, महिलाओं पर अत्याचार दलितों पर अत्याचार, साइबरक्राइम, बेरोजगारी, बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी, पेट्रोल डीजल की कीमत तुलनात्मक राजस्थान में बढ़ी हुई, परीक्षाओं के पेपर लीक,सारे मुद्दों पर राजस्थान सरकार की विफलता को प्रकट करते हुए राजस्थान सरकार की भर्तसना की। और राजनीतिक प्रस्ताव पेश कर कार्यकर्ताओं का आव्हान किया। पूर्व संसदीय सचिव जितेंद्र गोठवाल, महुआ के पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा व रामविलास मीणा डूंगरपुर ने भी राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि राजस्थान में चारों तरफ आतंकवाद, गुंडागर्दी ,लूट और बेईमानी का साम्राज्य स्थापित हो रहा है। जिले के संगठन प्रभारी शैलेंद्र भार्गव, सह प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री मोहन मोरवाल,जिलाध्यक्ष डॉ रतन तिवारी, वरिष्ठ नेता डॉक्टर प्रभु दयाल शर्मा, पूर्व सभापति और जिला महामंत्री राजकुमार जायसवाल सतपाल मीणा ,हरकेश मटलाना सहित सैकड़ों की तादात में कार्यकर्ताओं ने कार्यसमिति में भाग लिया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** कस्बे के बस स्टैंड स्थित चांद देवी सहरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हेमंत चतुर्वेदी प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय एवं विकास कुमार शर्मा प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड नंबर 11रहे। कार्यक्रम में सत्र 2021-22 में कक्षा 12वीं आर्ट्स कि छात्रा मधु अटल ने 92.20 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया साथ ही कक्षा 8, 10 एवं 12 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा कर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूनम कुमारी, पुष्पा शर्मा, रुकमणी कंवर, धर्मपाल सिंह चौधरी, गजानंद यादव, दलजीत कौर, मुकेश भार्गव, मोहनी सारण, बिना जांगिड़, गीता सेठी, चौथमल यादव सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### दलित उत्पीड़न के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**अलवर।** दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सह संयोजक डॉ. रमेश बैरवा के नेतृत्व में बड़ौदा मेव थाने के गांव रोनपुर में दलित उत्पीडन के आरोपियों की गिरफ्तारी सहित कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग के लिए जिला कलेक्टर और एसपी से पीड़ित परिवारजन सहित बड़ी संख्या में दलित समुदाय के लोग मिले। मुख्य सचिव की वीसी में व्यस्त होने के कारण कलेक्टर का ज्ञापन एडीएम प्रथम तथा एसपी नहीं होने के कारण कार्यवाहक एस पी को दिए गए। प्रशासन ने पीड़ितों को कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन में उल्लेख है कि गांव रोनपुर में तीजा देवी, इनके बेटे गजानन्द जाटव के साथ 22 जून को गैर अनुसूचित जाति के लोगों ने जातिसूचक गाली गलोंच कर मारपीट की थी, जिसकी एफआईआर दर्ज है। इस प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी लक्ष्मणगढ़ डीवाईएसपी के यहां पीड़ितों के बयान हो चुके हैं। लेकिन आरोपी अब पीड़ितों को धमका रहे हैं। झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दे रहे हैं। इनके परिवार को खतरा है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। गवाह को धमकाया जा रहा है। गांव के दलित भी परेशान हैं।

# पालिका ने 100 साल पुराने भवन को छोड़ नए भवन में प्रवेश किया

**सांभरझील, (निसं)।** यहां रेलवे स्टेशन रोड स्थित नगरपालिका के नवनिर्मित भवन में आज पालिका स्टाफ ने अनौपचारिक शुभारंभ कर कार्यालय शिफ्ट किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भवन पर पालिका के करीब 2 करोड़ 40 लाख रुपए खर्च हुए हैं। बड़ा बाजार

- **शिफ्ट होने के दौरान कोई बड़ा प्रोग्राम नहीं किया गया था**

स्थित नगरपालिका के 100 साल पुराने भवन को अब पालिका अन्यत्र काम में लेगी। हालांकि आज नए भवन में शिफ्ट होने के दौरान राजनीतिक स्तर पर कोई बड़ा प्रोग्राम ऑर्गेनाइज नहीं किया गया था। इसकी भी चर्चा नगर में जोरों पर रही। जानकारी आया है कि आनन-फानन में नवीन भवन में शिफ्ट



**सांभर नगरपालिका के नवनिर्मित भवन में पालिका स्टाफ ने अनौपचारिक शुभारंभ कर कार्यालय शिफ्ट किया।**

होने की सूचना मीडियाकर्मी तक को नहीं दी गई थी। विभागीय सूत्रों से जानकारी जुटाने पर बताया गया कि बाद में इस भवन का औपचारिक उद्घाटन भव्य समारोह के रूप में मनाया जाएगा। बता दें कि नवीन भवन में शिफ्ट होने की प्रक्रिया के दौरान भारतीय जनता पार्टी वह कांग्रेस के कुछ पार्षदों को छोड़कर अधिकांश की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन से जुड़े लोगों ने भी शिरकत की। बताया गया कि अब सोमवार से इस नए भवन में स्टाफ अपने नियमित कार्य को संपादित करेगा। इस मौके पर नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा अनेक जनप्रतिनिधियों की भी मौजूद की रही।

### महिला दिवस पर जागरूक किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विनायक महिला विकास समिति श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में अंबेडकर भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

महिला चिकित्सक माया सैनी ने कहा कि महिलाएं आगे आकर आत्मनिर्भर बने तभी आपके परिवार का और देश का विकास संभव है। दक्ष प्रशिक्षक रामअवतार मिश्रा ने महिलाओं को बताया कि महिला समाज में एक बेटी से लेकर मां तक के रिश्ते को तय करती है एवं बिना महिला के समाज का उत्थान नहीं हो सकता। संस्था के प्रतिनिधि राजकुमार कुमावत ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर आशा सहयोगिनी सुनीता देवी स्वयं सहायता समूह की सक्रिय महिला ममता देवी व प्रेम देवी को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर पुष्पा देवी, कनिष्ठ लिपिक नरेंद्र कुमार, सीओ अनूप कुमार मीणा, अध्यक्ष आशा देवी व शीला देवी, विक्रम यादव, रामजी लाल सैनी, एवं कई महिलाओं ने भाग लिया।


fincare Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. www.fincarebank.com

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ( "Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles as per below schedule.

| Loan Account no | Name of the borrower | Auction Venue | Auction Date |
|---|---|---|---|
| 2166000499942 | RAVI PRATAP SINGH | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, 386-SHOPPING CENTER, GHODE WALE BABA CROSS ROAD, BESIDE SANCHIT TOWER, GUMANPURA ROAD, KOTA, RJ, 324007 | 20-07-2022 |
| 2166000499962 | | | |
| 2166000623931 | GEETIKA HADA | | |
| 2166000625317 | FAYAZUDDIN ANSARI | | |
| 2166000626075 | VIKAS MEENA | | |
| 2166000490609 | RAJESH KUMAR | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, CHOPARA HOUSE, 27A/80- ADARSH SOCIETY GATE NUMBER 3, NEAR ITI CIRCLE, JODHPUR, RJ, 342001 | 20-07-2022 |
| 2166000508638 | | | |
| 2166000535726 | KISHAN LAL | | |
| 2166000592777 | AJAY PRAJAPAT | | |
| 2166000547823 | MR. BHAVANI HARIJAN | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., NEAR ASHIRVAD GARDEN SHANTI NATH COLONY, GROUND FLOOR BALAJI WAFERS BUILDING, UDAIPUR, RJ, 313027 | 20-07-2022 |
| 2166000548521 | MR. GOVIND SINGH RATHOD | | |
| 2166000497466 | DEVENDRA SINGH | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, SHOP NO-2 & 3, A-235, GURU JEMBESHWAR NAGAR, GANDHIPATH, QUEENS ROAD, JAIPUR, RJ, 302021 | 20-07-2022 |
| 2166000555808 | | | |
| 2166000567275 | MR. GAJRAJ SINGH | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., 1ST FLOOR, SHOP NO.10 TO 12, ASHIRWAD SHOPPING CENTER, DUNGARPUR ROAD, NEAR AMBA MATA MANDIR COLLEGE, BANSWARA, RJ, 327001 | 20-07-2022 |
| 2166000572975 | MAVAJI DINDOR | | |
| 2166000622742 | BHARAT NINAMA | | |
| 2166000561286 | POORAN MAL HARIJAN | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., A/23, BAPU NAGAR, ROAD NO.13, SETHI, NEAR SBI BANK, CHITTAURGARH, RJ, 312001 | 20-07-2022 |
| 2166000591359 | MR. RAJ KUMAR JAT | | |
| 2166000606883 | SANTOSH | | |
| 2166000524287 | ZUBER KHAN | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, NEAR DR. HONNY GUPTA NURSING HOME, OPP. HP PETROLPUMP, STATION ROAD, KOTA, RJ, 324001 | 20-07-2022 |
| 2166000546185 | SURESHCHANDJAIN | | |
| 2166000559911 | MR. RADHEY SHYAM | | |
| 2166000561846 | ZUBER KHAN | | |
| 2166000594313 | NARENDRA | | |
| 2166000599104 | MR. KAYYUM | | |
| 2166000615656 | BHANWAR SINGH | | |
| 2166000623081 | SUNIL KUMAR | | |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

## संक्षिप्त

### ईदुलजुहा का त्यौहार कल

**टोंक,** (निसं)। त्याग एवं बलिदान का प्रतीक ईदुलजुहा का त्यौहार रविवार को मनाया जायेगा। ईदुलजुहा की नमाज एवं तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जामा मस्जिद काफला में ईदगाह कमेटी की मोलवी सईद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कमेटी के सचिव हाजी मोईनुद्दीन ने बताया कि ईद की मुख्य नमाज ईदगाह मैदान में सवेरे 8.30 बजे आयोजित की जायेगी। इसके लिये ईदगाह मैदान में वजु, जानमाज आदि की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। बैठक में मोलवी खिजर मिंया, मोलवी आदिल सहित कमेटी के मैम्बर मौजूद थे।

### संदिग्ध घूमते हुए दो जने गिरफ्तार

**टोंक,**(निसं)। बनेठा पुलिस ने संदिग्धावस्था में घुमते हुए दो जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, एएसपी सुभाष चन्द्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद के निर्देशानुार पुलिस थाना अधिकारी बनेठा भंवर लाल के सुपरविजन में एएसआई सुरेश सिंह ने जाप्ता रात्रि के समय मीणों की झौपडियों सरकारी स्कूल की दीवार के पास सुदामा पुत्र हीरालाल मोग्या निवासी मुगलाना थाना घाड व राजूलाल पुत्र कालू मोग्या निवासी दूनी को संदिग्धावस्था में घुमते पाएं जाने पर गिरफ्तार किया है।

### 'पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित नहीं रहे'

**निवाई,** (निसं)। एसडीएम त्रिलोकचंद मीणा की अध्यक्षता में घुमन्तु, अर्द्ध घुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों के सर्वे को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में एसडीएम मीणा ने सभी अधिकारियों को सरकारी प्रपत्र के अनुसार घुमन्तु, अर्द्ध घुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों का सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे का कार्य तय समय में पूरा कर रिपोर्ट तैयार करें। सर्वे के दौरान पात्र परिवार वंचित न रहे इसका अधिकारी पूरा ध्यान रखें। कार्यशाला में विकास अधिकारी डॉ.सरोज बैरवा, महिला व बाल विकास अधिकारी बंटी बालोटिया, क्षेत्र की समस्त प्रसाविका, एमपीडब्ल्यू, पंचायत सहायक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया

**मालपुरा,** (निसं)। पचेवर थाना क्षेत्र की एक विधवा महिला ने थाने में उपस्थित हो पति की मौत के बाद पांच साल से पति के दोस्त द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किये जाने का नामजद मामला दर्ज करवाया। थानाधिकारी ने बताया कि महिला की ओर से दी रिर्पोट में बताया कि उसके पति की मौत हो जाने के बाद पति के करीबी दोस्त ने उसके साथ पांच साल तक दुष्कर्म किया तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दे 80 हजार रूपये भी ऐंठ लिये। विधवा की ओर से दी रिर्पोट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### खिलाडी लाल बैरवा 13 को टोंक में

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा बुधवार 13 जुलाई को टोंक आएंगे। बैरवा प्रात: 9 बजे टोंक सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा 9:15 बजे अनुसूचित जाति के उत्थान एवं अधिकारों के लिए कार्यरत सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात एससी आयोग के अध्यक्ष प्रात: 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

# मालपुरा में कावड़ यात्रा को लेकर बनाए नवीन मार्ग का जायजा लिया

- त्यौहारों पर कानून व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने ली बैठक
- शहर में पुलिस जवानों ने किया फ्लेग मार्च



कावड यात्रियों के लिए बाइपास सड़क निर्माण का एसडीएम, एएसपी, डीवाईएसपी, पालिका ईओ, पीडब्लूडी एईएन सहित अन्य अधिकारियों ने जायजा लिया।

**मालपुरा,** (निसं)। दो साल के कोरोना काल की पाबंदियों के बाद इस बार एक अगस्त को मालपुरा में कावड यात्रा के आयोजन को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पूर्ण अलर्ट मोड पर हैं। वर्ष 2018 में कावड यात्रा के दौरान उपजे सामप्रदायिक तनाव के बाद दो साल कोरोना महामारी की लगी पाबंदियों से हटी रोक के बाद कावड़ यात्रा समिति द्वारा 1 अगस्त को मालपुरा में कावड यात्रा के भव्य आयोजन व शिव जलाभिषेक कार्यक्रम घोषित करने के साथ ही पुलिस व प्रशासन पूर्ण अलर्ट मोड पर आ गया।

संभागीय आयुक्त सहित जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधिक्षक ने मालपुरा में प्रशासनिक अधिकारियों की अलग-अलग बैठकें आयोजित करने एवं दोनों समुदायों व शांति समिति की संयुक्त बैठकें ले कावड यात्रा सहित सभी त्यौहारों को सोहार्दपूर्ण मनाये जाने की अपील के साथ साथ पुलिस व प्रशासन से जुडे अधिकारीयों को मुस्तैद रहने के आदेश जारी किये गये।

प्रशासन द्वारा कावड यात्रा अन्य दोनों समुदायों के धार्मिक जुलूसों के आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा नवीन मार्ग निर्धारण किये गये है जिसमें दूदू छाण स्टेट हाईवे के टोडारोड आरएसी लाईन से घाणा के बालाजी तक 765 मिटर नवीन सडक निर्माण का निर्णय लिया गया। संभागीय आयुक्त के आदेशों के बाद नगर पालिका प्रशासन ने बाईपास सडक निर्माण के लिए मिट्टी डाल धरातल तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार को एसडीएम, एएसपी, डीवाईएसपी, पालिका ईओं, पीडब्लूडी एईएन ने बाईपास सडक निर्माण मार्ग का जायजा लेते हुए बताया कि मिट्टी डलाई के बाद डामरीकरण सडक निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है। पीडब्लूडी ने बाईपास सडक निर्माण के लिए जल्द निविदा जारी करने की जानकारी दी।

1 अगस्त से पूर्व बाईपास सडक निर्माण कार्यपूर्ण किये जाने को लेकर प्रशासनिक अधिकारीयों ने पालिका व पीडब्लूडी को आवश्यक निर्देश दिये। जिससे की कावड यात्रा को नवीन मार्ग से ही निकाला जा सके। वही ईद ऊल जुहा व देवशयनी एकादशी सहित चार्तुमास पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीयों ने पुलिस जवानों के साथ शहर में किया फ्लेग मार्च।

### यादव समाज के छात्रावास का शिलान्यास समारोह आज

**चाकसू,** (निसं)। शनिवार को कस्बे के कोटखावदा मोड़ जाने वाली डाक बंगला रोड पर उपखंड क्षेत्रीय यादव समाज की बालिकाओं के लिए यादव समाज द्वारा छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोह का आयोजन किया जायेगा।

यादव समाज के अध्यक्ष हनुमान यादव ने बताया कि यादव समाज की बालिकाओं को बेहतर शिक्षा एवं अध्ययन के लिए उचित घर जैसा माहौल व सुविधाएं मुहैया कराने के लिए समाज के सहयोग से बालिका छात्रावास का निर्माण करवाया जा रहा है जिससें समाज की होनहार प्रतिभाएं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढें एवं बालिकाओं के उन्नित की और बढतें कदमों को नये पंख लग सके।

विधायक वेदप्रकाश सोलंकी के सहयोग से डाक बंगला रोड, कोटखावदा मोड चाकसू में जमीन आवंटित करवाई गई बालिका छात्रावास के उद्घाटन समारोह में विधायक सोलंकी, देवेंद्र यादव उत्तराखंड प्रभारी, राजेंद्र यादव ग्रह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार, डॉ.करण सिंह यादव प्रदेशाध्यक्ष यादव महासभा, हरसाय यादव जिला परिषद सदस्य, मनीष यादव विधायक प्रत्याशी शाहपुरा,कमलेश बैरवा चैयरमैन नगरपालिका चाकसू सहित अन्य वरिष्ठ समाज बंधूओ सहित यादव समाज के सभी गांवों एवं सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

## सार-समाचार

### नकदी व आभूषण चोरी

**निवाई,** (निसं)। गांव मोहनपुरा में गुरूवार की रात अज्ञात चोर एक मकान से 1 लाख की नकदी व करीब 50 हजार के आभूषण चुरा ले गए। पीडित ने घर में चोरी होने की सूचना तत्काल सदर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया तथा पीड़ित से जानकारी ली। सदर थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि गांव मोहनपुरा निवासी पीड़ित रामू पुत्र प्रहलाद मीणा ने बताया कि वह गुरूवार की रात मकान में ताला लगाकर बाहर सो गया था। देर रात में अज्ञात चोर मकान में पीछे की खिडकी तोडकर अंदर घुस गए और कमरे में रखी अलमारी से 1 लाख रुपये तथा 50 हजार रुपये के आभूषण चुरा ले गए। पीड़ित ने तत्काल सदर थाना पुलिस को चोरी की वारदात की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस ने चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



### भाजपा महिला मोर्चा ने किया पौधारोपण



**निवाई,** (निसं)। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए। महिला मोर्चा की शकुंतला पारीक ने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष अलका के निर्देशानुसार 3 दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम का शुक्रवार को मंडल स्तर पर महिला मोर्चा द्वारा शहर में सघन वृक्षारोपण कार्यत्रम के तहत सैंकडो पौधे लगाएं गए। मोर्चे के प्रत्येक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता द्वारा 5-5 पौधे लगाए। इस दौरान शहर अध्यक्ष कौशल्या शर्मा, उषा कुमावत, ममता खंगार, कुसुम पारीक, शकुंतला छाबडा, आशा जैन सहित कई महिलाएं मौजूद थे।

### जगह-जगह लगाए पौधे

**निवाई,** (निसं)। पुलिस जन सहभागिता को लेकर चैनपुरा में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में थानाधिकारी अजय कुमार बैठक में थानाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भडकाने वाली पोस्ट पर कोई ध्यान नहीं दें। यदि ऐसी कोई पोस्ट आती है तो कृपया उसे आगे शेयर नहीं करें। उन्होंने साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने, यातायात नियमों का पालन करने, साइबर क्राइम, महिला उत्पीडन, बालिकाओं से छेडछाड सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कानूनी जानकारी दी। इस दौरान जनसहभागिता को लेकर विभिन्न स्थानों पर 200 पौधे लगाए गए। शुक्रवार को पुलिस ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा के खेल मैदान एवं सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न छायादार पौधे रोपे। थानाधिकारी ने बताया कि निवाई थाना क्षेत्र में जन सहभागिता के तहत गांव झिलाय, केरोद, ढाणी जुगलपुरा, पलेई, अलियाबाद, खण्डदेवत, सीदडा, डांगरथल, हिंगोटिया, करणपुरा, वनस्थली सहित विभिन्न गांवों में स्कूलों, राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर, बैंक परिसर, श्मशान भूमि सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर 1100 पौधे रोपे जाएंगे। इस दौरान ग्रामीणों को वृक्षारोपण और संरक्षण के लिए शपथ दिलवाई गई तथा ग्रामीणों ने पौधों की सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी ली।

### डॉ. उमेश का राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन

**मालपुरा,** (निसं)। राज्य सरकार व चिकित्सा विभाग द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के अर्न्तगत सरकारी अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा नसबंदी ऑपरेशन कर सरकार की योजनाओं का लाभ लिये जाने के जारी आदेशों पर मालपुरा के सरकारी अस्पताल में सर्वाधिक नसबंदी ऑपरेशन करने पर डॉ. उमेश शर्मा का राज्य स्तरीय पुरूस्कार के लिए चयन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. जीतराम मीणा ने बताया कि डॉ. उमेश शर्मा द्वारा मालपुरा अस्पताल सहित केम्पों में अपनी सेवाए दे सर्वाधिक नसबंदी ऑपरेशन किये गये। केम्पों के आंकडों के आधार पर परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरूस्कार योजना के अर्न्तगत डॉ उमेश का 11 जुलाई को इंद्रा गांधी पंचायत राज संस्थान जवाहर लाल नेहरू मार्ग जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चयन किया गया है। समारोह में डॉ उमेश को पांच हजार की नकद पुरूस्कार राशि एवं प्रशंस्ती पत्र के सम्मान से नवाजा जायेगा।

### सुरेश्वरी सारंग माता मंदिर के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहडा की पहाडी पर स्थित सुरेश्वरी सारंग माता मंदिर के स्थापना दिवस पर हर वर्ष की भाती शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित हुअस। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा सुबह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं डीजे की धुन पर नाचती गाती हुई चल रही थी। इसके बाद पंडित राघवेन्द्र द्वारा वेद मंत्रों के बीच हवन करवाया। इस दौरान आयोजित भंडारे में माता को भोग लगाकर श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की एवं माता से सुख समृद्धि की कामना की। अष्टमी को सुंदरकांड पाठ सेवा समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुजारी मगन शर्मा,पूर्व उपसरपंच बबलू सिंह,ओमप्रकाश जांगिड, सतपाल सिंह, संजय जोशी, पुष्कर शर्मा, सुभाष सिंह, बंटी सिंह,सुरेंद्र जांगिड, लखन सिंह अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छेड़खानी से परेशान युवती ने की आत्महत्या

- मामा के घर आने के बाद भी नहीं छोड़ा पीछा

**गोविंदगढ़/ अलवर,** (निसं)। कस्बे के नजदीकी गांव भेसडावत निवासी भगवान सिंह पुत्र हीरालाल सैनी द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि प्रार्थी की भांजी सोनम पुत्री रामचंद्र माली निवासी गाला खेड़ा थाना खेरली गंज करीब 1 माह पूर्व मेरे घर आई हुई थी क्योंकि मेरी भांजी सोनम को उसके गांव के लड़के अनोखा राम पुत्र कुंदन लाल माली व प्रीतम पुत्र हारया माली तंग परेशान करते थे।

जब वह स्कूल खेड़ली जाती तो वह लड़के उसका पीछा करते थे तेरी बार सोनम को रास्ते में गंदी गंदी बात करते। सोनम ने अपने पिता रामचंद्र को भी इस घटना के बारे में बताया। रामचंद्र ने उन लड़कों को कई बार समझाया वे उनके घर वालों को भी बताया लेकिन उक्त लड़कों ने सोनू का पीछा करना नहीं छोड़ा।

जिससे परेशान होकर मेरे जीजाजी ने भांजी सोनम को मेरे घर भैंसडावत भेज दिया। लेकिन प्रीतम व अनोखा राम ने सोनम का पीछा करना नहीं छोड़ा और उसने मेरे गांव भैंसडावत में तक आने लग गए तो मेरी भांजी ने मुझे वह मेरी पत्नी को बताया कि वह लड़के 4 जुलाई को जब मैं मंदिर गई तब मुझे मिले थे तथा मुझे धमकी दे रहे थे तुझे यही से भगा कर ले जाएंगे। हमारे पास तेरे फोटो है या तो तू हमारे साथ राजी खुशी से चल नहीं तो तेरे परिवार वालों को जान से खत्म कर देंगे।

तभी से वह परेशान वह सदमे में थी इसी बात को लेकर 6 जुलाई को दोपहर करीब 12-1 बजे मेरे घर पर रखी नरमे की कीटनाशक दवाई पीली जब उससे उल्टी होने लगी तो पता चला कि सोनम ने बताया कि अनोखा राम और प्रीतम मुझे बदनाम कर देंगे मैं नहीं कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं रहूंगी फिर हम तुरंत उसको गोविंदगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार देकर अलवर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसका इलाज के दौरान 7 जुलाई को उसका देहांत हो गया।

# पीएचईडी ने नेहरू पार्क के पास खुला छोड़ा गड्ढा

- छह दिन पहले पेयजल लाइन ठीक करके चले गये कार्मिक



सांभर में तेली दरवाजा रोड से मुगल सिंधी मौहल्ला के रास्ते के बीच गहरा गड्ढा खुला पड़ा है।

**सांभरझील,** (निसं)। यहां तेली दरवाजा रोड से मुगल सिंधी मौहल्ला जाने वाले रास्ते पर नेहरू पार्क की चारदीवारी के नजदीक टूटी पेयजल लाइन को सुधारने के बाद जलदाय विभाग गहरे गड्ढे को ही भरना भूल गया है।

पीएचईडी की लापरवाही इससे साफ परिलक्षित होती है। बताया जा रहा है कि विगत दिनों बारिश के बाद सड़क के नीचे करीब चार-पांच फीट दबी पेयजल लाइन के फटने से हजारों लीटर पानी की बर्बादी हुयी है।

विभाग के कार्मिकों ने कम संसाधन होने के बावजूद इसे बमुश्किल ठीक तो कर दिया लेकिन सड़क के बीच करीब तीन फीट चौड़ा व पांच फीट लम्बा गहरा गड्ढा आज भी खुला ही पड़ा है। इससे आसपास मौहल्ले में जाने वाले लोगों व वाहन चालकों के चोटिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि विभाग एक तो समय पर क्षितग्रस्त पेयजल लाईन को ठीक नहीं करता है और यदि ठीक कर भी देता है तो सड़क खोदने के बाद इसे भरा नहीं जाता है।

## छेड़खानी व दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को 3 वर्ष का कारावास

**बौंली,** (निसं)। पॉक्सो एवं परिवार न्यायालय सवाई माधोपुर ने एक नाबालिग पीड़िता के साथ रात में जबरदस्ती छेड़खानी व दुष्कर्म के प्रयास करने केआरोपी नरसी गुर्जर निवासी कराडी थाना बौंली को आरोप सिद्ध होने पर 3 वर्ष का कठोर कारावास व 18हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायपालिका को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में 14 वर्षीय पीड़िता के साथ उपस्थित होकर नाबालिग के पिता ने बताया कि 19 जुलाई 2019 को रात्रि के 9 बजे नरसी गुर्जर मेरी नाबालिग बच्ची से घर में घुसकर छेड़खानी व दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बच्ची के चिल्लाने पर उसकी 70 वर्षीय दादी ने शोर मचा दिया जिससे आरोपी भाग गया। बच्ची के माता-पिता निवाई में मजदूरी करके पेट पालन करते थे। इस घटना के बाद भी आरोपी नरसी गुर्जर ने दूसरे दिन घर पर आकर बच्ची के साथ की गई घटना की अन्य किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी एवं घर छोड़कर जाने की हिदायत दी। न्यायालय ने आरोपी को 457 आईपीसी के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास व 5हजार के अर्थदंड से 354 आईपीसी के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास व 5हजार अर्थदंड से 7/ 8 पोक्सो एक्ट के तहत 3 वर्ष का कारावास व 5हजार के अर्थदंड से एवं 506 आईपीसी के तहत 1 वर्ष का कठोर कारावास दंडित किया है।

### 'भागवत श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति'

**सांभरझील,** (निसं)। यहां देवयानी पर सालिगरामदास त्यागीजी महाराज के सानिध्य में जन सहयोग से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारम्भ हुआ। बताया गया कि गंगा माता मंदिर से भागवत पूजन के बाद कथा स्थल तक 51 महिलाओं की ओर से कलश यात्रा निकाली गयी। अयोध्या धाम के आचार्य धरणीधर महाराज की ओर से भागवत के महात्मय पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण की कथा मोक्षदायिनी है जिसकी कथा को श्रवण करके ही धुंधकारी जैसा महाखलु इस भाव से तर जाता है हम सभी भी नि:संदेह इस कथा के श्रवण मात्र से मोक्ष की प्राप्ति व सभी मनोकामनाओं को भी प्राप्त करेंगे।

## सड़क के लिये समाज के पदाधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन

**सांभरझील**, (निसं)। यहां अम्बेडकर भवन के सामने से तेजाजी चौक तक जाने वाले रास्ते पर सड़क निर्माण करवाये जाने मांग को लेकर रैगर समाज के अध्यक्ष के घर के बाहर रैगर समाज के सदस्य एवं पब्लिक राइट्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाललाल नोगिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रब्बानी खान, प्रदेश सचिव दिनेश बंजारा व महिला अध्यक्ष छोटीदेवी की ओर से प्रदर्शन किया गया तथा शीघ्रताशिघ्र इस सड़क को बनाये जाने की गुहार लगायी।

बता दें कि इस सड़क का निर्माण करवाये जाने की मांग को लेकर पहले भी यहां के कुछ पार्षदों ने नगरपालिका से भी लिखित में शिकायत पेश कर चुके है। बताया जा रहा है कि बारिश के दिनों में यहां पर टूटी फूटी सड़क से पानी भर जाता है तथा रास्ता उपयोग में नहीं आ पाता है। इस मामले में रैगर समाज के अध्यक्ष चौथमल दौतानिया से बात करने पर बताया कि जिस जगह सड़क निर्माण के लिये दबाव बनाया जा रहा है वह समाज के स्वामित्व की आराजीयात है तथा इसी मामले में एक सिविल वाद अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सांभर की अदालत में विचाराधीन है तथा नगरपालिका को भी इसमें पार्टी बनाया गया है, चूंकि मामला न्यायालय में लम्बित है इसलिये समाज का अध्यक्ष होने के नाते यहां पर सड़क निर्माण करवाये जाने के लिये मेरी ओर से नगरपालिका को लिखित में दिया जाना कानूनी परिपेक्ष्य में उचित नहीं है।

# तेजी से बढ़ रहा दलित उत्पीड़न, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो: मेघवंशी



जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के सदस्य भंवर मेघवंशी डॉ.रमेश बैरवा के निवास पर आयोजित परिचर्चा में डीएसएमएम के कार्यकर्ताओं से मिले।

**अलवर,** (निसं)। प्रसिद्व लेखक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा राजस्थान सरकार की जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के सदस्य भंवर मेघवंशी दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा के बुध विहार स्थित निवास पर आयोजित परिचर्चा में डीएसएमएम के कार्यकर्ताओं से मिले। डीएसएमएम के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर अलवर में दलित उत्पीडन की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर प्रदेश में बढ़ते दलित उत्पीडन के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर मंच के जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा, सह संयोजक फतेहसिंह, संयोजक मंडल के सक्रिय सदस्य मनोज आर्य, प्रोफेसर सुंदर बसवाल, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला सचिव कॉमरेड रईसा, पत्रकार डॉ.महेश वर्मा, सुखमनहेड़ी से पीड़ित दलित परिवार के फूलचंद, रामदयाल, ओमप्रकाश, दयाराम, डॉ विनोद, रवि देवतवाल, एडवोकेट पंकज सांवरिया, जगदीश गांधी, अभिषेक हुड़ियावाल अभिषेक, प्रकाश बौद्ध, विनय रावत, एसएफआई जिला सचिव जनित कुमार, मनीष सिंघल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। भंवर मेघवंशी ने चिंता प्रकट की है कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन आमजन के हालात चिंताजनक हैं। दलितों की स्थिति तो और भी बदतर है। दलित उत्पीड़न तेजी से बढ़ रहा है इसलिए बेहद जरूरी है कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो।

अच्छी बात है कि बढ़ते दलित उत्पीड़न के मौजूदा दौर में डीएसएमएम अलवर में सक्रिय है और निडरता से अपना कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर भंवर मेघवंशी को डीएसएमएम की और से ज्ञापन देकर सुखमनहेड़ी,रोनपुर,गैंगरेप की शिकार सहित पीड़ित दलितों को न्याय दिलाने के लिए जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष के संज्ञान में मामलों को लाने की मांग की है। परिचर्चा का संचालन मंच जिला संयोजक एडवोकेट डीएल वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन संयोजक मंडल के सदस्य मनोज आर्य ने किया।

### नवीन कार्यकारणी ने शपथ ली

**मालपुरा,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय रोटरी क्लब की मालपुरा शाखा रोटरी क्लब ग्रीन की नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह महेश सेवा सदन मे आयोजित किया गया।

समारोह में रोटरी जिला प्रान्तपाल बलवंत चिराणा ने क्लब के अध्यक्ष भागचन्द जैन व सचिव अरविन्द काबरा सहित नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिला क्लब बैच लगाया गया। समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणीय संगठन रोटरी क्लब ग्रीन के नवीन अध्यक्ष व सचिव ने क्लब की आगामी योजनाओं व सेवा कार्यों से अवगत करवाया तो जिला प्रान्तपाल ने कहा कि मालपुरा क्लब परिवार की स्थापना से लेकर अब तक क्लब की ओर से सामाजिक सरोकार के जो अनुकरणीय कार्य किये गये है। वो प्रदेशभर में मिशाल के रूप में देखे गये हैं। कोरोना काल के दौरान महामारी मे अकाल मौत का ग्रास बनते कोरोना रोगियों की जान बचाने तथा सरकारी अस्पताल में भर्ती रोगियों के लिए उपकरण व संसाधन उपलब्ध करवाना क्लब के सेवा कार्यों को दर्शाता है।

# विद्यालय में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया



भामाशाहों ने विद्यार्थियों को देखभाल करने का संकल्प दिलाकर पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

**चाकसू,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत तामड़िया के रा.उ.मा. विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने वृक्षारोपण कर प्रकृति बचाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या सरिता खिर्ची ने बताया कि थूणी अहीरान के भामाशाह वन विभाग से रिटायर्ड बजरंग लाल यादव एवं उनके भतीजे राजेश यादव ने विद्यालय स्टाफ से प्रोत्साहित होकर छायादार 101 पौधे भेंट किये। जिनको विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने नियमित रूप से पानी पिलाने एवं देखभाल करने का संकल्प लेकर वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

विद्यार्थियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानाचार्या सरिता खिर्ची एवं विद्यालय स्टाफ के प्रोत्साहन से भामाशाहों, तामडिया सरपंच मुकेश चौधरी एवं स्टाफ के संयुक्त सहयोग से तामडिया विद्यालय का कायाकल्प हो रहा है।

विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी विधायक कोटेशन चार दीवारी एवं मिट्टी भराई के बाद भामाशाहों एवं स्टाफ के सहयोग से चार दीवारी के ऊपर इंगल लगाकर तार खिंचकर सुरक्षा बढाई गई विद्यालय में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होने के साथ ही आनलाइन पढाई के लिए सैटेलाइट सुविधा भी उपलब्ध हैं।



विराट ने निश्चित रूप से आईपीएल के अंत में थोड़ा आराम किया था। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि उसे विश्राम की जरूरत है। ऐसा लगता है कि उसे क्रिकेट से तीन महीने दूर रहने की जरूरत है। उसे समुद्री तट पर जाकर बैठना और समय बिताना चाहिए। **– माइकल वॉन**

**इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, विराट कोहली के बारे में।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## ब्रेंडन मैकुलम



**पिछले** एक महीने में विश्व क्रिकेट में सबसे ज्यादा चर्चा 'बाजबॉल' की हुई है लेकिन इसके प्रेरणास्त्रोत इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम को इसके बारे में अनवरत चर्चा हास्यास्पद लगती है। मैकुलम के उपनाम 'बाज ' से प्रेरित 'बाजबॉल' टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के बदले तेवरों से जुड़ा है। मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड की टीम पूरी तरह से बदली हुई दिख रही है। न्यूजीलैंड को 3.0 से हराने के बाद भारत के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट में रिकॉर्ड 378 रन का लक्ष्य हासिल करके उसने जीत दर्ज की।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्वकप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।

# भारत ने पहला टी-20 जीता

### इंग्लैंड को 50 रन से हराया



साउथैम्पटन, 8 जुलाई। हार्दिक पांड्या (51 रन, चार विकेट) के ऑल राउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मुकाबले में 50 रन से मात दी। भारत ने साउथैम्पटन में खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के सामने 199 रन का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में इंग्लैंड सिर्फ 148 रन पर ही ऑल आउट हो गयी।

199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने अपने शुरुआती चार विकेट सिर्फ 33 रन पर ही गंवा दिये। सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर को भुवनेश्वर कुमार ने पहली ही बॉल पर बोल्ड किया, जिसके कुछ देर बाद ही पांड्या ने डेविड मलान (21) और लायम लिविंगस्टोन (0) को पवेलियन लौटाया। हार्दिक ने जेसन रॉय का भी विकेट लिया जो 16 गेंदें खेलकर सिर्फ चार रन बना पाये। इसके बाद हैरी ब्रुक और मोईन अली ने इंग्लैंड को मैच में वापस लाने के प्रयास में पांचवें विकेट के लिये 61 रन जोड़े। युज़वेंद्र चहल की गेंद पर आउट होने से पहले ब्रुक ने 23 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की बदौलत 28 रन बनाये, जबकि मोईन ने 20 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन की पारी खेली।

इसके अलावा क्रिस जॉर्डन ने 26(17) रन की पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। इनके अलावा कोई बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते हुए इंग्लैंड 148 रन पर ऑल आउट हो गयी। भारत के लिये पांड्या ने 33 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि टी20 में अपना पदार्पण कर रहे अर्शदीप सिंह (18/2) और चहल (32/2) को भी दो-दो विकेट प्राप्त हुए। इससे पहले, आलराउंडर हार्दिक पांड्या (51) के शानदार अर्धशतक और सूर्यकुमार यादव (39), दीपक हुड्डा (33) तथा कप्तान रोहित शर्मा (24) की तेज तर्रार पारियों से भारत ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 198 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पॉवरप्ले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 66 रन ठोक डाले। कोरोना से उबरने के बाद टीम में लौटे कप्तान रोहित शर्मा ने 14 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 24 रन बनाये। ईशान किशन आठ रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों को ऑफ स्पिनर मोईन अली ने आउट किया।

दीपक हुड्डा 17 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए जबकि सूर्य ने 19 गेंदों पर 39 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। भारतीय पारी को संभालने का काम हार्दिक ने किया जिन्होंने 33 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाये। अक्षर पटेल ने 12 गेंदों में 17 रन और दिनेश कार्तिक ने सात गेंदों में नौ रन बनाये। भारत अंतिम ओवरों में थोड़ा धीमा रहा और आखिरी तीन ओवरों में 20 रन ही बटोर सका।

# सुनेयामा को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे प्रणय, पी.वी. सिंधु बाहर

कुआलालंपुर, 8 जुलाई। भारत की थॉमस कप विजेता टीम के शटलर एच एस प्रणय ने शुक्रवार को बेहद करीबी मुकाबले में जापान के कांता सुनेयामा को हराकर मलेशिया मास्टर्स 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनायी। प्रणय ने सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मैच में सुनेयामा को 25-23, 22-20 से मात दी जबकि शीर्ष महिला शटलर पीवी सिंधु को चीनी ताइपे की ताई ज़ू यिंग ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 55 मिनट में 21-13 12-21 21-12 से हराया।

प्रणय-कांता के मैच के दौरान यह बताना मुश्किल था कि जीत किसकी होगी। पहले गेम में कांता के 7-6 की बढ़त हासिल करने के बाद प्रणय ने शानदार प्लेसमेंट के साथ 10-8 की लीड बना ली। प्रणय की बढ़त 18-15 पर पहुंचने के बाद कांता ने एक बार फिर दो लगातार पॉइंट के साथ गेम को 18-17 पर ला दिया। 19-19 की बराबरी के बाद दोनों खिलाड़ियों ने सेट पॉइंट की तलाश की, जो अंततः प्रणय ने हासिल कर पहला गेम 25-23 से जीता। मैच में 1-0 की बढ़त बनाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम की शुरुआत पॉइंट से की, हालांकि कांता ने इस बार भी प्रणय को टक्कर देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

इंटरवल तक कांता 11-9 से आगे चल रहे थे। उन्होंने गेम के दूसरे हिस्से में 20-18 की बढ़त बना ली थी, मगर प्रणय ने यहां कांता की निर्णायक गेम करवाने की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए लगातार चार पॉइंट स्कोर किये और दूसरा गेम 22-20 से जीत लिया। सेमीफाइनल में प्रणय का मुकाबला हांग कांग के एंगस एनजी का लॉन्ग से होगा।

इससे पहले, भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु शुक्रवार को चीनी तापेई की ताई ज़ू यिंग से क्वार्टरफाइनल मुकाबला हारकर मलेशिया मास्टर्स से बाहर हो गयीं।टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता यिंग ने सिंधु को एक्सियाटा एरिना में 55 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 12-21, 21-12 से मात दी। यह सिंधु की यिंग के खिलाफ लगातार सातवीं हार है। दोनों अब तक 22 बार आमने-सामने आये हैं जिसमें सिंधु को 17 बार हार का सामना करना पड़ा है।

पहले गेम में सिंधु को ताई ज़ू का डिफेंस तोड़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा और हाफ टाइम तक वह 9-11 से पीछे चल रही थीं। बैकहैंड शॉट का उचित प्रयोग करते हुए चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने पहला गेम 21-13 से जीतकर मैच में 1-0 की लीड हासिल की। सिंधु ने दूसरे गेम में बेहतरीन फुटवर्क दिखाते हुए 11-4 की बढ़त हासिल कर ली। यिंग ने मैच में वापसी करने का प्रयास किया लेकिन शुरुआती बढ़त की बदौलत सिंधु ने दूसरा गेम 21-12 से जीत लिया।

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई। सिंधु ने शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद अपनी लय खो दी और एक साथ कई पॉइंट गंवा दिये।यिंग ने इसका फायदा उठाते हुए तेजी के साथ तीसरा गेम 21-12 से जीतकर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी। इससे पहले सिंधु टोक्यो ओलंपिक सेमीफाइनल में भी यिंग से हार चुकी हैं। हाल ही में मलेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी उन्हें यिंग के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## चोट के कारण विम्बलडन से हटे राफेल नडाल



लंदन, 8 जुलाई। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल ने शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल से पहले विम्बलडन से नाम वापस ले लिया है। नडाल ने गुरुवार को ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे पेट में दर्द हो रहा है। एक मांसपेशी फट गई है। मैंने (नाम वापस लेने का) फैसला किया क्योंकि मुझे विश्वास नहीं है कि मैं इन परिस्थितियों में दो मैच जीत सकता हूं।" टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ पांच सेट की क्वार्टर फाइनल जीत के दौरान नडाल चोट से जूझ रहे थे, हालांकि मैच के बाद उन्होंने कहा कि समस्या कुछ दिन पहले शुरू हुई थी। अपने पिता और बहन के उस मैच में जल्दी संन्यास लेने का आग्रह करने के बावजूद, नडाल 4 घंटे 20 मिनट चले मुकाबले में 3-6, 7-5, 3-6, 7-5, 7-6 (10-4) से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## हार्दिक ने युवराज का कारनामा दोहराया

साउथम्पटन, 8 जुलाई। आलराउंडर हार्दिक ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी 20 में 51 रन बनाने के अलावा चार विकेट लेकर युवराज सिंह के कारनामे को दोहरा दिया है। युवराज के बाद हार्दिक ही एक ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं, जिसने एक टी20 मैच में 50 रन भी बनाए और चार विकेट भी लिए।

हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण 2018 से 2020 तक क्रिकेट से दूर रहे। इस दौरान उनके करियर पर कई सवाल उठाए गए। यह भी कहा गया कि उनका करियर ज़्यादा लंबा नहीं चलेगा। क्या वह पुराने हार्दिक बन पाएंगे? क्या वह चोट मुक्त रह सकते हैं? क्या वह गेंदबाज़ी कर सकते हैं? यदि हां, तो क्या वह अपनी गति और मैदान पर अपनी पुरानी तीव्रता को फिर से वापस ला सकते हैं ?

फिर आईपीएल 2022 की शुरुआत में आपने सोचा कि वह कप्तानी के दबाव को कैसे झेल पाएंगे और अपने खेल को कैसे आगे बढ़ा पाएंगे? सीज़न की शुरुआत में फिर आपने सोचा कि क्या वह गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज़ी क्रम को मज़बूत बनाने के लिए अतिरिक्त दबाव ले रहे हैं और ख़ुद बल्लेबाज़ी क्रम के सारे कार्यों को पूरा कर रहे हैं। वह नंबर तीन और चार पर बल्लेबाज़ी करते हुए पारी ख़त्म होने तक बल्लेबाज़ी कर रहे थे। कुल मिलाकर एक खिलाड़ी कई काम एक साथ पूरी ज़िम्मेदारी के साथ करना चाह रहा था।

शुक्रवार को हार्दिक ने ज़बरदस्त खेल दिखाया। टी20 विश्व कप के बाद भारत के लिए यह सबसे कठिनतम मैचों में एक था। इंग्लैंड की टीम इस फ़ॉर्मेट में काफ़ी अच्छी है। इस मैच में हार्दिक ने पहले अर्धशतक बनाया और फिर चार विकेट लिए। इससे पहले एक ही मैच में 50 रन बनाते हुए चार विकेट लेने का काम सिर्फ़ युवराज सिंह ने किया था।

हार्दिक ने कहा, मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैंने अपने शरीर पर काफ़ी काम किया है और मैं इसके लिए लगातार तैयारी कर रहा था। मैंने पिछले साल एक लंबा ब्रेक लिया था। इसी कारण से मैं इस चीज़ पर पूरा ध्यान दे रहा था कि मैं मैदान पर बढ़िया प्रदर्शन करने लिए बिल्कुल तैयार रहूं और मैं इस प्रयास में सफल रहा।" "मैं अपने खेल पर पूरा ध्यान देना चाहता था लेकिन एक समय ऐसा भी आया कि मुझे एक ब्रेक की आवश्यकता थी। अगर मैं अपने खेल का आनंद नहीं ले सकता हूं तो मेरा खेलना कहीं से भी सार्थक नहीं है। मेरे लिए पूरा मामला तीव्रता और प्रयास का है। जब मैंने उस मामले में संतोषजनक कार्य कर लिया तो मुझे काफ़ी संतुष्टि हुई।"

## नस्लवादी दुर्व्यवहार की खबरें सुनकर निराश हूं : स्टोक्स

साउथम्प्टन, 8 जुलाई। भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के दौरान दर्शकों के साथ नस्लवाद के आरोपों के बीचइंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि खेलों में नस्लवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

इस टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान कई भारतीय समर्थकों ने नस्लीय दुर्व्यवहार की घटनाओं का आरोप लगाया था।इंग्लैंड की टीम ने इस मैच को जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। स्टोक्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, " पिच पर शानदार सप्ताह लेकिन एजबेस्टन में नस्लवादी दुर्व्यवहार की खबरें सुनकर वास्तव में निराशा हुई। खेल में इसके लिए कोई जगह नहीं है।" उन्होंने लिखा, "उम्मीद है कि सफेद गेंद की श्रृंखला में सभी प्रशंसकों को अच्छा अनुभव होगा और माहौल पार्टी जैसा होगा। क्रिकेट इसी के बारे में है।"

## करीबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से 3-4 से हारा भारत



एमस्टलविन, 8 जुलाई। भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में आखिरी सेकंड तक चले रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड से 3-4 से हार गयी। इस हार के बाद भारतोय टीम अब क्रॉस ओवर मैच में 10 जुलाई को स्पेन से भिड़ेगी और इस मुकाबले की विजेता टीम का क्वार्टरफाइनल में 13 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

न्यूजीलैंड ने पूल बी मुकाबले में टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत तलाश रही भारतीय टीम को 4-3 से मात दी। भारत की ओर से वंदना कटारिया ने मैच के चौथे मिनट में ही पहला गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, मगर कुछ देर बाद ही ओलिविया मेरी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर मैच को 1-1 की बराबरी पर पहुंचा दिया।

दूसरे क्वार्टर के समाप्त होने से ठीक पहले टेस जॉप ने एक और बार गेंद को गोल में पहुंचाकर न्यूजीलैंड को 2-1 की बढ़त दिलाई। तीसरा क्वार्टर शुरू होते ही फ्रांसिस डेवीज ने गोल कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं।

## 50 के हुए गांगुली



नयी दिल्ली, 8 जुलाई। भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार को अपना 50वां जन्मदिन मनाया। कोलकाता के प्रिंस ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 1992 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ गाबा में की थी। उन्होंने 1996 में अपना पहला टेस्ट मैच लॉर्ड्स में खेला जहां उन्होंने 131 रन की शतकीय पारी खेलकर लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड में अपना नाम दर्ज करवा लिया।

## यूएफा चैम्पियंस लीग के लिये पूरी तरह तैयार हूं : मनीषा

नयी दिल्ली, 8 जुलाई। स्टार स्ट्राइकर मनीषा कल्याण यूएफा चैम्पियंस लीग में अपनी छाप छोड़ने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं जिसमें इससे पहले कोई भी भारतीय महिला फुटबॉलर नहीं खेली है। मनीषा ने हाल में साइप्रस के क्लब अपोलोन लेडीज एफसी से अनुबंध किया है जो यूएफा महिला चैम्पियंस लीग क्वालीफिकेशन में खेलेगा। 20 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल ब्राजील के खिलाफ उसकी ही सरजमीं पर गोल करके सुर्खियों में आयी थी।

मनीषा ने कहा, "चैम्पियंस लीग जैसे टूर्नामेंट में प्रत्येक खिलाड़ी खेलने का सपना देखता है और इसमें खेलने का मौका मिलने का विचार करना ही इतना रोमांचकारी है। मैं अपनी तरफ से चैम्पियंस लीग में खेलने और अपनी टीम की मदद करने के लिये शत प्रतिशत तैयार हूं। मनीषा के अलावा भारतीय विंगर डांगमेई ठोस ने इस महीने के शुरू में उज्बेकिस्तान के नासफ एफसी से करार किया है।

## लाबुशेन, स्मिथ के शतकों से ऑस्ट्रेलिया मजबूत



गाले, 8 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (109 नाबाद) और मार्नस लाबुशेन (104) के शतकों की बदौलत श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को पांच विकेट के नुकसान पर 298 रन का मजबूत स्कोर बना लिया।

ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन के नायक स्मिथ रहे जिन्होंने अपना 28वां टेस्ट शतक लगाया। स्मिथ 212 गेंदों की अपनी पारी में 14 चौके लगाकर 109 रन पर नाबाद हैं। 87 मैच खेल चुके स्मिथ ने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट शतक जनवरी 2021 में जड़ा था।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का विकेट जल्दी गंवा दिया। वॉर्नर महज पांच रन बनाकर कसुन रजिता की गेंद पर बोल्ड हो गये। उनके साथी उस्मान ख्वाजा ने 77 गेंदों पर चार चौकों के साथ 37 रन बनाये।

दोनों सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद रैंक टर्नर पिच पर स्मिथ-लाबुशेन की जोड़ी ने मोर्चा संभालकर 134 रन की साझेदारी की। दोनों ने रमेश मेंडिस और प्रभात जयसूर्या की सटीक गेंदबाजी का संयम से जवाब दिया।

चाय से ठीक पहले आउट हुए लाबुशेन ने 156 गेंदों पर 12 चौकों के साथ 104 रन बनाये। लाबुशेन के बाद ट्रेविस हैड (12) और केमरन ग्रीन (4) भी जल्दी आउट हो गये।

## फीफा से भ्रष्टाचार के आरोप में ब्लैटर और प्लाटिनी बरी

बेलिनजोना, स्विट्जरलैंड, 8 जुलाई। फीफा के पूर्व अध्यक्ष सेप ब्लैटर और मिशेल प्लाटिनी को स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने फीफा से धोखाधड़ी करने के आरोप से शुक्रवार को बरी कर दिया। भ्रष्टाचार के आरोपों से पहले ये जोड़ी फुटबॉल संचालन के मामले में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हस्तियों में शामिल थी। ब्लैटर ने 17 साल तक फीफा का नेतृत्व किया था जबकि फ्रांस के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर प्लाटिनी यूएफा के अध्यक्ष थे और ब्लैटर के बाद फीफा अध्यक्ष बनने के सबसे मजबूत दावेदारों में एक थे। यह मामला लगभग एक दशक पहले का है। ब्लैटर की मंजूरी से फीफा ने 2011 में प्लाटिनी को इस वैश्विक निकाय के काम के लिए दो मिलियन डॉलर (मौजूदा दर से लगभग 16 करोड़ रुपये) का भुगतान किया था। इस मामले में पिछले महीने बेलिनजोना में स्विट्जरलैंड की संघीय आपराधिक अदालत में 11 दिनों की सुनवाई हुई थी।

## बीच में मैं दबाव के कारण खेल का आनंद नहीं ले रही थी : हरमनप्रीत कौर



कोलम्बो, 8 जुलाई। भारत की वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने वर्तमान में अपने अच्छे फ़ॉर्म का श्रेय ख़ुद के साथ की हुई बातचीत को दिया हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अब वह मैदान पर खेल का आनंद लेने लगी हैं। उन्हें इस बात की ख़ुशी हैं कि अब उनके पास कभी भी गेंदबाज़ी करने की आज़ादी है जो पहले टीम की रणनीति और गेम प्लान के तहत संभव नहीं था।

श्रीलंका के विरुद्ध 2-1 से जीती टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद हरमनप्रीत ने तीन वनडे मैचों में कुल 119 रन बनाए। इसमें तीसरे मैच में 88 गेंदों पर 75 रनों की मैच जिताऊ पारी शामिल थी जिससे भारत ने बतौर पूर्णकालिक कप्तान उनके कार्यकाल की पहली वनडे सीरीज़ को क्लीन स्वीप किया। टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ की तरह वनडे सीरीज़ में भी कप्तान प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ चुनी गई। यह स्वीकार करते हुए कि पिछले कुछ समय से वह खेल का आनंद नहीं ले रही थी, हरमनप्रीत ने बताया कि वह प्रसन्न हैं कि इस दौरे पर उनकी सभी योजनाएं सफल हुईं। हरमनप्रीत ने कहा, "मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं हर एक पल का आनंद लूं। बीच में मैं आनंद नहीं ले रही थी क्योंकि मैंने बहुत दबाव बना लिया था जो किसी के साथ हो सकता है। मैं उस दौर से गुज़र रही थी लेकिन अब मैंने मज़े करने का प्लान बनाया है। मैच की स्थिति जो भी हो, मैं क्रीज़ पर खड़े रहकर टीम को योगदान दूंगी। पिछले कुछ महीनों में मैं यही करने की कोशिश कर रही हूं।"

उन्होंने आगे कहा, "साथ ही टीम के खेलने के अंदाज़ के देखकर मुझे और प्रसन्नता हो रही हैं। मैं हमारे तेज़ गेंदबाज़ों को मौक़े देना चाहती थी और मुझे ख़ुशी है कि उन्होंने दोनों हाथों से इन मौक़ों को स्वीकार किया। शुरुआती ओवरों में हम हमेशा स्पिनरों पर निर्भर करते थे लेकिन उन्होंने ज़िम्मेदारी ली और नतीजे आपके सामने है। जब योजनाएं सफल होती हैं, बहुत आनंद आता है।

## क्रॉक्जिक-स्कूपस्की ने लगातार दूसरी बार जीता मिश्रित युगल खिताब

लंदन, 8 जुलाई। अमेरिका की डेसिरै क्रॉक्ज़िक और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन और सैम स्टोसुर को हराकर लगातार दूसरी बार विम्बलडन का मिश्रित युगल खिताब अपने नाम किया। क्रॉक्ज़िक-स्कूपस्की की जोड़ी ने गुरुवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई युगल को 6-4, 6-3 के सीधे सेटों में मात दी। इससे पहले यह जोड़ी विम्बलडन 2021 का मिश्रित युगल खिताब भी जीत चुकी है। अपने घर के ग्रैंड स्लैम में अपने माता-पिता के सामने खेलने को लेकर उत्सुक स्कूपस्की ने मैच के बाद बताया कि यह जोड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ समय पहले तक मिश्रित युगल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पर विचार नहीं कर रही थी। स्कूपस्की ने कहा, "मुझे डेस ने आखिरी मिनट में खेलने के लिए बुलाया। हम खेलने वाले नहीं थे, इसलिए हम केवल दो सप्ताह के लिए एक टीम के रूप में रहे हैं।

## पूरन की कप्तानी पारी, पांच विकेट से जीता वेस्टइंडीज

गयाना, 8 जुलाई। वेस्ट इंडीज ने निकोलस पूरन (74) और काइल मेयर्स (55) की अद्धर्शतकीय पारियों की बदौलत बांग्लादेश को तीसरे टी20 में पांच विकेट से मात दी। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच बारिश में धुलने के बाद वेस्ट इंडीज ने बाकी दोनों मैच जीतकर सीरीज़ 2-0 से अपने नाम की। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज के सामने 164 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे कैरिबियाई टीम ने 10 गेंदें रहते ही हासिल कर लिया। बांग्लादेश की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे लिटन दास ने 41 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की बदौलत टीम को ठोस शुरुआत दिलायी। अनामुल हक (10) और शाकिब अल हसन (5) न्यून स्कोर पर आउट हो गये, लेकिन अफ़ीफ़ हुसैन ने लिटन का साथ देते हुए 50 रन की पारी खेली। अफ़ीफ़ ने 38 गेंदों की अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये। इसके अलावा कप्तान महमूदुल्लाह रियाद ने 22(20) और मोसद्देक हुसैन ने 10(6) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से हेडन वाल्श ने अपने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिये जबकि रोमारियो शेफर्ड और ओडियन स्मिथ को एक-एक विकेट हासिल हुआ। 165 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी वेस्ट इंडीज ने ब्रेंडन किंग (7), शमार ब्रुक्स (12) और ओडियन स्मिथ (2) के विकेट जल्दी खो दिये।

## गुजरात इस साल करेगा राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी

नयी दिल्ली, 8 जुलाई। गुजरात इस साल 27 सितम्बर से लेकर 10 अक्टूबर तक राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) के महासचिव राजीव मेहता ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा,मुझे यह घोषणा करते हुए ख़ुशी हो रही है कि गुजरात इस साल राष्ट्रीय खेलों का मेजबान होगा। मैं आईओए का शुक्रगुजार हूं कि उसने गुजरात सरकार के मेजबानी करने के प्रस्ताव को शीघ्र मंजूर कर लिया। खेल मंत्री हर्ष संघवी ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस 36वें 'राष्ट्रीय खेल महोत्सव' के आयोजन तथा इसकी सफलता के लिए गुजरात कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि गुजरात अब स्पोर्ट्स हब बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात में वर्ष 2010 में खेल महाकुंभ की शुरूआत की गई थी।

## भारत अगले एफटीपी चक्र में दो बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा, टेस्ट मैच की संख्या बढ़कर पांच हुई

मेलबर्न, 8 जुलाई। भारतीय टीम 2024-2032 के अगले भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) चक्र में दो बार आस्ट्रेलिया का दौरा कर सकती है जिसमें प्रत्येक श्रृंखला में टेस्ट मैचों की संख्या मौजूदा चार से बढ़कर पांच हो गयी है। 'द ऐज' की खबर के अनुसार क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने "हाल में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों को इसके बारे में सूचित किया कि उसने अगले एफटीपी में भारत और इंग्लैंड से दो पूर्ण टेस्ट दौरे हासिल किये हैं जिसमें भारत के दौरों को चार से बढ़ाकर पांच मैचों की श्रृंखला कर दिया गया है। आस्ट्रेलिया के अंतिम दो टेस्ट दौरों में भारत ने जीत दर्ज की जिसमें प्रत्येक श्रृंखला में चार मैच थे और ये दो जीत उसके इतिहास में दर्ज हो गयीं।

## अफ्रीका की लिजेल ली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

केप टाउन, 8 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की विस्फोटक बल्लेबाज़ लिज़ेल ली ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की। 30 वर्षीय ली ने यहां जारी एक बयान में कहा कि वह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में खेलना जारी रखेंगी।

साल 2021 की आईसीसी प्लेयर ऑफ द इयर ली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2013 में बांग्लादेश के खिलाफ खेली गयी टी20 श्रृंखला से की थी। उन्होंने दो टेस्ट, 100 एकदिवसीय और 82 टी20 मैचों में प्रोटियाज़ टीम का प्रतिनिधित्व किया। एकदिवसीय मैचों में 3,315 रन बनाकर वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस दौरान तीन शतक और 23 अर्धशतक भी लगाये हैं।

टी20 मैचों में उन्होंने एक शतक और 13 अर्धशतकों के साथ 1,896 रन बनाये हैं। वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला खिलाड़ी हैं। बहुत कम उम्र से ही मैंने क्रिकेट खेला और अपने देश का उच्चतम स्तर पर प्रतिनिधित्व करना चाहा। मैं पिछले आठ वर्षों में उस सपने को जीने में सक्षम रही और मुझे लगता है कि मैंने प्रोटियाज को वह सब कुछ दिया है जो मैं दे सकती थी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि मैं अपने करियर के अगले चरण के लिए तैयार हूं और दुनिया भर में घरेलू टी 20 क्रिकेट खेलना जारी रखूंगी। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह उन सभी के बिना संभव नहीं होता जिन्होंने मेरे अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान मेरा समर्थन किया है। मैं अपने परिवार, विशेष रूप से मेरी पत्नी तंजा को उन सभी बलिदानों के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।

## एफसी गोवा ने इकर ग्वारोट्सेना से दो साल का करार किया

पणजी, 8 जुलाई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी एफसी गोवा ने शुक्रवार को स्पैन के खिलाड़ी इकर ग्वारोट्सेना के साथ दो साल के करार की पुष्टि की। वह 2024 के सत्र तक टीम के साथ रहेंगे। ग्वारोट्सेना ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, "एफसी गोवा का हिस्सा बनना एक सम्मान की बात है। क्लब में कुछ ही विदेशी खिलाड़ी हैं और मुझे उन चुने हुए कुछ खिलाड़ियों में होने पर गर्व है। एफसी गोवा ने मुझ पर विश्वास दिखाया, इसलिए मैं टीम को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की कोशिश करूंगा।"

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-4-ज-32 जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 260.00 वर्ग गज का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2298 दिनांक 21.010.1995 श्री विनय चन्द धांधिया के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 08.01.1996 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री विनय चन्द धांधिया की मृत्यु दिनांक 06.11.2019 को हो जाने के पश्चात उनके वारिस उत्तराधिकारियों श्रीमती कुसुम जैन, श्रीमती नीतू सेठिया, श्रीमती सरोज धांधिया के द्वारा श्री चिराग धांधिया पुत्र स्व. श्री विनय चन्द धांधिया के पक्ष में अपने-अपने हिस्से का हक त्याग कर दिया गया। श्री चिराग धांधिया पुत्र स्व. श्री विनय चन्द धांधिया के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री सागर सभानी पुत्र श्री मुकेश सभानी व श्रीमती रितीका सभानी पत्नी श्री सागर सभानी को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, प्रथम में दिनांक 02.05.2022 को करवाया गया। श्री सागर सभानी पुत्र श्री मुकेश सभानी व श्रीमती रितीका सभानी पत्नी श्री सागर सभानी के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री सागर सभानी पुत्र श्री मुकेश सभानी व श्रीमती रितीका सभानी पत्नी श्री सागर सभानी** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर



पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे और कन्हैयालाल के परिजनों से मुलाकात की। पायलट ने उनके परिवारजनों के साथ काफी वक्त बिताया और कन्हैयालाल की पत्नी एवं दोनों पुत्रों से मिले। उन्होंने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये, कन्हैयालाल के परिवारजनों को इस गहरे आघात को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। पायलट ने कहा कि, चाहे कोई भी जांच एजेंसी इस कार्रवाई को पूरा करे लेकिन वे चाहते हैं कि, जल्द से जल्द इस घटना की जांच पूरी हो और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाये ताकि आगे चलकर कोई भी इस तरह की घटना को अंजाम देने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मृतक कन्हैया के परिजनों से मिले

- **सचिन पायलट ने कहा, कन्हैयालाल हत्याकांड के मामले की जांच तीव्र गति से हो और दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिले।**
- **सचिन पायलट के साथ मसूदा विधायक राकेश पारीक, विप्र बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा, उदयपुर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक कटारा, देहात जिला कांग्रेस निवर्तमान अध्यक्ष लाल सिंह झाला, मावली के गोवर्धन सिंह चौहान (कोटडी) भी मौजूद थे।**

उदयपुर, 8 जुलाई (का.सं.)। उदयपुर में कन्हैया लाल हत्याकांड के बाद मृतक के घर पर नेताओं के पहुंचने का दौर अभी जारी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट शुक्रवार उदयपुर पहुंचे और उन्होंने कन्हैयालाल के परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

इस मौके पर सचिन पायलट ने कहा कि हत्यारों को नहीं बख्शा जाएगा तथा उन्हें सजा दिलाई जाएगी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि "जिस तरह से दहशत पैदा करने की कोशिश की गई यह हम सब के लिए चेतावनी है। दोषियों को पकड़ा तो गया है लेकिन हम सभी चाहते हैं कि चाहे वह एटीएस हो, एसओजी हो या एनआईए हो जांच तीव्र गति से करे ताकि उन्हें जल्द से जल्द सजा हो। चाहे इनके लिए कोर्ट में नियमित सुनवाई हो या स्पेशल कोर्ट के माध्यम हो, लेकिन इस जघन्य हत्याकांड में शामिल लोगों और उनसे जुड़े सभी तारों की तह में जाना होगा उन्होंने कहा कि इस घटना के अभियुक्तों को फांसी से कम सजा नहीं होनी चाहिए। एनआईए को भी बहुत जल्द चार्जशीट फाइल कर सभी सबूत जुटाने चाहिए जिससे कि दोषियों को जल्द से जल्द फांसी हो और भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह का काण्ड या हरकत ना कर पाए।"

सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश में और विशेष कर मेवाड़ और उदयपुर में ऐसी घटना की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी लेकिन यह घटना हुई। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी चाहतें हैं कि पीड़ित परिवार को उचित न्याय मिले और अपराधियों को सख्त से सख्त सजा हो।

उन्होंने कहा कि आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और मुझे विश्वास है अति शीघ्र न्याय मिलेगा। इस मौके पर पायलट ने प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाएं आती है तो वह उसे फैलाने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि उसके किस तरह के दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि "इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं कन्हैयालाल के परिवार के साथ हैं। उन्हें सरकार और समाज द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।" सचिन पायलट के साथ मसूदा विधायक राकेश पारीक, विप्र बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा, उदयपुर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक कटारा, देहात जिला कांग्रेस निवर्तमान अध्यक्ष लाल सिंह झाला और मावली के गोवर्धन सिंह चौहान (कोटडी) मौजूद रहे।

## दिल्ली में, राजस्थान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हरवाना शामिल होगा जो गहलोत की आड़े वक्त की बैस्ट फ्रैण्ड वसुन्धरा राजे के प्रति अपनी निष्ठा रखते हैं।

मुख्यमंत्री के अंदरूनी हलकों के सूत्र तो यहां तक कह रहे है कि यदि कांग्रेस सरकार का पतन हो जाता है तो उन्हें खुशी होगी क्योंकि इसका तात्पर्य होगा कि सचिन पायलट मुख्यमंत्री नहीं बनाए जा सकेंगे। वे इस युवा नेता के प्रति एक तर्कहीन नापसंदगी रखते हैं।

राजस्थान मीडिया के कुछ हिस्सों में यह नवीनतम खबर चलाई जा रही है कि पायलट को दिल्ली में एक अति महत्वपूर्ण पद दिया जाएगा।

गहलोत को शायद अब तक यह एहसास हो चुका होगा कि पायलट ऐसे कई ऑफर्स ठुकरा चुके हैं और अन्य सभी पदों के अलावा उनका मुख्यमंत्री पद पर ध्यान केन्द्रित है। यह एक ऐसी सोच है, जिसकी हवा निकालने के लिए गहलोत पहले से ही रात-दिन एक किए हुए हैं।

## दिल्ली व हरियाणा में दवा निर्माता के परिसरों पर छापा

नई दिल्ली, 8 जुलाई (वार्ता)। आयकर विभाग ने एक दवा निर्माता एवं विरतक के हरियाणा और दिल्ली एन.सी.आर. स्थित 25 परिसरों पर छापेमारी की है जिसमें 4.2 करोड़ रुपये नकद तथा चार करोड़ मूल्य के आभूषण जब्त किये गये हैं।

विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गत 29 जून को यह छापेमारी की गयी थी। संबंधित कंपनी न:न सिर्फ दवा बनाती और वितरण करती बल्कि रियल एस्टेट में भी कार्यरत है।

जांच दौरान पता चला है कि कंपनी ने अफगानिस्तान को दवा की आपूर्ति की और बदले में हवाला के माध्यम से नकद में भुगतान स्वीकार किया। इस लेन-देन में शामिल प्रमुख व्यक्ति ने इस बात को स्वीकार किया है। इस माध्यम से करीब 25 करोड़ रुपये के भुगतान स्वीकार किये जाने के रसीदें भी मिली है। कंपनी के दवा निर्माण के लिए 94 करोड़ रुपये के अतिशेष रसायन भी मिला है।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जयपुर दौरे पर

- **भाजपा मुख्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया।**
- **शाह के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और राजस्थान प्रभारी अरूण सिंह और राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर भी जयपुर आए हैं।**

जयपुर, 8 जुलाई (का.सं.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को जयपुर दौरे पर रहेंगे। शाह अपने सरकारी कार्यक्रम के अलावा वे प्रदेश भाजपा मुख्यालय भी आएंगे। उनके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, और राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह गुर्जर भी जयपुर में रहेंगी। शाह का दौरा उस समय हो रहा है, जब राजस्थान में ईआरसीपी और उदयपुर हत्याकांड जैसे मामले में सियासत चरम पर है। ऐसे में शाह भाजपा मुख्यालय में इन मुद्दों पर सियासी और संघठनात्मक फीडबैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अमित शाह का कार्यक्रम अनौपचारिक है। शाह केवल भाजपा मुख्यालय आएंगे। इसके लिए कोई प्रस्तावित बैठक या कार्यक्रम नहीं रखा गया है, लेकिन यहां आएंगे तो संगठनात्मक और सियासी चर्चा होना तय है। यही कारण है कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह भी शनिवार सुबह ही जयपुर आएंगे। इसके अलावा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारियों के साथ ही संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और प्रदेश कमेटी से जुड़े नेताओं से भी चर्चा होने की संभावना है। भाजपा कोर ग्रुप में प्रदेशाध्यक्ष पूनिया, राठौड़ और कटारिया के साथ ही वसुंधरा राजे और प्रदेश आने वाले केंद्रीय मंत्रियों के अलावा कुछ सांसद शामिल हैं। इनमें से जो नेता जयपुर में रहेंगे वह शाह की मौजूदगी में होने वाली चर्चा में शामिल होंगे।

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को भाजप सियासी मुद्दा बनाती रही है और अब जबकि उदयपुर में जघन्य हत्याकांड सामने आया है जिसकी जांच खुद एनआईए कर रही है तो इन पर शाह न केवल सरकार बल्कि अपनी ही पार्टी का संगठन स्तर पर भी फीडबैक लेंगे। हालांकि ईआरसीपी मामले में भाजपा लगातार बैकफुट पर है और कांग्रेस हमलावर हो रही है। ऐसे में पार्टी की लाइन इस मुद्दे पर क्या रहने वाली है उसको लेकर भी संगठनात्मक चर्चा हो सकती है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह के जयपुर आगमन के दौरान एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। पार्टी के स्तर पर जयपुर के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को उनके कार्यक्रम की सूचना दे दी गई है। ये बता दिया गया है कि कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए जयपुर एयरपोर्ट पहुंचें। भाजपा के तमाम संगठन और मोर्चे शाह के स्वागत की तैयारी जुट गए हैं। भाजपा मुख्यालय को भी शाह के दौरे से पहले दुल्हन की तरह सजाया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का कहना है कि अमित शाह का जयपुर में उत्तर क्षेत्रीय रीजन की बैठक का सरकारी कार्यक्रम हैं। ऐसे में वह इसके बाद भाजपा मुख्यालय में केवल कुछ देर के लिए ही आएंगे और फिर वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। पूनिया ने बताया कि शाह का पार्टी मुख्यालय पर कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, अत: जो प्रमुख नेता और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे वे उनसे ही मुलाकात करेंगे और फिर लौट जाएंगे।

# अमरनाथ गुफा के पास बादल फटा, 15 श्रद्धालुओं की मौत

**इस दुर्घटना में गुफा मार्ग पर करीब 40 से 45 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है**

- **बादल फटने के बाद अचानक जल प्रवाह बढ़ने के कारण सिंथन नाला उफान पर आ गया। जिसके कारण वहां भयानक तबाही हुई है।**

श्रीनगर, 8 जुलाई। पिछले दिनों ही शुरु हुई अमरनाथ यात्रा के बीच एक बेहद दुखद खबर है, शुक्रवार को अमरनाथ गुफा के पास बादल फट गया। अचानक बादल फटने से इलाके में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। इस दुर्घटना में 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है।

राहत एवं बचाव दलों ने 3 महिला और 2 पुरुष श्रद्धालुओं के शव बरामद किए हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। हर रोज करीब 15 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पवित्र गुफा पहुंच रहे हैं। एक हफ्ते पहले ही 30 जून को अमरनाथ यात्रा शुरू हुई है और एक हफ्ते में ही कई बार खराब मौसम की वजह से यात्रा को रोकना पड़ा है।

गौरतलब है कि, जब यह घटना हुई तब मौके पर करीब 12 हजार यात्री मौजूद थे। अमरनाथ गुफा से करीब 2 किलोमीटर दूर यह घटना हुई है। जानकारी के मुताबिक अमरनाथ की गुफा के नीचे शाम साढ़े 5 बजे के करीब बादल फटा। मौके पर एन.डी.आर.एफ. और एस.डी.आर.एफ. और तमाम संबंधित एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में जुट गई हैं। इस घटना के बाद अमरनाथ यात्रा को रोक दिया गया है।

वहीं, गौरतलब है कि, 2 दिन पहले ही जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के बीच अमरनाथ यात्रा को पहलगाम और बालटाल दोनों रूट से रोक दिया गया था। मंगलवार को यात्री आधार शिविरों से आगे नहीं बढ़ने दिए गए थे। भारी भूस्खलन से श्रीनगर-लेह नैशनल हाईवे मंगलवार को घंटों प्रभावित रहा था।

जम्मू संभाग को कश्मीर से जोड़ने वाले सिंथन टॉप क्षेत्र में तड़के बादल फटने से सिंथन नाला उफान पर आ गया था। मानसून सक्रिय होने से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हो रही है।

## 'महाराष्ट्र में पुन: नये सिरे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देश "सत्यमेव जयते" पर टिका हुआ हैं, "असत्यमेव जयते" पर नहीं।"

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय सोमवार को जो फैसला देगा, वह केवल शिवसेना के भविष्य का नहीं, भारतीय लोकतंत्र के भविष्य का भी होगा।

सर्वोच्च न्यायालय उस याचिका पर निर्णय देने वाला है, जिसमें शिवसेना के 16 विद्रोही विधायकों की "डिसक्वालिफिकेशन" की माँग की हैं। यह अदालत जो एकनाथ शिन्दे को राज्य में सरकार बनाने के लिये आमन्त्रित किये जाने के महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी के निर्णय को शिवसेना द्वारा चुनौती दी जाने वाली याचिका की भी सुनवाई करेगी।

उन्होंने कहा, "हम लोकतन्त्र तथा संविधान को लेकर चिन्तित हैं। न्यायपालिका में मेरी आस्था हैं। न्यायपालिका क्या निर्णय लेगी- इस बात पर हर व्यक्ति की नज़र है। लोग यह देखने के लिये नज़र जमाये हुये हैं कि हमारा लोकतन्त्र कितना मजबूत है। मैं फैसले के बारे में चिन्तित नहीं हूँ। कानून अपना काम करेगा।"

ठाकरे ने कहा, "शिवसेना को कोई नहीं छीन सकता। एक विधायक दल है तथा एक पार्टी है जो जमीनी स्तर पर काम करते हैं। क्या कोई पार्टी केवल इसलिये खत्म हो सकती है कि उसके विधायक उसे छोड़ गये है? डर पदा करने की कोशिश की जा रही है। उनकी बातों में न आयें। विधायक दल तथा रजिस्टर्ड राजनैतिक दल दो अलग-अलग चीजें हैं।"

ज्ञातव्य है कि एकनाथ शिन्दे, जिन्हे भाजपा का समर्थन हासिल था, ने पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के खिलाफ शिवसेना में एक बगावत का नेतृत्व किया था। उन्होंने ज्यादातर विधायक का अपनी ओर खींच लिये थे। तथा सरकार गिरा दी थी।

शिन्दे ने 30 जून को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तथा भाजपा के देवेन्द्र फड़नविस उप-मुख्यमंत्री बने थे। चार दिन बाद, शिन्दे ने सदन का विश्वास हासिल करते हुये, 288 सदस्यीय विधानसभा में 164 वोट हासिल किये थे, जो 144 के स्पष्ट बहुमत के आँकड़े से ज्यादा थे। उनके खिलाफ केवल 99 विधायकों के ही वोट रहे थे। उद्धव ठाकरे की पार्टी के अधिकांश विधायक उन्हें छोड़कर, विद्रोही गुट के रूप में अस्तित्व में आये गुट में चले गये थे, लेकिन अब यह गुट, मूल ग्रुप से बड़ा है तथा असली शिवसेना होने का दावा कर रहा हैं।

बहुत से कॉर्पोरेटर भी अब एकनाथ शिन्दे के गुट की ओर जा रहे हैं तथा महाराष्ट स्थानीय निकायों जो शिवसेना के बहुत मजबूत प्रभाव क्षेत्र थे, पर भी उद्धव ठाकरे का नियन्त्रण कमजोर होता जा रहा है।

## चंडीगढ़ में स्कूल में पेड़ गिरा, एक बच्ची की मौत

चंडीगढ़, 8 जुलाई। चंडीगढ़ के एक स्कूल में पेड़ गिरने से उसकी चपेट में कई स्कूली बच्चे आ गये। इस घटना में एक बच्ची की मौत हो गई व 13 अन्य बच्चे घायल हो गये। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ के सैक्टर-9 स्थित एक स्कूल में सुबह ही एक विशालकाय पेड़ टूटकर गिर गया। पेड़ गिरने से कई बच्चे इसकी चपेट में आए हैं। बताया जा रहा है कि एक बच्ची की मौत और 13 स्कूली बच्चे घायल हुए हैं। बच्चे लंच टाइम में पेड़ के पास खेल रहे थे, वहीं कुछ बच्चे खाना खा रहे थे। तभी उसी समय यह पेड़ बच्चों पर गिरा। घायल बच्चों को जी.एम.एस.एच अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही बच्चों के पेरेंट्स घबराकर स्कूल पहुंचे। इस हादसे के बाद गेट पर पेरेंट्स के हंगामा करने लगे। बताया जा रहा है कि उस समय छठी से 12वीं कक्षा तक के बच्चे पेड़ के नीचे खेल रहे थे।

# सपा का कोई भी गठबंधन चुनावों के बाद ज्यादा दिन नहीं टिकता

**विधानसभा चुनाव में सहयोगी बने ओ.पी. राजभर ने कहा कि, हमारा गठबंधन अंतिम सांसें गिन रहा है, बस मैं अखिलेश यादव की तरफ से "तलाक" की घोषणा होने का इंतजार कर रहा हूं**

लखनऊ, 8 जुलाई। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक पुरानी कहावत है कि, समाजवादी पार्टी की उसके गठबंधन दलों से दोस्ती ज्यादा दिनों तक नहीं चलती। चुनावों से पहले गठबंधन होता है और चुनाव हो जाने के बाद गठबंधन टूट जाता है।

इस बीच खबर है कि, गत विधानसभा चुनावों के दौराना हुआ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के बीच गठबंधन टूटने की तैयारी चल रही है। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि उन्हें अखिलेश यादव की तरफ से 'तलाक' मिलने का इंतजार है और वह सपा से गठबंधन तोड़ने को लेकर अपने स्तर से पहल नहीं करेंगे। सुभासपा और सपा के बीच तल्खी बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति पद के लिये विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की प्रेस कांफ्रेंस में भी नजर आई थी क्योंकि सपा ने इस प्रेस कांफ्रेंस में गठबंधन के सहयोगी रालोद के प्रमुख जयंत सिंह को तो बुलाया था लेकिन सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर नजर नहीं आए थे।

राजभर ने कहा कि, वे सपा से गठबंधन तोड़ने को लेकर अपने स्तर से पहल नहीं करेंगे। उन्होंने सपा से तल्खी को लेकर मीडिया में आई खबरों पर बोलते हुए कहा, "उन्हें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से 'तलाक' मिलने का इंतजार है।" उन्होंने कहा, "वह अब भी सपा के साथ हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव यदि उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहेंगे तो वह सपा के साथ जबरदस्ती नहीं रहेंगे।"

उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के समर्थन में आयोजित बैठक में सम्मिलित नहीं होने को लेकर पूछे जाने पर कहा कि अखिलेश यादव भूल गए होंगे, इसलिए उन्हें बैठक में नहीं बुलाया। राजभर ने एक सवाल के जबाव में कहा कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर समर्थन के मसले पर अपने फैसले की घोषणा 12 जुलाई को करेंगे। उन्होंने कहा कि वह शुक्रवार को मऊ और शनिवार को बलिया एवं गाजीपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं से बात करेंगे तथा इसके बाद अपना फैसला सार्वजनिक करेंगे।

## संजय राउत के खिलाफ वारंट जारी

मुम्बई, 8 जुलाई (वार्ता)। महाराष्ट्र में मुम्बई की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी प्रोफेसर मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है।

## 'भाजपा का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जयपुर में, आदिल सिंह बोपाराई नागपुर में, दीपेन्द्र सिंह हूडा अहमदाबाद में, पल्लम राजू चेन्नई में, पवन खेड़ा रायपुर में, राजीव गौड़ा कोलकाता में, संजय निरूपम पटना में, शोभा ओझा लखनऊ में और सरदार सुखपाल सिंह हीरा जम्मु में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। शिमला, देहरादून, चंडीगढ़, बैंगलोर, हैदराबाद, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, रांची, विशाखापट्नम और पुड्डुचेरी में भी प्रेस कॉन्फ्रेंस होंगी।

## 'खादी व...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बढ़कर रिकॉर्ड 94 बिलियन डॉलर होना हो। उन्होंने अब ऐसे वक्त में चीन से आयातों का 45 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 94 बिलियन डॉलर होना हो। उन्होंने अब ऐसे वक्त में चीन से भारी मात्रा में भारतीय झण्डों के आयात के दरवाजे खोल दिए है, जबकि चीन की सेनाओं ने लद्दाख के एक हजार वर्ग कि.मी. क्षेत्र पर कब्जा किया हुआ है। कर्नाटक खादी ग्रामोद्योग संयुक्त संघ ही ऐसी एकमात्र यूनिट है जिसके पास खादी के राष्ट्रीय ध्वज उत्पादित करने क लायसैंस है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस ध्वज सत्याग्रह में स्वयं को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पूरी तरह से जोड़ती है और सभी राष्ट्रवादी शक्तियों से इसमें शामिल होने का अनुरोध करती हैं।

## बीजिंग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुरक्षा पर संदेह के चलते बुजुर्गों के वैक्सिनेशन की गति बेहद धीमी है। चीन ने अभी विदेशों में बनी वैक्सीन को मान्यता नहीं दी है। मई के आरंभ में 60 वर्ष से अधिक आयु के 82 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन के दो शॉट्स लग चुके है। जबकि आम आबादी में यह संख्या 89 प्रतिशत है। मार्च तक 80 साल से अधिक उम्र वाले मात्र 51 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन के दो शॉट्स लगे थे।

# शिंज़ो आबे को गोली लगने की खबर से चीन के सोशल...

- **क्वाड, आज यथार्थ है, पर बहुत विपरीत परिस्थितियों में इसका जन्म हुआ, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध जीतने के बाद, "न्यूरमबर्ग ट्रायल" की भांति, विजेता एलाइड देशों, मुख्यतया अमेरिका ने जापान के सम्राट हीरोहीतो को "वॉर क्राइम्स" के लिये अपराधी घोषित करने के लिये एक ट्रिब्युनल गठित किया था। इस तीन सदस्यीय ट्रिब्युनल में भारत के न्यायाधीश राधा विनोदपाल भी सदस्य थे। पर उन्होंने सम्राट को "वॉर क्रिमिनल" घोषित करने से इंकार कर दिया, भारी दबाव के बावजूद। आज भी न्यायाधीश, न्यायाधीश पाल के साहस की सराहना करते हैं और भारत को मित्र के रूप में देखते हैं।**
- **प्र. मंत्री शिंज़ो आबे ने पुरानी "अपराध बोध" जैसी मानसिकता से जापान को मुक्त कराया तथा न्यूक्लियर पावर के परम्परागत भारी विरोध के बावजूद भारत को गले लगाया।**

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समझ में आ सकता हैं।

न्यायमूर्ति राधा बिनोद पाल उस ट्रिब्यूनल के जज थे, जो जापान के सम्राट हिरोहितो को युद्ध अपराधी मानते हुये, उनके खिलाफ सुनवाई कर रहा था। इसके साथ ही यूरोप के न्यूरेम्बर्ग में सम्बन्धित मुकदमों की सुनवाई चल रही थीं। न्यायमूर्ति पाल को एक जज के रूप में अपनी न्यायनिष्ठा को बनाये रखने की चुनौती का सामना करना था क्योंकि जापान के सम्राट के अभियोग की सुनवाई करने वालों में बहुमत पश्चिमी जजों का था।

जस्टिस पाल अपने अन्तकरण की जावाज सुनी तथा अपने विवेक से काम लेते हुये, सम्राट को क्रिमिनल मानने के फैसले पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इसके बजाय उन्होंने कहा कि जापान ने सैन्य कार्यवाही का वही रास्ता अपनाया था, जो विजेता रहे "मित्र देशों" ने अपनाया था। अन्तर केवल इतना रहा कि वे विजयी रहे तथा ये पराजित हो गया।

जस्टिस पाल पर बहुत दबाव डाले गये। दुनिया की सर्वोच्च ताकतों, अमेरिका की ओर से उनके ऊपर, अन्य जजों की तरह काम करने के लिये, जबरदस्त दबाव आये थे। अनेक प्रलोभन दिये गये। लेकिन इस भारतीय जज ने अपने निर्णय से जरा-सा भी हिलने से साफ इनकार कर दिया। जस्टिस पाल को इस न्यायप्रियता एवं दृढ़ता के कारण, वे जापानियों के बहुत प्रिय हो गये थे।

आबे का परिवार देश के इतिहास तथा युद्ध के बाद के काल के उतार-चढ़ावो एवं उपलब्धियों में शामिल था उनके नाना और दादा दोनों ही राजनीति में थे। शिंज़ो के नाना नोबूसूके कीशी 1957 से 1960 तक जापान के प्रधानमंत्री रेहे थे। उनके दादा कान आबे 1937 से 1946 सांसद थे।

आबे एक ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने चीन के उदय को, जापान तथा उसके राजनैतिक अस्तित्व के तौर-तरीकों के लिये एक स्थाई खतरे के रूप में पहचान लिया था। वे एक सच्चे लोकतन्त्रवादी थे। जब वे प्रधानमंत्री थे, उन्होंने एशिया में उन्होंने "आर्क ऑफ डैमोक्रेसी" की अपनी अवधारणा प्रस्तुत की थी।

भारत और जापान एशिया के दो महत्वपूर्ण लोकतान्त्रिक देश हैं था इन्हें लोकतान्त्रिक ताकतों का एक गठबंधन बनाना चाहिये। वर्ष 2006 में, भारत-जापान के संयुक्त गठबंधन की बात करना कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती थी, क्योंकि वाजपेयी की पहली सरकार के दौरान 1998 में हुये परमाणु परीक्षणों को हुये ज्यादा समय नहीं हुआ था।

भारत के परमाणु परीक्षणों, जिनके कारण भारत एक परमाणु शक्ति के रूप में उभरकर आया था, को लेकर जापान ने घोर नाराजगी भरी प्रतिक्रिया दी थी। जापान, जिसे परमाणु बम के कारण हुई तबाही का अनुभव था, परमाणु ताकत से जुड़ी सभी चीजों का घोर विरोधी हो गया था।

जापान, जो आज आत्म रक्षा के लिये परमाणु को गले लगा रहा है, का उस स्थिति को बदल पाना कितनी बड़ी बात है। अब जापान यह स्वीकार करने लगा है कि निकट भविष्य को ध्यान में रखते हुये, परमाणु ताकत को किसी ने किसी रूप में अपनाना देश के लिये जरूरी है। इस बदलाव के पीछे आबे की बहुत बड़ी भूमिका रही थी तथा द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जो भी वर्जनाएं लागू की गई थी, उन्हें आबे ने तोड़ दिया था, हटा दिया था।

वस्तुत: इन दिनों अड़ियल रूख वाले चीन के भय बर्बर व्यवहार के चलते, चीनी आक्रामकता के डर से, ज्यादा क्षमताएं हासिल करने के सुरक्षा सिद्धान्त मजबूत हुये हैं। कारण जो भी रहे हों, यूक्रेन में रूस के बर्बर युद्ध ने इस धारणा को और ज्यादा पुष्ट किया हैं, क्योंकि रूस ने अन्तर्राष्ट्रीय संबंध के सभी स्थापित तौर तरीकों के प्रति घोर असम्मान प्रदर्शित किया हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति में घोर अनिश्चितताओं के सन्दर्भ में, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया तथा अमेरिका से मिलकर बने क्वॉड की एशिया के मामलों में प्रतिवादी प्रासंगिकता है। क्वॉड को आबे के "आर्क ऑफ डेमोक्रेसीज" का सीधा परिणाम माना जा सकता है। जब यह विचार शिंज़ो आबे के दिमाग में पहली बार आया होगा, उस समय सैन्य विस्तार की बात शायद ही अस्तित्व में आई होगी, लेकिन यह विचार, उसके बाद सामने आई सुरक्षा सम्बन्धी समस्याओं के बढ़ने के साथ मजबूत होता गया।

2006 में कई कारणों से, भारत के लिये शिंजों से बेहतर मित्र कोई नहीं था। उन्होंने 2006 में ही दक्षिण एशिया को लेकर अपनी कुछ पहल शुरू की थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908